# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

2020–21

# सामाजिक विज्ञान

**(हिन्दी माध्यम)**

कक्षा : नौवीं


मार्गदर्शनः

**श्रीमती मनीषा सक्सेना**

सचिव (शिक्षा)

**श्री बिनय भूषण**

निदेशक (शिक्षा)

**डॉ. सरोज बाला सेन**

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*समन्वयकः*

**श्रीमती मुक्ता सोनी**
उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा)

**डॉ. राजकुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**श्री कृष्ण कुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

उत्पादन मंडल

**अनिल कुमार शर्मा**

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरों में **प्रभजोत सिंह,** सचिव दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्रा, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मुद्रक : नोवा पब्लिकेशनस एंड प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद – नई दिल्ली works@npppl.in

**MANISHA SAXENA**
**IAS**

सचिव ( शिक्षा )
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष: 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

सत्यमेव जयते

Secretary (Education)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187, Telefax : 23890119
E-mail : secyedu@nic.in

DO No.DE. 5/228/Exam/Message/S.M./2018
Dated

## MESSAGE

The importance of adequate practice during examinations can never be overemphasized. I am happy that support material for classes IX to XII has been developed by the Examination Branch of Directorate of Education. This material is the result of immense hard work, co-ordination and cooperation of teachers and group leaders of various schools. The purpose of the support material is to impart ample practice to the students for preparation of examinations. It will enable the students to think analytically & rationally, and test their own capabilities and level of preparation.

The material is based on latest syllabus prepared by the NCERT and adopted by the CBSE for the academic session 2020-21 and covers different levels of difficulty. I expect that Heads of Schools and Teachers will enable and motivate students to utilize this material during zero periods, extra classes and regular classes best to their advantage.

I would like to compliment the team of Examination Branch for their diligent efforts of which made it possible to accomplish this work in time. I also take this opportunity to convey my best wishes to all the students for success in their endeavours.

24.6.2020

**(Manisha Saxena)**

**BINAY BHUSHAN, IAS**

सत्यमेव जयते

**Director**
Education & Sports
Govt. of NCT of Delhi
Old Secretariat, Delhi- 110054
Tel.: 23890172, Fax : 23890355
E-mail : diredu@nic.in
Website : www.edudel.nic.in

**D.O. No.**

**Date :**

Dear Students,

Directorate of Education is committed to providing qualitative and best education to all its students. The Directorate is continuously engaged in the endeavor to make available the best study material for uplifting the standard of its students and schools.

Every year, the expert faculty of Directorate reviews and updates Support Material. The expert faculty of different subjects incorporates the changes in the material as per the latest amendments made by CBSE to make its students familiar with new approaches and methods so that students do well in the examination.

The book in your hand is the outcome of continuous and consistent efforts of senior teachers of the Directorate. They have prepared and developed this material especially for you. A huge amount of money and time has been spent on it in order to make you updated for annual examination.

Last, but not the least, this is the perfect time for you to build the foundation of your future. I have full faith in you and the capabilities of your teachers. Please make the fullest and best use of this Support Material.

**BINAY BHUSHAN**
**DIRECTOR (EDUCATION)**

**Dr. (Mrs.) Saroj Bala Sain**
Addl. Director of Education
(School / Exam / EVGB/IEB/ VOC.)

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Tel.: 23890023, 23890093

D.O. No. PA/Addl.DE(Sch)/86
Date : 03-10-2019

I am very much pleased to forward the Support Material for classes IX to XII. Every year, the Support Material of most of the subjects is updated/revised as per the most recent changes made by CBSE.. The team of subject experts, officers of Exam Branch, members of Core Academic Unit and teachers from various schools of Directorate has made it possible to make available unsurpassed material to students.

Consistence use of Support Material by the students and teachers will make the year long journey seamless and enjoyable. The main purpose to provide the Support Material for the students of government schools of Directorate is not only to help them to avoid purchasing of expensive material available in the market but also to keep them updated and well prepared for exam. The Support Material has always been a ready to use material, which is matchless and most appropriate.

I would like to congratulate all the Team Members for their tireless, unremitting and valuable contributions and wish all the best to teachers and students.

S. Sain

**(Dr. Saroj Bala Sain)**
**Addl.DE (School/Exam)**

# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

**सहायक सामग्री**

**2020–2021**

# सामाजिक विज्ञान

कक्षा : नौवीं

(हिन्दी माध्यम)

निःशुल्क वितरण हेतु

---

दिल्ली पाठ्य–पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

Text of Article 51-A

## PART IVA

### FUNDAMENTAL DUTIES

51A. Fundamental duties.-It shall be the duty of every citizen of India—

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life, and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(I) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

(k) who is a parent of guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

**मौलिक कर्तव्य की संख्या 11 है, जो इस प्रकार हैं :**

1. प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।
4. देश की रक्षा करें।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें और उसका निर्माण करें।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करें।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करें।
11. माता–पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन)।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC and to secure to all its citizens:

JUSTICE, social, economic and political;

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;

EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all

FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the unity and integrity of the Nation;

WE DO HEREBY GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

## भारत का संविधान

## उद्देशिका।

हम, भारत के लोग, भारत को एक [सम्पूर्ण प्रभुत्व - सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की स्वतंत्रता

प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त करने के लिए,

तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और [राष्ट्र की एकता और अखंडता] सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए

हम दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को आत्मार्पित करते है।

## सहायक सामग्री – सामाजिक विज्ञान

## कक्षा नौवीं

## सत्र – 2020–2021

### टीम लीडर

| नाम | विद्यालय का नाम |
|---|---|
| श्री गय्यूर अहमद (वाइस प्रिन्सिपल) | एस. बी. वी. न. –1 (यू. एम.) जामा मस्जिद |

### टीम सदस्य–

| नाम | विद्यालय का नाम |
|---|---|
| श्रीमति हुमा बेगम (टी.जी.टी.) | एस. के. वी. तिमारपुर |
| श्री आदित्य दयानन्द कृष्ण (टी.जी.टी.) | कोर अकैडमिक यूनिट, शिक्षा विभाग, पुराना सचिवालय जी. बी. एस. एस. ई–ब्लॉक, कमला नगर |
| श्री हेमेन्द्र मोहन खाँ (टी.जी.टी.) | कोर अकैडमिक यूनिट, शिक्षा विभाग, पुराना सचिवालय आर. एस. बी. वी. (वीर ऊधम सिंह) मंडावली |
| श्री खलीक अहमद (टी.जी.टी.) | एस. बी. वी. न. 1 (यू. एम.) जामा मस्जिद |
| श्री मोहम्मद नईम अब्बास (टी.जी.टी.) | जी. बी. एस. एस. एस., बेला रोड |

# विषय वस्तु

| पुस्तक | पाठ का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| भारत और समकालीन विश्व–1 | 1. फ्रांसीसी क्रांति<br>2. यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति<br>3. नात्सीवाद और हिटलर का उदय<br>4. वन्य समाज एवं उपनिवेशवाद<br>5. आधुनिक विश्व में चरवाहे<br>(4, 5: दोनों में से कोई एक) | |
| समकालीन भारत – 1 | 1. भारत आकार और स्थिति<br>2. भारत का भौतिक स्वरूप<br>3. अपवाह<br>4. जलवायु<br>5. प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य जीवन<br>6. जनसंख्या | |
| लोकतान्त्रिक राजनीति – 1 | 1. लोकतन्त्र क्या ? लोकतन्त्र क्यों ?<br>2. संविधान निर्माण<br>3. चुनावी राजनीति<br>4. संस्थाओं का कामकाज<br>5. लोकतांत्रिक अधिकार | |
| अर्थशास्त्र | 1. पालमपुर गाँव की कहानी<br>2. संसाधन के रूप में लोग<br>3. निर्धनता : एक चुनौती<br>4. भारत में खाद्य सुरक्षा<br>अभ्यास प्रश्न पत्र – 1 (हल सहित)<br>अभ्यास प्रश्न पत्र – 2<br>अभ्यास प्रश्न पत्र – 3<br>अभ्यास प्रश्न पत्र – 4 | |

**SOCIAL SCIENCE**

(Code No. 087)

Class - IX (2020-21)

## Rational

Social Science is compulsory subject upto secondary stage of school education. It is an integral component of general education because it helps the learners in understanding the environment in its totality and developing a broader perspective and an empirical, reasonable and humane outlook. This is of crucial importance because it helps them grow into well-informed and responsible citizens with necessary attributes and skills for being able to participate and contribute effectively in the process of development and nation- building.

The Social Science curriculum draws its content mainly from Geography, History, Political Science and Economics. Some elements of Sociology and Commerce are also included. Together they provide a comprehensive view of society-over space and time, and in relation to each other. Each subject's distinct methods of enquiry help the learners to understand society from different angles and form a holistic view.

## Objectives

The main objectives of this syllabus are:

* develop an understanding of the processes of change and development both in terms of time and space, through which human societies have evolved.
* make learners realise that the process of change is continuous and any event or phenomenon or issue cannot be viewed in isolation but in a wider context of time and space.
* develop an understanding of contemporary India with its historical perspective, of the basic framework of the goals and policies of national development in independent India, and of the process of change with appropriate connections to world developement.
* deepen knowledge about and understanding of India's freedom struggle and of the values and ideals that it represented, and to develop an appreciation of the contributions made by people of all sections and regions of the country.
* help learners understands and cherish the values enshrined in the

Indian constitution and to prepare them for their roles and responsibilities as effective citizens of a democratic society.

* deepen the knowledge and understanding of India's environment in its totality, their interactive process and effects on the future quality of people's lives.
* facilitate the learners to understand and appreciate the diversity in the land and people of the country with its underlying unity.
* develop an appreciation of the richness and variety of India's heritage- both natural and cultural and the need for its preservation.

• promote an understanding of the issues and challenges of contemporary India-environmental, economic and social, as part of the development process.

• help pupils acquire knowledge, skills and understanding to face the challenges of contemporary society as individuals and groups and learn the art of living a confident and stress-free life as well as participating effectively in the community.

• develop scientific temper by promoting the spirit of enquiry and following a rational and objective approach in analysing and evaluating data and information as well as views and interpretations.

• develop academic and social skills such as critical thinking, communicating effectively both in visual and verbal forms-cooperating with others, taking initiatives and providing leadership in solving others' problems.

• develop qualities clustered around the personal, social, moral, national and spiritual values that make a person humane and socially effective.

## COURSE STRUCTURE CLASS IX (2020-21)

**Theory Paper**

**Time : 3 Hrs.** **Marks : 80**

| No. | Units | Marks |
|---|---|---|
| I | India and the contemporary world-1 | 20 |
| II | Contemporary India - I | 20 |
| III | Democratic Polities - I | 20 |
| IV | Economics | 20 |
| | **TOTAL** | **80** |

| COURSE CONTENT | |
|---|---|
| **Unit 1 : India and the Contemporary World - I** | **60 Periods** |
| **Themes** | **Learning Objectives** |
| Section 1 : Events and Processes :<br>(All the three themes are compulsory) | In each of the themes in this unit students would get familiarized with distinct ideologies, extracts of speeches, political declarations, as well as the politics of caricatures, posters and engravings. Students would learn how to interpret these kinds if historical evidences. |
| **I. The French Revolution :**<br>• French Society During the Late Eighteenth Century.<br>• The Outbreak of the Revolution.<br>• France Abolishes Monarchy and Becomes a Republic.<br>• Did Women have a Revolution ?<br>• The Abolition of Slavery<br>• The Revolution and Everyday Life. | • Familiarize with the names of people involved, the different types of ideas that inspired the revolution, the wider forces that shaped it.<br>• Know the use of written, oral and visual material to recover the history of revolutions. |
| **II. Socialism in Europe and the Russian Revolution :**<br>• The age of social change<br>• The Russian Revolution.<br>• The February Revolution in Petrograd<br>• What changed after October ?<br>• The Global Influence of the Russian Revolution and the USSR. | • Explore the history of socialism through the study of Russian Revolution.<br>• Familiarize with the different types of ideas that inspired the revolution. |
| **III. Nazism and the Rise of Hitler :**<br>• Birth of the Weimar Republic.<br>• Hitler's Rise to Power<br>• The Nazi Worldview<br>• Youth in Nazi Germany<br>• Ordinary People and the Crimes Against Humanity. | • Discuss the critical significance of Nazism in shaping the politics of modern world.<br>• Get familiarized with the speeches and writings of Nazi Leaders. |
| **Section 2 :** Livelihoods, Economies and Societies.<br>**Any one theme of the following :**<br>**IV. Forest Society and Colonialism :** | • Discuss the social and cultural world of forest communities through the study of specific revolts. |

| Themes | Learning Objectives |
|---|---|
| • Why Deforestation ?<br>• The Rise of Commercial Forestry<br>• Rebellion in the Forestry.<br>• Forest Transformation in Java. | • Understand how oral traditions can be used to explore tribal revolts. |
| **V. Pastoralists in the Modern World :**<br>• Pastrol Nomads and their Movements<br>• Colonial Rule and Pastoral Life<br>• Pastoralism in Africa | • Highlight varying patterns of developments within pastoral societies in different places.<br>• Analyse the impact of colonialism on forest societies, and the implication of scientific forestry.<br>• Show the different processes through which agrarian transformation may occur in the modern world.<br>• Analyse the impact of modern states, marking of boundaries, processes of sedentarization, contraction of pastures, and expansion of markets on pastroalism in the modern world. |

**Unit 2 : Contemporary India – I** **55 Periods**

| Themes | Learning Objectives |
|---|---|
| **1. India**<br>• Size and Location<br>• India and the World<br>• India's Neighbours | • Identify the location of India in the Indian Subcontinent. |
| **2. Physical Features of India :**<br>• Major Physiographic Divisions | • Understand the major landform featureas and the underlying geological structure; their association with various rocks and minerals as well as nature of soil types. |
| **3. Drainage :**<br>• Major rivers and tributaries<br>• Lakes<br>• Role of rivers in the economy<br>• Pollution of rivers | • Identify the river systems of the country and explain the role of rivers in the human society. |

<table>
<tr><th>Themes</th><th>Learning Objectives</th></tr>
<tr><td>4. Climate :<br>• Concept<br>• Climatic Controls<br>• Factors influencing India's climate<br>• The Indian Monsoon<br>• Distribution of Rainfall<br>• Monsoon as a unifying bond.</td><td>• Identify various factors influencing the climate and explain the climatic variation of our country and its impact on the life of the people.<br>• Explain the importance and unifying role of monsoons.</td></tr>
<tr><td>5. Natural Vegetation and Wild Life :<br>• Factors affecting Vegetation<br>• Vegetation Types<br>• Wild Life<br>• Conservation.</td><td>• Explain the nature of diverse flora and fauna as well as their distribution.<br>• Develop concern about the need to protect the biodiversity of our country.</td></tr>
<tr><td>6. Population<br>• Size<br>• Distribution<br>• Population Growth and Process of Population Change</td><td>• Analyse the uneven nature of population distribution and show concern about the large size of our population.<br>• Identify the different occupations of people and explain various factors of population change.<br>• Explain various dimensions of National Population Policy and understand the needs of adolescents as undeserved group.</td></tr>
<tr><td colspan="2">Unit 3 : Democratic Politics- I</td></tr>
<tr><th>Themes</th><th>Learning Objectives</th></tr>
<tr><td>1. What is Democracy ? Why Democracy ?:<br>• What is Democracy ?<br>• Features of Democracy ?<br>• Why Democracy ?<br>• Broader Meaning of Democracy</td><td>• Develop conceptual skills of defining democracy.<br>• Understand how different historical processes and forces have promoted democracy.<br>• Develop a sophisticated defence of democracy against common prejudices<br>• Develop a historical sense of the choice and nature of democracy in India.</td></tr>
<tr><td>2. Constitutional Design :<br>• Democratic Constitution in South Africa</td><td>• Understand the process of constitution making.<br>• Develop respect for the Constitution and appreciation for Constitutional values.</td></tr>
</table>

| Themes | Learning Objectives |
|---|---|
| • Why do we need a Constitution.<br>• Making of the Indian Constitution.<br>• Guiding values of the Indian Constitution. | • Recognize Constitution as a dynamic and living document. |
| **3. Electoral Politics :**<br>• Why Elections ?<br>• What is our System of Elections ?<br>• What makes elections in India democratic | • Understand representative democracy via competitive party politics.<br>• Familiarize with Indian electoral system.<br>• Reason out for the adoption of present Indian Electoral System.<br>• Develop an appreciation of citizen's increased participation in electoral politics.<br>• Recognize the significance of the Election Commission. |
| **4. Working of Institutions :**<br>• How is the major policy decision taken ?<br>• Parliament<br>• Political Executive<br>• Judiciary | • Get an overview of central governmental structures.<br>• Identify the role of Parliament and its procedures.<br>• Distinguish between political and permanent executive authorities and functions.<br>• Understand the parliamentary system of executive's accountability to the legislature. |
| **5. Democratic Rights :**<br>• Life without rights<br>• Rights in a Democracy<br>• Rights in the Indian Constitution<br>• Expanding the scope of rights | • Understand the working of Indian Judiciary.<br>• Recognize the need for rights in one's life.<br>• Understand the availability / access of rights in a democratic system / government.<br>• Identify and be able to comprehend the Fundamental Rights given by the Indian Constitution to its citizens.<br>• Create awareness regarding the process of safe guarding rights. |

| Unit 4 : Economics | 50 Periods |
|---|---|
| **Themes** | **Learning Objectives** |
| **1. The Story of Village Palampur :**<br>• Overview<br>• Organization of production<br>• Farming in Palampur<br>• Non-farm activities of Palampur | • Familiarize with basic economic concepts through an imaginary story of a village. |
| **2. People as Resource :**<br>• Overview<br>• Economic activities by men and women<br>• Quality of Population<br>• Unemployment | • Understand the demographic concepts<br>• Understand how population can be as asset or a liability for the nation. |
| **3. Poverty as a Challenge :**<br>• Two typical cases of poverty.<br>• Poverty as seen by Social Scientists<br>• Poverty Estimates<br>• Vulnerables Groups<br>• Interstable disparities<br>• Global Poverty Scenario<br>• Causes of Poverty<br>• Anti-poverty measures<br>• The Challenges Ahead | • Understand poverty as a challenge.<br>• Identify vulnerable group and interstate disparities.<br>• Appreciate the initiatives of the government to alleviate poverty. |
| **4. Food Security in India :**<br>• Overview<br>• What is Food Security ?<br>• Why Food Security ?<br>• Who are food insecure ?<br>• Food Security in India ?<br>• What is Buffer Stock ?<br>• What is the Public Distribution System ?<br>• Current Status of Public Distribution System | • Understand the concept of food security.<br>• Appreciate and analyse the role of government in ensuring food supply. |

## PROJECT WORK
## Class -IX (2020-21)

**05 Periods** **05 Marks**

1. Every student has to compulsorily undertake ***one project on Disaster Management.***
2. **Objectives :** The main objectives of giving project work on Disaster Management to the students are to :
   a) Create awareness in them about different disasters, their consequences and management .
   b) prepare them in advance to face such situations.
   c) ensure their participation in disaster mitigation plans
   d) enable them to create awareness and preparedness among the community.
3. The project work should also help in enhancing the Life Skills of the students.
4. If possible, various forms of art may be integrated in the project work.
5. In order to realize the expected objectives completely, it would be required of the Principals/ teachers to muster support from various local authorities and organizations like the Disaster Management Authorities, Reliefm Rehabilitation and the Disaster Management Departments of the States, Office of the District Magistrate / Deputy Commissioners, Fire Service, Police, Civil Defense etc. In the area where the schools are located.
6. The distribution of marks over different aspects relating to Project Work is as follows :

| S.No. | Aspects | Marks |
|---|---|---|
| a | Content accuracy, originality and analysis | **2** |
| b | Presentation and creativity | **2** |
| c | viva voice. | **1** |

7. The project carried out by the students should subsequently be shared among themselves through interactive sessions such as exhibitions, panel discussions, etc.
8. All documents pertaining to assessment under this activity should be meticulously maintained by the schools.
9. A summary Report should be prepared highlighting :
   a) objectives realized through individual work and group interactions;
   b) calendar of activities;
   c) innovative ideas generated in the process ;
   d) list of questions asked in viva voice.
10. It is to be noted here by all the teachers and students that the projects and models prepared should be made from eco-friendly products without incurring too much expenditure.
11. The Project Report should be handwritten by the students themselves.
12. The record of the project work (internal assessment) should be kept for a period of three months for verification, if any.

**PRESCRIBED BOOKS :**

1. India and the Contemporary World - I (History) - Published by NCERT
2. Contemporary India - I (Geography) - Published by NCERT
3. Democratic Politics - I Published by NCERT
4. Economics - Published by NCERT
5. Together, Towards a safer India - Part II, a textbook or Disaster Management for Class-IX Published by CBSE

**Note : Please procure latest reprinted edition (2019) of prescribed NCERT textbooks.**

## SOCIAL SCIENCE (CODE NO. 087)

## QUESTION PAPER DESIGN
## CLASS-IX (2019-20)

**Time : 3 hours** **Max. Marks : 80**

| Sr. No. | Typology of Questions | Objective Type (1 mark) | SA (3 Marks) | LA (5 Marks) | Map Skill | Total Marks | Weight age % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Remembering :** Exhibit memory of previously learned material by recalling facts, terms, basic concepts, and answers. | 9 | 3 | 1 | - | 23 | 29% |
| 2. | **Understanding :** Demonstrate understanding of facts and ideas by organizing, comparing, translating, interpreting, giving descriptions, and stating main ideas | 4 | 2 | 2 | - | 20 | 25% |
| 3. | **Applying :** Solve problems to new situations by applying acquired knowledge, facts, techniques and rules in a different way. | 3 | 1 | 2 | - | 16 | 20% |
| 4. | **Analysing and Evaluating :** Examine and break information into parts by identifying motives or causes. Make inferences and find evidence to support generalizations.<br>Present and defend opinions by making judgements about information, validity of ideas, or quality of work based on a set of criteria. | 2 | 1 | 1 | - | 10 | 12% |
| 5. | **Creating :** Compile information together in a different way by combining elements in a new pattern or proposing alternative solutions. | 2 | 1 | - | - | 5 | 6.5% |
| 6. | **Map Skill** | | | | 3+3 | 6 | 7.6% |
| | Total | 1x20=20 | 3x8=24 | 5x6=30 | 6 | 80 | 100% |

## INTERNAL ASSESSMENT

| | Marks | Description |
|---|---|---|
| Periodic Assessment | 10 Marks | Pen Paper Test — **5 marks**<br>Assessment using multiple strategies For example, Quiz, Debate, Role Play, Viva, Group Discussion Visual Expression, Interactive Bulletin Boards, Gallery Walks, Exit Cards, Concept Maps, Peer Assessment, Self-Assessment etc. — **5 marks** |
| Portolio | 5 marks | • Classwork<br>• Work done (Activities / Assignments)<br>• Reflections, Narrations, Journals etc.<br>• Achievements of the students in the subject throughout the year.<br>• Participation of the student in different activities like Heritage India Quiz<br>• Project Work. |
| Subject Enrichment Activity | 5 marks | • Project Work. |

## LIST OF MAP ITEMS
## CLASS-IX (2019-20)

**SUBJECT - HISTORY**

**Chapter - 1 : The French Revolution**

Outline Political Map of France (For locating and labeling / Identification)

- Bordeaux
- Nantes
- Paris
- Narseilles

**Chapter - 2 : Socialism in Europe and the Russians Revolution**

Outline Political Map of World (For locating and labeling / Identification)

- Major countries of First World War
  (Central Powers and Allied Powers)
  Central Powers - Germany, Austria - Hungary, Turkey (Ottoman Empire)

**Allied Power** - France, England, Russia, U.S.A.

**Chapter - 3 : Nazism and Rise of Hitler**

Outline Political Map of World (For locating and labeling / Identification)

- Major countries of Second World War
  Axis Power - Germany, Italy, Japan
  Allied Powers - UK, France, Former, USSR, USA
- Territories under German expansion (Nazi Power)
  Austria, Poland, Czechoslovakia (only Slovakia shown in the map), Denmark, Lithuania, France, Belgium

**SUBJECT - GEOGRAPHY (Outline Political Map of India)**

**Chapter - 1 : India - Size and Location**

- India - States with Capitals, Tropic of Cancer, Standard Meridian (Location and Labelling)

**Chapter - 2 : Physical Features of India**

- Mountain Ranges : The Karakoram, The Zasker, The Aravali, The Vindhya, The Satpura, Western & Eastern Ghats
- Mountain Peaks – K2, Kanchan Junga, Anai Mudi
- Plateau – Deccan Plateau, Chotta Nagpur Plateau, Malwa Plateau
- Coastal Plains : Konkan, Malabar, Coromandal & Northern Circar ( Location and Labelling)

**Chapter - 3 : Drainage**

- Rivers : (Identification only)
  - The Himalayan River Systems - The Indus, The Ganges, and The Satluj
  - The Peninsular Rivers – The Narmada, The Tapi, The Kaveri, The Krishna, The Godavari, The Mahanadi.
- Lakes : Wular, Pulicat, Sambhar, Chilika

**Chapter - 4 : Climate**

- Areas receiving rainfall less than 20 cm and over 400 cm (Identification only)

**Chapter -5 : Natural Vegetation and Wild Life**

- Vegetation Type : Tropical Evergreen Forest, Tropical Deciduous Forest, Thorn Forest, Montane Forests and Mangrove - For identification only
- National Parks : Corbett, Kaziranga, Ranthambor, Shivpuri, Kanha, Simlipal & Manas
- Bird Sanctuaries : Bharatpur and Ranganthitto
- Wild Life Sanctuaries : Sariska, Mudumalai, Rajaji, Dechigam (Location and Labelling)

**Chapter - 6 Population (location and labelling)**

- The state having highest and lowest density of population
- The state having highest and lowest sex ratio
- Largest and smallest state according to area.

# अध्याय – 1
# फ्रांसीसी क्रांति

याद रखने योग बातें :–

- अठारहवीं शताब्दी के दौरान फ्रांसीसी समाज तीन वर्गों में विभाजित था :–
  1. प्रथम एस्टेट, जिसमें चर्च के पादरी आते थे,
  2. द्वितीय एस्टेट, जिसमें फ्रांसीसी समाज का कुलीन वर्ग आता था, तथा
  3. तृतीय एस्टेट, जिसमें बड़े व्यवसायी, व्यापारी, अदालती कर्मचारी, वकील, किसान, कारीगर, भूमिहीन मजदूर आदि आते थे।
- लगभग 60% जमीन पर कुलीनों, चर्च और तीसरे एस्टेट के अमीरों का अधिकार था।
- तृतीय एस्टेट से चर्च द्वारा वसूला जाने वाला कर था – टाइद (TITHE)
- तृतीय एस्टेट से सरकार द्वारा वसूला जाने वाला टैक्स था – टाइल (TAILLE)
- प्रथम दो एस्टेट्स – पादरी वर्ग और कुलीन वर्ग के लोगों को जन्म से कुछ विशेषाधिकार प्राप्त थे जैसे – राज्य को दिये जाने वाले कर (टैक्स) से छूट।
- राज्य के सभी टैक्स केवल तृतीय एस्टेट द्वारा वहन किए जाते थे।
- 1774 में लुई XVI फ्रांस की राजगद्दी पर आसीन हुआ।
  1. वह फ्रांस के बूर्बों राजवंश का राजा था।
  2. उसका विवाह आस्ट्रिया की राजकुमारी मेरी एन्तोएनेत से हुआ था।
  3. राज्यारोहण के समय उसका राजकोष खाली था जिसके निम्नलिखित कारण थे :–
     - लंबे युद्धों के कारण वित्तीय संसाधनों का नष्ट होना,
     - पूर्ववर्ती राजाओं की शानो शौकत पर फिजूलखर्ची,
     - अमरीकी स्वतंत्रता संघर्ष में ब्रिटेन के खिलाफ अमेरिका की सहायता करना,
     - जनसंख्या का बढ़ना और जीविका संकट।
- मध्यम वर्ग, जिसमें वकील, शिक्षक, लेखक, विचारक आदि आते थे, ने जन्म आधारित विशेषाधिकार पर प्रश्न उठाने शुरू कर दिये।
- बढ़ते कर्ज के दवाब में लुई XVI ने 5 मई 1789 को एस्टेट जनरल की बैठक बुलाई ताकि नए करों को पास किया जा सके।
- एस्टेट जनरल में मतदान 'एस्टेट' के आधार पर होता था न कि प्रति व्यक्ति के आधार पर।
- लेकिन इस बार तीसरे एस्टेट के लोग संख्या आधारित मतदान की माँग करने लगे।
- लुई XVI ने उनकी माँग खारिज कर दी जिसके विरोध में तीसरे एस्टेट के लोगों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

- 20 जून 1789 को वे लोग वर्साय के एक टेनिस कोर्ट में एकत्रित हुए और अपने आप को नेशनल असेंबली घोषित कर दिया।
- इधर पूरे फ्रांस में महंगाई और अफवाहों का बाज़ार गर्म था और जगह–जगह हिंसक प्रदर्शन होने लगे।
- 14 जुलाई 1789 को क्रुद्ध भीड ने बास्तील के किले को तोड़ दिया और राजनितिक कैदियों को रिहा करवा लिया।
- बास्तील का किला सम्राट की निरंकुश शक्तियों का प्रतीक था।
- अपनी विद्रोही प्रजा की शक्तियों का अनुमान करके लुई XVI ने नेशनल असेंबली को मान्यता दे दी।
- 4 अगस्त 1789 की रात को असेंबली ने करों, कर्तव्यों और बंधनों वाली सामंती व्यवस्था के उन्मूलन का आदेश पारित कर दिया।
- 1791 में फ्रांस में संवैधानिक राजतंत्र की नीव पड़ी।
- नए संविधान के अनुसार
  1. मतदान का अधिकार केवल सक्रिय नागरिकों को मिला जो :–
     - पुरूष थे
     - जिनकी उम्र 25 वर्ष से अधिक थी,
     - जो कम से कम तीन दिन की मजदूरी के बराबर कर चुकाते थे,
  2. महिलाओं एवं अन्य पुरूषों को निष्क्रिय नागरिक कहा जाता था।
  3. राजा की शक्तियों को विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में विभाजित एवं हस्तांतरिक कर दिया गया।
- 10 अगस्त 1792 को जैकोबिन क्लब के सदस्यों ने रोबिस्प्येर के नेतृत्व में नयी शासन व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह कर दिया।
- 21 सितंबर 1792 को फ्रांस को गणतन्त्र घोषित कर दिया गया और नवनिर्वाचित असेंबली को 'कन्वेन्शन' नाम दिया गया।
- 21 जनवरी 1793 को लुई XVI को फ्रांस के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में फाँसी दे दी गयी।
- 1793 में 1794 के दौरान रोबिस्प्येर ने क्रूरतापूर्वक राज्य किया इसलिए इस काल को 'आतंक का काल' भी कहते हैं।
- जून 1794 मे रोबिस्प्येर को गिलोटिन पर चढ़ा दिया गया।
- रोबिस्प्येर के पतन के बाद फ्रांस का शासन माध्यम वर्ग के सम्पन्न लोगों के पास आ गया।
- उन्होंने पाँच सदस्यों वाली एक कार्यपालिका – डिरेक्टरी को नियुक्त किया जो फ्रांस का शासन देखती थी लेकिन अक्सर विधान परिषद से उनके हितों का टकराव होता रहता था।
- इस राजनैतिक अस्थिरता का फायदा नेपोलियन बोनापार्ट ने उठाया और उसने 1799 में डिरेक्टरी को खत्म कर दिया और 1804 में फ्रांस का सम्राट बन गया।

- 1815 में वाटरलू में उसकी पराजय हुई और उसे बंदी बना लिया गया।
- फ्रांसीसी क्रांति के मूल तत्व–स्वतन्त्रता, समानता और बंधुत्व ने पूरे विश्व पर प्रभाव डाला।
- 1848 में फ्रांस के सभी उपनिवेशों से दास प्रथा का उन्मूलन कर दिया गया।
- महिलाओं को मतदान का अधिकार 1946 में जाकर मिला।

**<u>एक नजर में :–</u>**




**फ्रांसीसी क्रांति तारीखों की नजर से :–**

| | |
|---|---|
| 1774 | लुई XVI फ्रांस की राजगद्दी पर आसीन हुआ। |
| 5 मई 1789 | .................................................................... |
| 20 जून 1789 | तीसरे एस्टेट के लोग इंडोर टेनिस कोर्ट में एकत्रित हुए। |
| 14 जुलाई 1789 | .................................................................... |
| 4 अगस्त 1789 | .................................................................... |
| 10 अगस्त 1789 | जैकोबिन क्लब के सदस्यों ने विद्रोह कर दिया। |
| 1791 | .................................................................... |
| 10 अगस्त 1792 | .................................................................... |
| 21 सितम्बर 1792 | .................................................................... |
| 21 जनवरी 1793 | लुई XVI को फाँसी दे दी गयी। |
| जुलाई 1794 | .................................................................... |
| 26 अक्टूबर 1795 | .................................................................... |
| 1804 | .................................................................... |
| 1815 | .................................................................... |
| 1848 | .................................................................... |
| 1946 | महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। |

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. फ्रांस की क्रांति के समय फ्रांस का सम्राट कौन था ?
   a) लुई XVI b) लुई XIV c) आबे शिए d) रूसो
2. 'द सोशल कॉन्ट्रैक्ट' नामक पुस्तक किसने लिखी ?
   a) नेपोलियन b) रूसों c) आबे शिए d) रोवेस्पियर
3. लुई XVI किस राजवंश का था ?
   a) बूर्बो b) लोंबिनी c) लोबार्डी d) सेक्सोनी
4. फ्रांस में 1794 तक चलने वाली मुद्रा का नाम था :–
   a) टाइद b) लिव्रे c) टाइल d) डिटेकट्री
5. नेपोलियन फ्रांस का सम्राट कब बना ?
   a) 1804 b) 1799 c) 1815 d) 1789
6. वाटरलू का युद्ध नेपोलियन में सन् .............................. में लड़ा।
7. फ्रांस का राष्ट्रगान .............................. है।
8. फ्रांस का राष्ट्रगान ................................. ने लिखा।
9. फ्रांसीसी उपनिवेश से दास–प्रथा का उन्मूलन सन् ................................. में हुआ।
10. जैकोबिन क्लब का प्रमुख नेता ................................. था।
11. किस एस्टेट को 18 वी. सदी के फ्रांस में सभी कर चुकाने पड़ते थे ?
12. 'एस्टेटस जनरल' क्या था ?
13. फ्रांस गणतंत्र कब बना ?
14. 14 जुलाई 1789 को किस किले को तोड़कर राजनीतिक कैदियों को भीड़ ने रिहा करवा लिया था ?
15. 'डिटेक्ट्री शासन व्यवस्था' का अंत किसने किया ?
16. उपज का दसवाँ भाग जो चर्च के द्वारा कर के रूप में लिया जाता था उस कर का नाम लिखें।

**3 या 5 अंक वाले प्रश्न**

1. लुई XVI के राज्यरोहण के समय फ्रांस की आर्थिक स्थिति कैसी थी ?
2. तीसरे एस्टेट की व्याख्या करें।
3. 4 अगस्त 1789 को नेशनल असेंबली ने क्या आदेश पारित किए ?
4. फ्रांसीसी समाज की महिलाओं का जीवन कैसा था ?
5. महिलाओं ने अपने हितों की हिमायत कैसे की ?
6. जैकोबिन क्लब के सदस्य कौन थे ?
7. दुनियाँ के लिए फ्रांसीसी क्रांति कौन सी विरासत छोड़ गई ?

8. नेपोलियन के उदय को कैसे समझा जा सकता है ?
9. फ्रांसीसी क्रांति में दार्शनिकों के योगदान का वर्णन करें।
10. 1791 में फ्रांस में बनाए गए कानून की तीन विशेषताएँ बताएँ।
11. जैकोबिन क्लब के सदस्यों को 'सौकुलात' क्यों कहा जाता था ?
12. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि सार्वभौमिक अधिकारों के संदेश में नाना अंतविरोध थे?
13. रोबेस्पियर के शासन काल को आतंक का राज क्यों कहा जाता था ?

**उत्तर माला**

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. a) लुई XVI
2. b) रूसों
3. a) बूर्बो
4. b) लिव्रे
5. a) 1804
6. 1815
7. मार्सिले
8. कवि रॉजेट दि लाइल ने
9. 1848
10. मैक्समिलियन रोबेस्पियर
11. तृतीय एस्टेट
12. फ्रांसीसी सम्राट को सुझाव देने वाली प्रतिनिधि सभा
13. 21 सितम्बर 1792
14. बास्तील का किला
15. नेपोलियन
16. टाइद

**लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3 / 5 अंक)**

1. क) राजकोष का खाली होना
   ख) युद्धों के कारण वित्तीय संसाधनों का नष्ट होना।
   ग) शानों शौकत के लिए फिजूलखर्ची।
   घ) दस अरब लिव्रे से अधिक का कर्ज।
   ड) सरकार से कर्ज़दाताओं की ब्याज की माँग।
2. क) साधारण वर्ग था।
   ख) राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं था

ग) फ्रांस की क्रांति में विशेषाधिकार वर्ग का विरोध।

3. क) सामंती व्यवस्था का उन्मूलन।

ख) पादरी वर्ग के अधिकारों को छोड़ देने के लिए विवश किया

ग) धार्मिक कर समाप्त।

4. क) जीविका निर्वाह के लिए काम।

ख) बाजारों में समान बेचना।

ग) सम्पन्न घरों में नौकरी।

घ) अपने परिवार का पालन–पोषण।

ड) मज़दूरी पुरूषों से कम।

5. क) राजनीतिक क्लबों और अखबारों की शुरूआत।

ख) पुरूषों जैसे समान अधिकार प्राप्त हों।

ग) असेंबली के लिए चुने जाने और राजनीतिक पदों की मांग।

6. क) समाज का कम समृद्ध हिस्सा।

ख) दुकानदार और कारीगर।

ग) घड़ीसाज़, दिहाड़ी मज़दूर आदि।

7. क) स्वतंत्रता का विचार

ख) समानता का सिद्धांत

ग) बंधुत्व की भावना

घ) प्रजातांत्रिक विचार

ड) सामंतवाद का अंत

8. क) 1799 में डिरेक्ट्री के शासन का अंत करके वह फ्रांस का प्रथम काउंसिल बन गया।

ख) 1793 – 96 के मध्य पश्चिमी यूरोप पर विजय।

ग) सत्ता पर कब्जे के बाद खोए हुए भूखंड पुनः वापस ले लिए।

घ) आस्ट्रिया, प्रशा और रूस को परास्त किया।

ड) समुद्र के ऊपर ब्रिटिश नौसेना पर फ्रांसीसी अपना प्रभुत्व कायम नहीं कर सके।

9.
- उन्होंने क्रांति को विचार प्रदान किया।
- फ्रांस के लोगों को अधिकारों के लिए लड़ने हेतु प्रेरित किया।
- सम्राट के अधिकारों को चुनौती दिया।
- जॉन लॉक ने राजा के दैवीय शक्ति को नकार दिया।
- रूसों के लोगों और प्रतिनिधियों के बीच सामाजिक करार पर आधारित सरकार का विचार सामने रखा।
- दार्शनिकों ने अपने विचारों को अखबारों द्वारा जन–साधारण तक पहुँचाया।

10. • राजा की शक्तियों को समाप्त कर दिया गया ।

- फ्रांस संवैधानिक गणतंत्र बन गया।
- विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका में शक्तियों का बँटवारा।
- नेशनल असेम्बली को कानून बनाने का अधिकार
- 25 साल के ऊपर सभी पुरूषों को वोट डालने को अधिकार।

11. • जैकोबिन क्लब के सदस्य गोदी कामगारों की तरह बिना घुटनों वाली धारीदार लंबी पतलून पहनते थे।

- यह अपने आप को कुलीनों से अलग करने का तथा उनकी सत्ता समाप्ति के एलान का उनका तरीका था।
- अपने इसी बिना घुटनों वाली पोशाक पहनने के कारण उन्हें सौंकुलॉत भी कहा जाता था।

12. • सार्वजनिक अधिकारों के संदेश में नाना अंतविरोध थे।

- घोषणापत्र की शुरूआत ही पुरूषों के एकाधिकार की पुष्टि करती है।
- महिलाओं का स्थान दूसरे दर्जे का कर दिया गया।
- बिना संपत्ति वाले लोगों को भी बराबरी का हक नहीं था।
- दास प्रथा जैसे गलत प्रथाओं को भी नज़र अंदाज किया गया।
- महिलाओं को मताधिकार 1946 में जाकर मिला।

13. • रोबेस्पिचेर ने 1793 में फ्रांस की सत्ता पर कब्जा कर लिया।

- 1793 से 1794 के बीच रोबेस्पयेर ने नियंत्रण और दंड की सख्त नीति अपनाई।
- उसकी कायशैली से असहमति रखने वाले विरोधियों और पार्टी सदस्यों द्वारा मौत की सजा सुना दी जाती थी।
- इन्ही सख्तियों के कारण 1793 से 1794 के शासनकाल को आतंक कास राज कहा जाता था।

**एस्टेट्स का समाज.**

ध्यान दें कि तृतीय एस्टेट में कुछ लोग धनी हैं तो कुछ निर्धन भी हैं।




Paris
Nantes
Bordeaux
Marseilles

# अध्याय – 2
# यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति

**याद रखने योग बातें :–**

- फ्रांसीसी क्रांति ने समाज में परिवर्तन की संभावनाओं के द्वार खोल दिए।
- इन्हीं संभावनाओं को मूर्त्त रूप देने में तीन अलग–अलग विचारधाराओं का विकास हुआ – उदारवादी रूढ़िवादी और परिवर्तनवादी।
- **रूढ़िवादी के मुख्य विचार**
  1. उदारवादियों और परिवर्तनवादियों का विरोध
  2. अतीत का सम्मान
  3. बदलाव की प्रक्रिया धीमी हो
- **उदारवादियों के मुख्य विचार**
  1. सभी धर्मों का आदर एवं सम्मान।
  2. अनियंत्रित सत्ता के विरोधी।
  3. व्यक्ति मात्र के अधिकारों की रक्षा के पक्षधर।
  4. प्रतिनिधित्व पर आधारित निर्वाचित सरकार के पक्ष में
  5. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के स्थान पर संपत्तिधारकों को वोट का अधिकार के पक्ष में।
- **परिवर्तनवादियों के मुख्य विचार :–**
  1. बहुमत आधारित सरकार के पक्षधर
  2. बड़े जमींदारों और सम्पन्न उद्योगपतियों को प्राप्त विशेषाधिकार का विरोध
  3. सम्पत्ति के संकेद्रण का विरोध लेकिन निजी सम्पत्ति का विरोध नहीं।
  4. महिला मताधिकार आंदोलन का समर्थन।
- यह दौर गहन सामाजिक और आर्थिक बदलावों का था।
- औद्योगिक क्रांति के दुष्परिणाम जैसे – काम की लंबी अवधि, कम, मजदूरी, बेरोजगारी, आवास की कमी, साफ–सफाई की व्यवस्था ने लोगों को इस पर सोचने को विवश कर दिया।
- **समाजवादियों के मुख्य विचार :–**
  1. निजी सम्पत्ति का विरोध
  2. सामुहिक समुदायों की रचना (रॉवर्ट ओवेन)

3. सरकार द्वारा सामुहिक उद्यमों को बढ़ावा (लुई ब्लॉक)
4. सारी सम्पत्ति पर पूरे समाज का नियंत्रण एवं स्वामित्व (कार्ल मार्क्स और प्रेडरिक एगेल्स)

- 1870 का दशक आते–आते समाजवादी विचार पूरे यूरोप में फैल चुका था।
- फरवरी 1917 में राजशाही के पतन से लेकर अक्टूबर 1917 में रूस की सत्ता पर समाजवादियों के कब्जे तक की घटनाओं को रूसी क्रांति कहा जाता है।
- **रूसी समाज**
  1. बीसवीं सदी की शुरूआत में रूस की लगभग 85 प्रतिशत जनता खेती पर निर्भर थी।
  2. कारखाने उद्योगपतियों की निजी सम्पत्ति थी जहाँ काम की दशाएँ बेहद खराब थी।
  3. यहाँ के किसान समय–समय पर सारी जमीन अपने कम्यून (मीर) को सौंप देते थे और फिर कम्यून परिवार की जरूरत के हिसाब से किसानों को जमीन बाँटता था।
  4. रूस में एक निरंकुश राजशाही था।
  5. 1904 ई. में जरूरी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी।
  6. मजदूर संगठन भी बनने लगे जो मजदूरों की स्थिति में सुधार की माँग करने लगे।
  7. इसी दौरान पादरी गौपॉन के नेतृत्व में मजदूरों के जुलूस पर जार के महल के सैनिकों ने हमला बोल दिया। इस घटना में 100 से ज्यादा मजदूर मारे गए और लगभग 300 घायल हुए। इतिहास में इस घटना को ''खूनी रविवार'' के नाम से याद किया जाता है।
- 1905 की क्रांति की शुरूआत इसी घटना से हुई।
  1. सारे देश में उड़ताल होने लगी।
  2. विश्वविद्यालय बंद कर दिए गए।
  3. वकीलों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य मध्यवर्गीय कामगारों में संविधान सभा के गठन की माँग करते हुए यूनियन ऑफ यूनियन की स्थापना कर ली।
  4. जार एक निर्वाचित परामर्शदाता संसद (ड्यूमा) के गठन पर सहमत हुआ परन्तु
  5. मात्र 75 दिनों के भीतर पहली ड्यूमा, 3 महीने के भीतर दूसरी ड्यूमा को उसने बर्दाश्त कर दिया।
  6. तीसरे ड्यूमा में उसने रूढ़िवादी राजनेताओं को भर दिया ताकि उसकी शक्तियों पर अंकुश न लगे।
- 1914 ई. में प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो गया जो 1918 तक चला। इसमें दो खेमों केंद्रिय शक्तियाँ (जर्मनी, ऑस्ट्रिया, तुर्की) और मित्र राष्ट्र (फ्रांस, ब्रिटेन व रूस) के बीच लड़ाई शुरू हुई जिसका असर लगभग पूरे विश्व पर पड़ा।

- **फरवरी क्रांति**

| कारण | घटनाएँ | प्रभाव |
|---|---|---|
| 1. प्रथम विश्व युद्ध को लंबा खिंचना।<br>2. रासपुतिन का प्रभाव<br>3. असंख्य रूसी सैनिकों की मौत<br>4. सैनिकों का मनोबल गिरना<br>5. शरणार्थियों की समस्या<br>6. खाद्यान्न की कमी<br>7. उद्योगों का बंद होना। | 1. 22 फरवरी को फैक्ट्री में तालाबंदी<br>2. 50 अन्य फैक्ट्री के मजदूरों की हड़ताल<br>3. हड़ताली मजदूरों द्वारा सरकारी इमारतों का घेराव<br>4. राजा द्वारा कफ्यू लगाना<br>5. 25 फरवरी को ड्यूमा को बर्खास्त करना।<br>6. 27 फरवरी को प्रदर्शन कारियों ने सरकारी इमारतों पर कब्जा कर लिया।<br>7. सिपाही एवं मजदूरों का संगठन सोवियत का गठन<br>8. सैनिक कमांडर की सलाह पर जार का गद्दी छोड़ना (2 मार्च) | 1. रूस में जारशाही का अंत<br>2. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर संविधान सभा का चुनाव।<br>3. अंतरिम सरकार में सोवियत और ड्यूमा के नेताओं की शिरकत। |

- **अप्रैल थीसिस**

  महान बोल्शेविक नेता लेनिन अप्रैल 1917 में रूस लौटे। उन्होंने तीन माँगे की जिन्हें अप्रैल थीसिस कहा गया।

  1. युद्ध की समाप्ति
  2. सारी जमीनें किसानों के हवाले
  3. बैंको का राष्ट्रीयकरण

- अंतरिम सरकार और बोल्शेविकों के बीच टकराव बढ़ते गए।
- 24 अक्टूबर 1917 का विद्रोह शुरू हो गया और शाम ढ़लते–ढ़लते पूरा पैट्रोग्राद शहर बोल्शेविकों के नियंत्रण में आ गया। इस तरह अक्टूबर क्रांति पूर्ण हुई।
- अक्टूबर क्रांति के बाद क्या बदला –

  1. निजी सम्पत्ति का खात्मा
  2. बैंको एवं उद्योगों का राष्ट्रीकरण

3. जमीनों को सामाजिक सम्पत्ति घोषित करना
4. अभिजात्य वर्ग की पुरानी पदवियों पर रोक
5. रूस एक दलीय व्यवस्था वाला देश बन गया।
6. जीवन के हरेक क्षेत्र में सेंसरशिप लागू।
7. गृह युद्ध का आरंभ

- **गृह युद्ध** :– क्रांति के पश्चात् रूसी समाज में तीन मुख्य समूह बन गए बोल्शेविक (रेड्स) सामाजिक क्रांतिकारी (ग्रीन्स) और जार समर्थक (व्हाइटस) इनके मध्य गृहयुद्ध शुरू हो गया 'ग्रीन्स और 'व्हाइटस' को फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन से भी समर्थन मिलने लगा क्योंकि ये समाजवादियों से सशंकित थे।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. साम्यवादी विचार के संस्थापक कौन थे ?
   a) कार्ल मार्क्स b) रूसों c) मॉन्टेस्क्यू d) जार
2. रूस में आर्थिक नीति को किसने प्रारंभ किया ?
   a) ओवेन b) लेनिन c) टट्रास्की d) रूसों
3. खूनी रविवार का संबंध रूस की किस क्रांति से है ?
   a) 1905 की क्रांति b) फरवरी 1917 c) अक्टूबर 1917 d) इसमें से कोई नहीं
4. रूस के शासकों को क्या कहा जाता था ?
   a) ब्रूर्वो b) लुई c) जार d) बोल्शेविक
5. 1917 की रूस की क्रांति का आरंभ किस शहर से हुआ ?
   a) पेत्रोग्राद b) पेरिस c) लंदन
6. रूसी इतिहास के .............................. तिथि को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।
7. रूस की संसद का नाम ........................................ है।
8. रूस के शासक जार निकोलस II ने ................................ को त्याग पत्र दिया।
9. रूस में सामुहिक खेतों को .................................... कहा जाता था।
10. रूस में सम्पन्न किसानों को .................................. कहा जाता था।
11. मेनशेविक के नेता कौन थे ?
12. अप्रैल थीसिस किसने दी ?
13. सामुहिकीकरण का कार्यक्रम किसने शुरू किया ?
14. रूस में राजशाही का अंत किस क्रांति से हुआ ?
15. रूसी गृहयुद्ध में बोल्शेविकों के समर्थक को किस नाम से बुलाते थे ?

**3 या 5 अंक वाले प्रश्न**

1. 1905 में पहले रूस के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक हालात कैसे थे ?

2. 1917 में रूस में जार का शासन क्यों समाप्त हो गया ?
3. स्तालिन का सामूहिकीकरण का कार्यक्रम क्या था ?
4. लेनिन की अप्रैल थीसिस की मुख्य माँगे क्या थी ?
5. अक्टूबर क्रांति के पश्चात् रूस में क्या बदलाव आए ?
6. रूसी क्रांति का विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन करें।
7. खूनी रविवार की घटना का वर्णन करें।
8. 1917 की रूसी क्रांति से पहले रूस में श्रमिकों की क्या हालत थी ?
9. 1917 की रूस में हुई अक्टूबर क्रांति का वर्णन करें।
10. प्रथम विश्व युद्ध का रूस की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा ?
11. उदारवादियों एवं परिवर्तितवादियों में क्या अंतर था ? स्पष्ट करें।
12. आरंभिक समाजवादियों के विचारों का वर्णन करें।

**उत्तरमाला**

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1. a) कार्ल मार्क्स
2. b) लेनिन
3. a) 1905 की क्रांति
4. c) जार
5. a) पेत्रोग्राद
6. 22 फरवरी
7. ड्यूमा
8. 2 मार्च 1917
9. कोलखोज
10. कुलक
11. केरेंस्की
12. लेनिन
13. स्तालिन
14. फरवरी क्रांति 1917
15. 'रेड्स'

**3 / 5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1. • ग्रामीण क्षेत्रों में समाज मजदूर अभिजात वर्ग और चर्च के बीच बँटा था।
   • लगभग 85% जनसंख्या कृषि कार्य से जुड़ी थी।
   • कारखानों से प्राप्त लाभ पर मालिकों का हक
   • मज़दूरों, भूमिहीन किसानों व महिलाओं को शासन में भाग लेने का अधिकार नहीं था।
2. • प्रथम विश्वयुद्ध में लगभग 70 लाख रूसी मारे गए।

- सैनिक युद्ध लड़ने के पक्ष में नहीं थे, वे युद्ध को जारी रखने के सरकारी निर्णय के विरूद्ध थे।
- फौज और श्रमिकों ने पेत्रोग्राद सोवियत का निर्माण किया और जार के शासन का अंत किया।

3.
- रूस में अनाज की कमी को देखते हुए स्तालिन ने खेतों के सामूहिकीकरण की प्रक्रिया शुरू की।
- छोटे–छाटे भूमि के टुकड़ों को जोड़कर विशाल ज़मीन का फार्म बनाया जा सकता था।
- सामूहिक खेती करने के लिए बड़ी भूमि अर्जित करना ही स्तालिन की सामूहिकीकरण की प्रक्रिया कहलाई।

4.
- युद्ध समाप्त कर दिया जाए।
- ज़मीन किसानों को दे दी जाए।
- बैंको का राष्ट्रीयकरण किया जाए।

5.
- नवंबर 1917 में अधिकतर बैंको का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।
- भूमि को सामाजिक सम्पत्ति घोषित किया गया।
- निरंकुश राजतंत्र द्वारा प्रदान की गई उपाधियों पर रोक लगा दी गई।
- व्यापार संघो पर नई पार्टी का नियंत्रण स्थापित कर दिया गया।
- बोल्शेविक पार्टी का नाम बदलकर रशियन कम्यूनिस्ट पार्टी रख दिया गया।

6.
- रूस में किसानो व श्रमिकों की सरकार स्थापित होने के कारण विश्व के अन्य देशों से कृषकों का सम्मान बढ़ा।
- 1917 की क्रांति के बाद रूस में साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई। कुछ समय बाद अनेक देशों में साम्यवादी सरकारे बनाई गई।
- रूसी क्रांति के बाद अन्र्तराष्ट्रीय स्तर पर पूंजीपतियों तथा श्रमिकों में संघर्ष छिड़ गया।
- अन्य देशो की सरकारें भी सोचने लगी कि लोगो को रोटी–कपड़ा और मकान प्रदान करना उनका दायित्व है।

7.
- रूस के जार का शासन अत्याचारपूर्ण होना।
- जनवरी 1905 में एक रविवार को लोगों का जार में मिलना और याचिका देने का प्रयत्न।
- मिलने के स्थान पर मजदूरों पर हमला।
- हमले में 100 से ज्यादा मज़दूर मरे और 300 घायल हुए।
- यह घटना खूनी रविवार के नसम से जानी जाती है।

8.
- सामाजिक एवं आर्थिक बदलावों का दौर था।
- औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहे थे।

- औद्योगिकरण ने औरतों, आदमियों और बच्चों को कारखानों में खड़ा कर दिया।
- काम के घंटे ज्यादा और मज़दूरी बहुत कम होती थी।
- वस्तुओं की माँग में गिरावट आने से बेरोज़गारी का बढ़ जाना भी एक समस्या थी।

9.
- यह क्रांति का दूसरा दौर था।
- फरवरी क्रांति के बाद रूस की सत्ता केरेंस्की ने संभाल ली थी।
- वह जनता की आवश्यकताएं पूरी न कर सका, मजदूरों को अधिकार व किसानों को भूमि न दिला सका।
- अस्थायी सरकार को भंग कर दिया गया।
- केरेंस्की देश छोड़ कर भाग गया। शासन लेनिन के हाथ में आ गया।

10.
- जागीरों को छीन कर किसानों में भूमि का बंटवारा।
- उद्योगों पर राज्यों का नियंत्रण
- विकास के लिए आर्थिक नियोजन।
- साम्राज्यवाद का अंत।
- अन्तराष्ट्रीयता को प्रोत्साहन

11. **उदारवादी**

1. सभी धर्मों का आदर
2. अनियंत्रित सत्ता का विरोध
3. व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा का पक्षधर
4. प्रतिनिधित्व आधारित निर्वाचित सरकार के पक्ष में।

**परिवर्तनवादी**

1. बहुमत आधारित सरकार के पक्षधर
2. विशेषाधिकार का विरोध
3. संपत्ति के संकेद्रण का विरोध
4. महिला मताधिकार आंदोलन का समर्थन

12.
1. निजी संपत्ति का विरोध
2. सामुहिक समुदायों की स्थापना पर बल
3. सामुहिक उद्यमों की स्थापना में सरकार की भूमिका पर बल
4. सारी सम्पत्ति पर पूरे समाज का नियंत्रण एवं स्वामित्व


EUROPE
Greenland Sea
Barents Sea
ICELAND
Norwegian Sea
White Sea
SWEDEN
FINLAND
NORWAY
RUSSIA
North Atlantic Ocean
ESTONIA
SCOTLAND
North Sea
LATVIA
DENMARK
Baltic Sea
LITHUANIA
IRELAND
RUSSIA
NETHERLANDS
BELARUS
ENGLAND
Celtic Sea
POLAND
BELGIUM
GERMANY
UKRAINE
CZECH. REP.
LUXEMBURG
SLOVAKIA
Bay of Biscay
MOLDOVA
FRANCE
SWITZERLAND
AUSTRIA
HUNGARY
ROMANIA
SLOVENIA
CROATIA
YUGOSLAVIA
Black Sea
BOSNIA AND HERZEGOVINA
PORTUGAL
ITALY
Adriatic Sea
MONTE-NEGRO
BULGARIA
SPAIN
MACEDONIA
ALBANIA
TURKEY
Tyrrhenian Sea
Mediterranean Sea
GREECE
Ionian Sea
MOROCCO
ALGERIA
TUNISIA

# अध्याय – 3
# नाजीवाद और हिटलर का उदय

**याद रखने योग बातें :–**

- प्रथम विश्वयुद्ध (1914–1918) प्रथम विश्व युद्ध दो प्रमुख गुटों के बीच लड़ा गया –

| मित्र शक्तियाँ | केंद्रिय शक्तियाँ |
|---|---|
| मुख्य देश | मुख्य देश |
| 1. फ्रांस | 1. जर्मनी |
| 2. ब्रिटेन | 2. ऑस्ट्रिया |
| 3. रूस | 3. तुर्की |

- प्रथम विश्व युद्ध का अंत नवंबर 1918 में जर्मनी की पराजय के साथ हुआ।
- जून 1919 में वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर हुए जिसमें जर्मनी के ऊपर मित्र शक्तियों ने कई अपमानजनक शर्तें थोपी जैसे –
  1. युद्ध अपराध  बोध अनुच्छेद के तहत छःह अरब पौंड का जुर्माना लगाना।
  2. युद्ध में हुए क्षति के लिए सिर्फ जर्मनी को जिम्मेदार मानना।
  3. जर्मनी को सैन्यविहीन करना।
  4. सारे उपनिवेश 10% आबादी 13% भू–भाग, 75% लौह भंडार और 26% कोयला भंडार का मित्र राष्ट्रों में आपस में बाँट लेना आदि
- वर्साय की संधि द्वारा जर्मनी में वाइमर गणराज्य की स्थापना हुई जिसे कई सारी समस्याओं से जूझना पड़ा –
  1. वर्साय में हुए अपमान के लिए वाइमर गणराज्य को जिम्मेदार ठहराया गया।
  2. हर्जाना देने के कारण आर्थिक क्षति।
  3. उन्हें 'नवंबर के अपराधी' कहकर मजाक उड़ाया जाता था।
  4. वाइमर गणराज्य के हिमायतियों में – समाजवादी, कैथोलिक और डेमोक्रैट खेमे के लोग थे।
  5. जर्मनी को अति मुद्रास्फीति (एक ऐसी स्थिति जब कीमतें बेहिसाब बढ़ जाती है या मुद्रा का मूल्य काफी घट जाता है।) से जूझना पड़ा।
- इसकी वजह से लोगों का विश्वास वाइमर रिपब्लिक से उठ गया और वे एक इंतजार में थे जो उन्हें उनके दुखों से छुटकारा दिला सकता है।
  1. जर्मनी के संसद को 'राइखस्टाग' के नाम से जाना जाता है।
  2. 1932 में हिटलर की पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उमरी।
  3. 30 जनवरी 1933 हिटलर जर्मनी का चॉसलर बन गया।
  4. 28 फरवरी 1933 को अग्नि अध्यादेश के जरिए अभिव्यक्ति, प्रेस, सभा करना जैसे नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए गए।

5. 1929 में विश्वव्यापी आर्थिक महामंदी की शुरूआत हुई जब अमेरिका का शेयर बाजार (वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज) धराशायी हो गया।

- 3 मार्च 1933 को प्रसिद्ध विशेषाधिकार अधिनियम पारित किया गया जिसके द्वारा

1. हिटलर को संसद को हाशिए पर धकेलने और केवल अध्या देशों के द्वारा शासन चलाने का विशेषाधिकार प्रदान किया गया।
2. नात्सी पार्टी के अलावा सभी राजनीतिक पार्टियों और ट्रेड यूनियनों पर पाबंदी लगा दी गई।
3. अर्थव्यवस्था, मीडिया, सेना और न्यायपालिका पर राज्य का पूरा नियंत्रण स्थापित हो गया।







- **नात्सी जर्मनी में युवाओं की स्थिति :–**

1. जर्मन और यहूदियों के बच्चे एक साथ बैठ नहीं सकते थे।
2. जिप्सयों, शारीरिक रूप से अक्षम तथा यहूदियों को स्कूल से निकाल दिया गया।
3. स्कूली पाठ्य पुस्तक को फिर से लिखा गया जहाँ 'नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा दिया गया।
4. 10 साल की उम्र के बच्चों को 'युगफोंक' में दाखिल करा दिया जाता था जो एक युवा संगठन था।
5. 14 साल की उम्र में सभी लड़कों को 'हिटलर यूथ' की सदस्यता अनिवार्य कर दी गई।

- **महिलाओं की स्थिति**
  1. लड़कियों को अच्छी माँ और शुद्ध रक्त वाले बच्चों को जन्म देना उनका प्रथम कर्तव्य बताया जाता था।
  2. नस्ल की शुद्धता बनाए रखना, यहूदियों से दूर रहना और बच्चों का नात्सी, मूल्य–मान्यताओं की शिक्षा देने का दायित्व उन्हें सौंपा गया।
  3. 1933 में हिटलर ने कहा – मेरे राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नागरिक माँ है।
  4. नस्ली तौर पर वांछित बच्चों को जन्म देने वाली माताओं को अस्पताल में विशेष सुविधाएँ, दुकानों में ज्यादा छूट थियेटर और रेलगाड़ी के सस्ते टिकट और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाली माताओं को कांसे, चाँदी और सोने के लगाये दिए जाते थे।
  5. लेकिन अवांछित बच्चों को जन्म देने वाली माताओं को दंडित किया जाता था। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उन्हें गंजा कर मुँह पर कालिख पोत पूरे समाज में घुमाया जाता था। न केवल जेल बल्कि उनसे तमाम नागरिक सम्मान और उनके पति व परिवार भी छीन लिए जाते थे।
- **नात्सी प्रोपेगैंडा**
  1. विशेष प्रकार के शब्दों का चयन जैसे – अंतिम समाधान (यहूदियों के संदर्भ में) यूथनेजिया (विकलांगों के लिए) संक्रमण – मुक्ति, विशेष, व्यवहार
  2. लोगों को गैंस चेंबरों में ले जाने को 'इवैक्युएशन' शब्द का चयन
  3. नात्सी विचारों को फैलाने के लिए तस्वीरों, फिल्मों, रेडियो, पोस्टरों, आकर्षक, नारों, इश्तहारी पर्चों का इस्तेमाल
  4. पोस्टरों में दुश्मनों को शैतान के रूप में पेश किया जाता था और उनसे उन्हें नात्जी ही बचा सकते हैं ऐसी छवि पेश की गई।
  - सितम्बर 1939 में पोलैंड पर जर्मनी के आक्रमण के साथ द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू हो गया।
  - सितम्बर 1940 में जर्मनी, इटली और जापान ने एक लिपक्षीय पर हस्ताक्षर किए और धुरी शक्ति कहलाए।
  - मित्र शक्तियों में फ्रांस, ब्रिटेन रूस के बाद में USA भी इस गुट में शामिल हो गया।
  - अगस्त 1945 में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम से हमला कर दिया और आखिरकार जापान को भी घुटने टेकने पड़े।
  - 1945 में द्वितीय विश्व का अंत जर्मनी और धुर्री शक्तियों की हार से हुआ।

**एक अंक वाले प्रश्न**

1. निम्न में से कौन सा देश धुरी शक्ति समूह का देश है –

   a) फ्रांस b) जर्मनी c) ब्रिटेन d) अमेरिका

2. प्रथम विश्वयुद्ध का अंत किस संधि के द्वारा हुआ ?

a) वर्साय की संधि b) कस्तुनिया कर संधि

c) म्यूनिख समझौता d) इनमें से कोई नहीं

3. हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था ?

a) ऑस्ट्रिया b) ऑस्ट्रेलिया c) इंग्लैड़ d) इटली

4. प्रथम विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में कौन सी सरकार थी ?

a) वाइपर गणराज्य b) ब्रूवो c) जारशाही d) स्टूवर्ट

5. आर्थिक महामंदी की शुरूआत कब हुई –

a) 1929 b) 1920 c) 1919 d) 1905

6. जर्मनी की संसद को ................................ कहा जाता है।

7. द्वितीय विश्वयुद्ध में ............................ ने जापान पर परमाणु बम गिराए।

8. हिटलर की गुप्तचर पुलिस का नाम ............................ था।

9. ............................... में हिटलर जर्मनी का चांसलर बना।

10. द्वितीय विश्वयुद्ध 1934 से लेकर ................................... तक चला।

11. युंगफोक क्या था ?

12. सर्वहाराकरण किसे कहते है ?

13. मित्र राष्ट्र के किसी एक देश का नाम लिखे।

14. 'नवंबर के अपराधी' किन्हें कहा जाता था ?

15. प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने जर्मनी के किस प्रदेश पर अधिकार कर लिया था ?

**3 / 5 अंक वाले प्रश्न**

1. वर्साय में हुई संधि की शर्ते बताएँ ?
2. नात्सी सोच के खास पहलू कौन से थे ?
3. नाजी समाज में औरतों की क्या भूमिका थी ?
4. नाज़ीवाद आन्दोलन की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ?
5. जर्मनी पर नाजीवाद के क्या प्रभाव पड़े ?
6. 1930 तक आते आते जर्मनी में नाजीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी ?
7. नात्सीवाद का प्रचार यहूदियों के विरूद्ध घृणा उत्पन्न करने में किस प्रकार प्रभावी सिद्ध हुआ ?
8. वर्साय की संधि द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण क्यों बनी ?
9. जर्मनी में प्रसिद्ध विशेषाधिकार कब पारित किया गया ? इसके क्या परिणाम हुए?

**उत्तरमाला**

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. b) जर्मनी

2. a) वर्साय की संधि
3. a) ऑस्ट्रिया
4. a) वाइमर गणराज्य
5. a) 1929
6. राइखस्टैग
7. अमेरिका
8. गेस्तापो
9. 30 जनवरी 1933
10. 1945
11. 10 से 14 वर्ष के बच्चों का नात्सी युवा संगठन
12. समाज के मध्यम वर्ग का गरीब होते–होते मजदूर वर्ग की आर्थिक स्थिति में पहुँच जाना सर्वहारा करण कहलाता है।
13. अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस (कोई एक)
14. जर्मन समाजवादी, कैथोलिक एवं डेमोक्रैट खेमे के लोग जो वाइमर गणराज्य के हिमायती थे, को नवंबर का अपराधी कहा जाता था।
15. राइनलैंड

**3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1.
- युद्ध के लिए जर्मनी को जिम्मेदार ठहराना।
- अपने सारे उपनिवेश छोड़ने पड़े।
- कोयले के भंडार फ्रांस को देने पड़े।
- छः अरब पौंड का जुर्माना
- सेना पर अंकुश / खनिज संसाधनों पर कब्जा

2.
- आर्य (जर्मन) विश्व की सर्वश्रेष्ठ नस्ल है, उसे अपनी शुद्धता बनाए रखनी है।
- नात्सियों का मानना था कि श्रेष्ठ जाति (जर्मन) जीवित रहेगी तथा हीन (यहूदी) को नष्ट होना पड़ेगा।
- नात्सी विचारधारा में हिटलर को एक मसीहा के रूप में प्रस्तुत किया गया है जो उन्हें सभी विपत्तियों से छुटकारा दिला सकता है।

3.
- नात्सी समाज में औरतों को आर्य संस्कृति और नस्ल का ध्वजवाहक माना जाता था।
- उनका कर्तव्य अच्छी माँ बनना, शुद्ध आर्य रक्त वाले बच्चों को जन्म देना और उनका पालन–पोषण करना है।
- ऐसा पालन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता था, उल्लंघन करने वाली महिलाओं को दण्डित किया जाता था।

4.
- जर्मनी में हिटलर के अधीन नाजीवाद का उत्थान हुआ।
- तानाशाही आन्दोलन था।

- संसदीय संस्थाओं का विरोध।
- एक ही नेता के शासन का गुणगान।
- विभिन्न संगठनों के विरूद्ध।

5.
- नाजी विरोधी नेताओं की हत्या।
- नाजी दल के अतिरिक्त सभी राजनीतिक दलों पर पाबंदी।
- श्रमसंघों को कुचल दिया गया और हजारों कम्युनिस्टों और समाजवादियों को शिविरों में भेज दिया गया।

6.
- वाइमर गणराज्य के असफल होने पर नात्सी पार्टी सब से बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई।
- हिटलर का व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली था।
- हिटलर यूथ जर्मन युवाओं को सेना में भर्ती होने का जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

7.
- नात्सियों ने यहूदी लोगों को घटिया शारीरिक रचना वाले लोग तथा अवांछित वर्ग का दर्जा दिया।
- नात्सियों ने यहूदी लोगों को ईसा मसीह का हत्यारा बताया है।
- उनके विचार में धर्म परिवर्तन मात्र से ही यहूदियों की समस्या से नहीं निपटा जा सकता, इसका समाधान पूर्णतया समाप्ति है।

8.
- प्रथम विश्वयुद्ध का अंत तो हो गया, परन्तु सदा के लिए युद्ध को समाप्त नहीं किया।
- पराजित राष्ट्र जर्मनी पर अपमानजनक वर्साय की संधि थोपी गई।
- विजित राष्ट्रें की आशाएँ पूरी नहीं हुई।
- जर्मनी पर छः अरब पौंड का जुर्माना लगाया गया और राइनलैन्ड पर मित्र राष्ट्रों ने कब्जा कर लिया।
- एक दूसरा युद्ध ही उनकी आशाओं को पूरा कर सकता था।

9.
- इन तीन सालों में अमरीका की राष्ट्रीय आय आधी रह गई।
- फैक्टियाँ बंद हो गई।
- निर्यात गिरता जा रहा था।
- किसानों की हालत खराब थी।
- सट्टेबाज बाजार से पैसा खींच रहे थे।

10.
- विशेषाधिकार अधिनियम 3 मार्च 1933 को पारित किया गया।
- इसके द्वारा कानूनन जर्मनी में तानाशाही व्यवस्था स्थापित की गई।
- इस कानून ने हिटलर को केवल अध्य देशों के जरिए शासन चलाने का अधिकार दे दिया।
- नाजी पार्टी व उससे जुड़े संगठनों के अलावा सभी पार्टियों, ट्रेड युनियनों पर पाबंदी लगा दी गई।


WORLD - POLITICAL
संसार — राजनीतिक
U.S.S.R (Russia)
रूस
Japan
(जापान)
Britain
(ब्रिटेन)
France
(फ्रांस)
इटली
U.S.A
(अमेरिका)
Tropic of Cancer
23½°N
66½°N
23½°S
66½°S
SCALE
Kms.0 2000 4000 6000 Kms.
© Government of India Copyright, 2014
1. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
2. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India Dehra Dun.
Vide Letter No T.B. 363/62-ए-3/A-2 Dated 10/07/2014
S.K. PUBLICATIONS
A - 6 Maya Puri, Ph-I New Delhi-64
Phone No.:28113536
Price :- Re. 1 - 00

# अध्याय – 4
# वन्य समाज और उपनिवेशवाद

**याद रखने योग बातें :–**




- वृक्षों का वृहत पैमाने पर कटाई 'वनोन्मूलन' कहलाता है।
- औपनिवेश काल में 'वनोन्मूलन' की प्रक्रिया व्यापक तथा और भी व्यवस्थित हो गई।
- 1700 ई. से 1995 के बीच के बीच 139 लाख वर्ग किलोमीटर जंगल विभिन्न उपयोग की वजह से साफ कर दिए गए।




- डायट्रिच ब्रैंडिस को भारत का पहला वन महानिदेशक बनाया गया।
- भारतीय वन सेवा की स्थापना 1864 में की गई।
- 1865 में पहला वन अधिनियम बनाया गया।
- 1878 के वन अधिनियम के द्वारा जंगल को तीन श्रेणियों में बाँटा गया –

1. आरक्षित
2. सुरक्षित
3. ग्रामीण

- सबसे अच्छे वनों को आरक्षित वन कहा गया जहाँ से ग्रामीण अपने उपयोग के लिए कुछ भी नहीं ले सकते थे।
- मकान बनाने के लिए या ईंधन के लिए वे सिर्फ 'सुरक्षित' या 'ग्रामीण' वन से ही लकडियाँ ले सकते थे वह भी अनुमति लेकर।
- 1906 ई. में देहरादून मे 'इंपीरियल फॉरेस्ट रिसर्च 'इस्टीट्यूट' की स्थापना की गई जहाँ 'वैज्ञानिक वानिकी' पद्धति की शिक्षा दी जाती थी।
- 'वैज्ञानिक वानिकी' एक ऐसी पद्धति थी जिसमें प्राकृतिक वनों की कटाई कर उसके स्थान पर कतारबद्ध तरीके से एक ही प्रजाति के पेड़ लगाए जाते थे। लेकिन आज यह पद्धति पूर्णतया अवैज्ञानिक सिद्ध हो गयी है।
- वन कानूनों का प्रभाव
    1. लकड़ी काटना, पशुचारण कंदमूल इकट्ठा करना आदि गैरकानूनी घोषित कर दिए गए।
    2. वन रक्षकों की मनमानी बढ़ गई।
    3. जलावनी लकड़ी एकत्रित करने वाली महिलाओ का असुरक्षित होना।
    4. रोजमर्रा की चीजों के लिए वन रक्षकों की दया पर निर्भर होना
    5. घुमंतु खेती पर रोक
    6. घुमंतु चरवाहों की आवाजाही पर रोक
    7. जंगल में रहने वाले आदिवासी समुदायों को जंगल से बेदखल होना पड़ा जिससे उनके सामने जीविका का संकट उत्पन्न हो गया।
- कुछ प्रमुख घुमंतु खेती के नाम व क्षेत्र

| क्र.सं. | स्थान | घुमंतु खेती का नाम |
|---|---|---|
| 1. | दक्षिण–पूर्व एशिया | लादिंग |
| 2. | मध्य अमेरिका | मिलपा |
| 3. | अफ्रीका | चितमेन या तावी |
| 4. | श्रीलंका | चेना |
| 5. | भारत | धया, पेंदा, बेवर, नेबड़, झूम, पोडू खंदाद, बुमरी |

- **घुमंतु कृषि**




- हालांकि शिकार पर पाबंदी लगा दी गई थी परन्तु अंग्रेज अफसरों व नवाबों को अभी भी ये छूट मिली हुई थी।
- जार्ज यूल नामक अंग्रेज अफसर ने अकेले 400 वाघो को मारा था।
- ये शिकार मनोरंजन के साथ–साथ अपनी प्रभुता सिद्ध करने के लिए की जाती थी।
- हिन्दुस्तान में वन उत्पादों का व्यापार मध्यकाल से आदिवासियों द्वारा किया जाता रहा था जिनमें हाथी, खाली, सींग, रेशम के कोये, हाथी दाँत, बाँस, मसाले, रेशे, घाँसय, गोंद आदि प्रमुख थे।
- परन्तु अंग्रेजी शासन में व्यापार पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में चला गया।
- यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों को इसका एकाधिकार (इजारेदारी) दे दिया गया तथा इन आदिवासियों को 'अपराधी कबीले' के रूप में घोषित कर दिया गया।
- इन वन कानूनों के विरोध में कई सारे विद्रोह हुए जिनमें प्रमुख थे

| क्र. स. | विद्रोह | नेता | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | संथाल विद्रोह (1855–56) | सीधू और कानू | संथाल परगना (झारखंड) |
| 2. | मुंडा विद्रोह (1898–1899) | विरसा मुंडा | छोटा नागपुर (झारखंड) |
| 3. | रम्पा विद्रोह (1879–99) | अल्लूरी सीताराम राजू | आंध्र प्रदेश |
| 4. | कोल विद्रोह (1820–36) | सिगराय व सुरगा | छोटा नागपुर (झारखंड) |
| 5. | अहोम (1828–30) | गोमधर कुँवर | असम |
| 6. | खासी (1833) | राजा तीरथ सिंह | असम |
| 7. | भील (1818–39) | सेवरम | महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश |
| 8. | रामोसी (1822–29) | चित्तर सिंह | पश्चिमी घाट |

- 1905 ई. में औपनिवेशिक सरकार में जगल के दो तिहाई हिस्से को आरक्षित करने, घुमंतु खेती रोकने, शिकार व अन्य उत्पाद के संग्रह पर पाबंदी लगाने का प्रस्ताव रखा।
- बस्तर के कुछ गाँवो को आरक्षित वनों के इस शर्त पर रहने दिया गया कि वे वन विभाग के लिए पेड़ों की कटाई और दुलाई मुक्त करेंगे और जंगल को आग से बचाऐंगे। बाद में इन गाँवों को वन ग्राम कहा गया।

- अन्य सभी को बगैर सूचना या मुआवजा दिए हटा दिया गया। जिससे विद्रोह फैल गया।
- बस्तर में इस विद्रोह के नायक थे गुंडा धुर
- विद्रोहियों की सबसे बड़ी जीत ये रही कि आरक्षण का काम कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया और आरक्षित क्षेत्र को भी प्रस्तावित क्षेत्र का आधा कर दिया गया।
- जावा आजकल इंडोनिशिया के प्रमुख चावल उत्पादक क्षेत्रों में आता है।
- यहाँ रहने वाले 'कलांग' समुदाय के लोग कुशल लकड़हारे और घुमंतु किसान थे।
- जावा पर डचों का अधिकार था।
- डचों ने पहले जंगलों में खेती की जमीनों पर लगान लगा दिया और बाद में कुछ गाँवों को इस शर्त पर इससे मुक्त कर दिया कि वे सामुहिक रूप से पेड़ काटने व लकड़ी ढोने के लिए भैंसे उपलब्ध कटाने का काम मुफ्त में कटेंगे। इस व्यवस्था को 'ब्लैं डाँग डिएन्स्टेन कहा गया।
- जावा में डचों द्वारा वन कानून बनाने के बाद –
  1. ग्रामीणों का वनों में प्रवेश निषेध कर दिया गया।
  2. वनों से लकड़ियों की कटाई कुछ विशेष कार्यों जैसे नाव बनाने या घन बनाने के लिए किया जा सकता था वह भी विशेष वनों से निगरानी में।
  3. मवेशियों के चारण परमिट के बिना लकड़ियों की ढुलाई और वन के अंदर घोड़गाड़ी या मवेशी पर यात्रा करने पर दंड का प्रावधान था।
- डचों के इस कानून के खिलाफ सामिनों ने विरोध किया
  1. सुरोंतिको सामिन ने इस विद्रोह का नेतृत्व किया जिनका मत था कि जब राज्य ने हवा, पानी, धरती या जंगल नहीं बनाए तो यह उस पर कर भी नहीं लगा सकते।
  2. विद्रोह के तरीकों में :–
     - सर्वेक्षण करने आये डचों के सामने जमीनों पर लेटना
     - लगान या जुर्माना न भरना।
     - बेगार से इंकार करना
- जावा पर जापानियों के कब्जे से ठीक पहले डचों ने भस्म कर भागो नीति के तहत सागौन और आरा मशीनों के लट्ठे जला दिए ताकि वे जापानियों के हाथ न पड़े।
- इसके बाद जापानियों ने वनवासियों को जंगल काटने के लिए बाध्य कर अपने युद्ध उद्योग के लिए जंगलों का निर्मम दोहन किया।

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. भारत के प्रथम वन महानिदेशक कौन थे ?

   a) डायट्रिय बैंडिस b) जार्ज चूल c) सुरोतिको सामिन d) इनमें से कोई नहीं

2. भारतीय वन सेवा की स्थापना कब की गई ?

   a) 1888 b) 1850 c) 1864 d) 1865

3. 'इंपीरियल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट' की स्थापना कहाँ की गई ?

a) हैदराबाद  b) देहरादून  c) लखनऊ  d) शिमला

4. किस अंग्रेज अधिकारी ने 400 बाघों का शिकार किया था ?

a) जार्ज चूल  b) डायट्रिय ब्रैडिस  c) जॉन डॉसन  d) होजेनड्रॉप

5. किस वन कानून के द्वारा वनों को–आरक्षित, सुरक्षित और ग्रामीण में बाँटा गया ?

a) 1865  b) 1878  c) 1899  d) 1906

6. ................................ नहीं बस्तर में पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है।

7. बस्तर विद्रोह के नेता .................................. थे।

8. सुरोंतिको सामिन ने जावा में ................................ के खिलाफ विद्रोह किया।

9. इंपीरियल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना .......................... ई. में की गई।

10. श्रीलंका में घुमंतु कृषि को ................................... नाम से जाना जाता है।

11. 'वनोन्मूलन' किसे कहते हैं ?

12. 'वैज्ञानिक वानिकी' किसे कहते हैं ?

13. देवसारी क्या था ?

14. कालांग क्यों महत्वपूर्ण थे ?

15. 'वन ग्राम' किसे कहते थे ?

**3 और 5 अंक वाले प्रश्न :–**

1. औपनिवेशिक काल में खेती के तेज़ी से फैलने के क्या कारण थे ?
2. इंग्लैंड में बलूत (ऑक) के जंगल लुप्त होने से क्या प्रभाव पड़ा ?
3. 1850 के दशक से रेलवे के विस्तार ने भारतीय वनों से अपेक्षित किन नई भाँगों को जन्म दिया और उन्हें कैसे पूरा किया गया –
4. वन उत्पादों के विभिन्न उपयोग बताएँ ?
5. घुमंतू कृषि को समझाएँ ?
6. बस्तर के लोगों ने विद्रोह क्यों किया ?
7. यद्यपि अंग्रेजों ने बस्तर विद्रोह को कुचल डाला, फिर भी इसे विद्रोहियों की प्रमुख विजय क्यों माना जाता है ?
8. वन अधिनियम से गाँव वालों की मुश्किलें कैसे बढ़ गई ?
9. युद्धों से जंगल क्यों प्रभावित हुए ?
10. बस्तर और जावा के औपनिवेशिक वन प्रबंधन में क्या समा

**उत्तरमाला**

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1. a) डायट्रिच बैंडिस
2. c) 1864
3. b) देहरादून
4. a) जार्ज यूल

5. b) 1878
6. इंद्रावती
7. गुंडाधुर
8. डचों
9. 1906
10. चेना
11. वनों का बड़े पैमानें पर नष्ट करना वनोन्मूलन (वन विनाश) कहलाता है।
12. वन लगाने की एक ऐसी पद्धति जिसमें प्राकृतिक वनों को साफ कर उसके स्थान पर कतारबद्ध तरीके से एक ही प्रजाति के पेड़ लगाए जाते थे।
13. बस्तर क्षेत्र में एक गाँव द्वारा किसी दूसरे गाँव के जंगल से लिए गए उत्पाद के बदले में दिया जाने वाला शुल्क।
14. क्योंकि वे एक कुशल लकड़हारे थे जो सागौन की कटाई से निपुण थे।
15. आरक्षित वर्गों के अंदर कुछ गाँवों को इस शर्त पर रहने दिया गया कि वे वन विभाग के लिए पेड़ों की कटाई और ढुलाई का काम मुफ्त कोंगे तथा जंगल करे आग से बचाएँगे। ऐसे गाँवो को वन ग्राम कहा गया।

3 / 5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. क) अंग्रेजों ने व्यवसायिक फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया।
   ख) बढ़ती शहरी आबादी का पेट भरने के लिए।
   ग) औद्योगिक उत्पादन के लिए कच्चे माल की जरूरत।
2. इंग्लैंड में बलूत के जंगल लुप्त होने के अनेक प्रभाव पड़े :–
   क) बलूत की लकड़ी में कमी के कारण शाही नौसेना के समक्ष लकड़ी की आपूर्ति की समस्या आ खड़ी हुई।
   ख) मजबूत तथा निरंतर आपूर्ति में कमी आने के कारण इंग्लैंड में जहाजों के निर्माण में कठिनाई आने लगी।
   ग) भारत से बड़े पैमाने पर लकड़ी का निर्यात होने लगा। इसके लिए भारतीय वनों की कटाई होने लगी।
3. क) ये रेल लाइने शाही सेना के आवागमन और औपनिवेशिक व्यापार के लिए अति आवश्यक थी।
   ख) इंजनों को चलाने के लिए इंधन के रूप में लकड़ी की जरूरत पड़ती थी।
   ग) रेलवे लाइनों को जोड़ने के लिए लकड़ी के स्लीपर भी चाहिए थी।
4. क) वन उत्पाद के उपयोग : फल और कंद पोषक खाद्य के लिए।
   ख) जड़ी बूटियाँ दवाओं के लिए
   ग) लकड़ी का हल जैसे औजार के लिए
   घ) बांस की बाड़ें, छतरियाँ तथा टोकरी बनाने के लिए रस्सी बनाई जाती हैं
5. क) जंगल के कुछ भागों को काटना और जलाना।
   ख) मानसून की पहली बारिश के बाद जली राख में बीज बोना।

ग) अक्टूबर – नवंबर में फसल काटना।

घ) इस खेत पर एक – दो साल खेती करना।

ड) इसके बाद उसे 12 से 18 साल तक के लिए छोड़ देना।

6. क) वनों से लकड़ी का ना मिलना।

ख) वन उत्पादों से वंचित होना।

ग) वनीय भागों में घुमंतू खेती से महरूम हो गए।

घ) अंग्रेजों द्वारा लगाए गए कर और बेगार में नौकरी से तंग आ गए थे।

7. क) वनों के आरक्षण का कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया तथा आरक्षित किए जाने वाले क्षेत्र भी कम कर दिए गए।

ख) अंग्रेजों द्वारा दो तिहाई वनों को आरक्षित करने का फैंसला किया गया तथा झूम खेती, शिकार तथा वन उत्पादों के संग्रह पर रोक को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

ग) आरक्षित वन् क्षेत्र को 1910 से पहले की योजना का भी आधा कर दिया गया।

घ) यह बस्तर के लोगों की नैतिक विजय थी।

8. क) रोजमर्रा की गतिविधियाँ गैर कानूनी बन गई।

ख) लकड़ी चुराने के अलावा कोई चारा नहीं बचा।

ग) पकड़े जाने पर रक्षकों की दया और घूस।

घ) लकड़ी एकत्र करने वाले विशेष तौर पर परेशान।

9. क) वन विभाग से जंगी जरूरतों को पूरा करने के लिए पेडों की कटाई।

ख) भस्म–कर–भागों नीति' के तहत सागोन के लट्ठों के ढेर जला दिए।

ग) जापानियों ने युद्ध उद्योग के लिए जंगन कटवाए।

घ) गाँव वालों ने इस अवसर का लाभ उठाया।

ड) जंगलों में खेती का विस्तार किया।

10. क) दोनों जगहों पर वन कानूनों द्वारा वनों पर नियंत्रण स्थापित किया गया।

ख) दोनों जगहों पर वैज्ञानिक वानिकी की शुरूआत की गई।

ग) अंग्रेजों की तरह डच भी जहाज के लिए लकड़ी हासिल करना चाहते थे।

# अध्याय – 5
# आधुनिक विश्व में चरवाहे

**याद रखने योग बातें :–**

- वैसे लोग जो जीवन–यापन की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान तक घूमते रहते है, घुमंतू कहलाते हैं।
- वैसे लोग जो मवेशियों को पालकर अपना जीवन यापन करते हैं चरवाहे कहलाते हैं।
- वे लोग जो अपने मवेशियों के लिए चारे की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक घूमते रहते हैं उन्हें घुमंतू चरवाहा कहते हैं।
- गढ़वाल और कुमाऊँ के इलाके में पहाड़ियों के निचले हिस्से के आस–पास पाया जाने वाला सूखे जंगल के इलाके को 'भाबर' कहा जाता है।
- ऊँचे पहाड़ों पर स्थित घास के मैदानों' को 'बुग्याल कहा जाता है।
- वह फसल जो वर्षा ऋतु के आरंभ में बोया जाता है तथा शीत ऋतु के आरंभ में काट लिया जाता है 'खरीफ' फसल कहलाता है। जैसे – चावल आदि।
- वह फसल जो शीत ऋतु के आरंभ में बोया जाता है तथा ग्रीष्म ऋतु के आरंभ में काट लिया जाता है 'रवी' फसल कहलाती है। जैसे–गेहूँ, दलहल आदि
- भारत तथा विश्व में पाए जाने वाले प्रमुख घुमंतु चरवाहे :–

| भारत | | |
|---|---|---|
| **क्र.स.** | **घुमंडु चरवाहों के नाम** | **स्थान** |
| 1. | गुज्जर बकरवाल | जम्मू, कश्मीर |
| 2. | गद्दी | हिमाचल प्रदेश |
| 3. | भोटिया | उत्तराखंड |
| 4. | राइका | राजस्थान |
| 5. | बंजारा | राजस्थान, मध्य प्रदेश |
| 6. | मलधारी | गुजरात |
| 7. | धंगर | महाराष्ट्र |
| 8. | कुसमा, कुरूवा, गोल्ला | कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना |
| 9. | मोनपा | अरूणाचल प्रदेश |

| विश्व | | |
|---|---|---|
| **क्र.स.** | **घुमंडु चरवाहों के नाम** | **स्थान** |
| 1. | मसाई | केन्या, तंजानिया |
| 2. | बेदुइस | उत्तरी अफ्रीका |
| 3. | बरबेर्स | उत्तर–पश्चिमी अफ्रीका |
| 4. | तुर्काना | उगांडा |
| 5. | बोरान | कीनिया |
| 6. | मूर्स | मोरिटानिया |
| 7. | सोमाली | सोमालिया |
| 8. | नाम, जुलू | दक्षिण अफ्रीका |
| 9. | बेजा | मिश्र, सूडान |

| घुमंतू चरवाहों के भ्रमण के कारण | उपयोगिता | विनिमय की वस्तुएँ |
|---|---|---|
| 1. सालों भर फसन उगाने वाले कृषि क्षेत्र की कमी<br>2. मवेशियों के लिए चारे और पानी की खोज<br>3. विषम मौसमी दशाओं से स्वयं एवं मवेशियों को बचाने के लिए<br>4. अपने उत्पादों को बचेने के लिए। | 1. प्राकृतिक वनस्पतियों के दुबारा पनपने के लिए पर्याप्त समय<br>2. भ्रमण वाले स्थान पर प्राकृतिक खाद की पूर्ति<br>3. मवेशी और अन्य जानवरों से प्राप्त उत्पादों का आदान–प्रदान<br>4. दो विभिन्न समुदायों के बीच परस्पर सौहार्द एवं सहअस्तित्व विकसित होना। | माँस, दूध, ऊन, जानवरों की खालें, अन्य उत्पाद |

• औपनिवेशिक काल में घुमंतु चरवाहों के जीवन में आए परिवर्तन एवं उसके प्रभाव

| क्र.स. | उपयोगिता | प्रभाव |
|---|---|---|
| 1. | भूमिकर बढ़ाने के लिए चारागाहों का कृषि भूमि में बदलना। | 1. मवेशियों की संख्या कम होती चली गई। |
| 2. | वन कानूनों के द्वारा वनों का वर्गीकरण | 2. स्वतंत्र आवाजाही पर रोक तथा परमिट के बिना आने–जाने पर जुर्माने की व्यवस्था। |
| 3. | 1871 में अपराधी जनजाति नियम लागू किया गया। | 3. उन्हें अपराधी घोषित कर दिया गया। तथा एक क्षेत्र विशेष में ही उन्हें रहने का निर्देश दिया गया। स्थानीय पुलिस के सतर्क निगरानी में परमिट के आधार पर ही किये जा सकते थे। |
| 4. | आमदनी बढ़ाने के लिए, भूमि, नहर, नमक, व्यापार यहाँ तक कि जानवरों पर भी टैक्स लगा दिया गया। | 4. प्रत्येक समूह को मवेशियों की संख्या के आधार पर पास जारी किया गया जो उन्हें चारागाहों में घुसने से पहले दिखाना पड़ता था। इस प्रकार इस टैक्स व्यवस्था ने उनका जीवन और दूभर कर दिया। |




- अफ्रीका में मसाई लोगों अधिकार क्षेत्र का लगभग 60% भाग औपनिवेशिक शासकों ने छीन लिया।
- उन्हें यूरोपीय बस्तियों में जाने की मनाही थी।
- उन्हें ऐसे सूखे इलाकों में कैद कर दिया गया जहाँ न अच्छी बारिश होती थी और न ही हरे–भरे चारागाह थे।
- बहुत सारे चारागाहों को शिकारगाह बना दिया गया। जैसे – कीनिया में मसाईमारा और सांबुरू नेशनल पार्क तथा तंजानिया में सेरेन्गेटी पार्क
- 1885 में मसाईलैंड को एक अंतरराष्ट्रीय रेखा द्वारा दो भागों ब्रिटिश कीनिया और जर्मन तांगान्यिका में बाँट दिया गया।
- 1919 में प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी का हार के बाद जर्मन तांगान्यिका भी ब्रिटिश शासक के अंतर्गत आ गया।
- 1961 में इसे स्वतंत्रता मिली तथा जंजीवार के साथ मिलाकर 1964 में इसे तंजानिया नाम दिया गया।
- मसाई समाज दो सामाजिक समूहों

**वरिष्ठजन (ऐल्डर्स)**
1. शासन चलना
2. समुदाय से जुड़े मामलों पर विचार विमर्श करना
3. आपसी झगड़े सुलझाना

**योद्धा (वॉरियर्स)**
1. ज्यादातर नौजवान
2. कबीले की सुरक्षा तथा युद्ध
3. दूसरा कबीलों से जानवर छीन कर लाना जो धन समझा जाता था।

- अंग्रेजों ने इन हमलों और लड़ाईयों पर पाबंदी लगा दी।

- मसाई उपसमूहों के मुखिया तय कर दिए गए जो कबीले के मामलों के लिए उत्तरदायी था।
- इन प्रतिबंधों के चलते ओपनिवेशिक शासन के दौरान मसाईयों के समाज में दो स्तरों पर बदलाव आए।
    - वाष्ठिजनों एवं योद्धाओं के बीच उम्र पर आधारित परंपरागत फर्क पूरी तरह से अस्त–व्यस्त हो गया।
    - अमीर एवं गरीब चरवाहों के बीच नया भेदभाव पैदा हुआ।

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. राइका समुदाय के लोग कहाँ रहते थे ?

   a) महाराष्ट्र b) राजस्थान c) गुजरात d) हिमाचल प्रदेश
2. पश्चिमी राजस्थान में किस जगह ऊँट मेला लगता है :–

   a) पुष्कर b) भरतपुर c) कोटा d) इसमें से कोई नहीं
3. इनमें से कौन रबी की फसल है :–

   a) चावल b) गेहूँ c) गन्ना d) मक्का
4. ऊँचे पहाड़ों पर स्थित घास के मैदानों को क्या कहते हैं ?

   a) भाबर b) मसाइलैंड c) बुग्याल d) खादर
5. कीनिया का एक घुमंतू चरवाहा समूह हैं :'

   a) मसाई b) सोमाली c) जुलू d) बेज़ा
6. रबी की फसल ........................ ऋतु से पहले काटी जाती है।
7. गुज्जा बकरवाल .................... राज्य में रहते हैं।
8. घुमंतू चरवाहा समुदाय एक स्थान से दूसरे स्थान क्यों जाते हैं ? कोई एक कारण लिखो।
9. मसाई समाज में दो सामाजिक समूह थे – वरिष्ठजन और ............................
10. अपराधी जनजाति अधिनियम ..................... ई. में पारित किया गया।
11. घुमंतु चरवाहा किसे कहते हैं ?
12. गद्दी समुदाय के लोगों द्वारा व्यापार किए जाने वाले किन्हीं दो उत्पादों के नाम लिखें।
13. भाबर क्या है ?
14. मसाई समुदाय के लोगों को श्वेत क्षेत्र के बाजारों में प्रवेश की अनुमति क्यों नहीं थी ?
15. औपनिवेशिक सरकार ने घुमंतुओं को अपराधी जनजाति के रूप में क्यों वर्गीकृत किया ?

**3 / 5 अंक वाले प्रश्न**

1. कोंकणी क्षेत्र में घंगर समुदाय के लोगों के आगमन से वहाँ की कृषि भूमि को किस प्रकार लाभ पहुँचता था ?
2. कीनिया एवं तंजानिया के चरागाहों में औपनिवेशिक सरकार द्वारा विकसित दो शिकारगाहों के नाम बताइए। इसमें मासाई पशुपालकों का जीवन कैसे प्रभावित हुआ ?

3. वर्णन कीजिए कि कुरूमा एवं कुरूबा समुदाय के लोगों की आवाजाही किस प्रकार उनके पशुओं की जरूरतों से प्रेरित थी ?

4. घुमंतू समुदाय अपने स्थान क्यों बदलते थे ?

5. वन कानूनों का चरवाहों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

6. अंग्रेज सरकार चरागाहों को कृषि की ज़मीन में क्यों बदल देना चाहती थी ?

**उत्तरमाला**

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1. b) राजस्थान
2. a) पुष्कर
3. b) गेहूँ
4. c) बुग्याल
5. a) मसाई
6. ग्रीष्म
7. जम्मू और कश्मीर
8. पशुओं के चारे की खोज में
9. योद्धा
10. 1871 ई.,
11. वैसे समूह जो पशुओं के साथ अजीविका की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान घूमते रहते हैं घुमंतू चरवाहा कहते हैं।
12. ऊन दुग्ध उत्पाद
13. गढ़वाल और कुमाऊँ के इलाके में पहाड़ियों के निचले हिस्से के आस–पास पाए जाने वाले सूखे जंगलों का क्षेत्र।
14. क्योंकि यूरोपीय शासक उन्हें बर्बर और खतरनाक मानती थी।
15. संदेह की दृष्टि से देखना / नियंत्रण की चेष्टा।

**3 या 5 अंक वाले प्रश्न के उत्तर**

1. क) धंगर अक्टूबर–नवंबर में चारो की कमी के कारण महाराष्ट्र के मध्य पठारों से चल पड़ते हैं।
   ख) वे कोंकण में जाकर डेरा डालते हैं। अच्छी बारिश और उपजाऊ मिट्टी की बदौलत इस इलाके में खूब खेती होती है।
   ग) कोंकणी किसान इन चरवाहों का दिल खोलकर स्वागत करते हैं। कोंकण के किसानों को रबी की फवसल के लिए अपने खेतों को दोबारा उपजाऊं बनाना होता है।
   घ) घंगरो के मवेशी खेतों में बची रह गई ठूँठो को खाते हैं और उनके गोबर से खेतों को खाद मिल जाती है।

ड) मानसून की बारिश शुरू होते ही धंगर कोंकण और तटीय इलाके छोड़कर सूखे पठारों की तरफ लौट जाते हैं, क्योंकि भेड़े गीले मानसूनी हालात को बर्दाश्त नहीं कर पाती हैं।

2. औपनिवेशिक सरकार ने बहुत सारे चरागाहों को शिकारगाहों में बदल दिया। उनमें से कीनिया के मासाईमारा तथा साम्बूरू नैशनल पार्क इलाकों में मासाई पशुपालकों को शिकार करने, जानवरों को चराने या घुसने की मनाही थी।

3. क) कुरूमा और कुरूबा समुदाय के लोगों की आवाजाही पशुओं की जरूरतों से प्रेरित होती थी।
   ख) ये लोग बरसात व सूखे मौसम के हिसाब से अपनी जगह बदलते थे।
   ग) सूखे के महीनों में वे लोग तटीय इलाकों की तरफ चले जाते थे और बरसात शुरू होने पर वापस चल देते थे।
   घ) मानसून के दिनों में तटीय इलाकों में ज़मीन दलदली हो जाती थी जो भैंसों को रास आती थी।
   ड) अन्य जानवरों को सूखे पठारी इलाकों में ले जाया जाता था।

4. क) अच्छे चरागाह की खोज
   ख) मौसमों के बदलने के कारण
   ग) पानी की खोज
   घ) कंदमूल फल सब्जियों की खोज
   ड) उत्पादों को बेचने के लिए

5. क) वनों में पशुओं को चराने पर रोक लगा दी गई थी।
   ख) वनों में आने जाने का समय तय करा दिया गया।
   ग) जंगलों में जाने का परमिट लेना पड़ता था।
   घ) जलावन की लकड़ी नहीं ले पाते थे।
   ड) नियमों को न मानने पर भारी जुर्माना।

6. क) सरकार का मानना था कि इससे कर लगाकर आमदनी बढ़ेगी।
   ख) ऐसा सोचना कि वन बेकार होते हैं जबकि कृषि फायदेमंद है।
   ग) चरवाहों को वनो से दूर करना।
   घ) ऐसे वन जहाँ टीक, साल, सागौन व शीशम के पेड़ थे उनसे लकड़ी का मिलना।
   ड) इससे जूट (पटसन) कपास, गेहूँ, आदि का उत्पादन बढ़ जाता था जिनकी इंग्लैंड में बहुत मांग थी।



भारत मे चरवाहे
गुज्जर बकरवाल
गद्दी
भोटिया
मोनपा
राइका
बंजारा
बंजारा
मालधारी
धंगर
कुरुमा
कुरुबा
गोल्ला
Tropic of cancer
कर्क रे
Scale
km 0 100 200 300 kms
1 cm = 230 kms (approx.)

## AFRICA


चरवाहे
बरबेर्स
बेदुईन्स
मूर्स
ताउरेग
बोदाबेकुलानी
काबाबिश
बेजा
डानाकिल
सोमाली
तुर्काना
बोरान
मासाई
इरेरो
तस्वाना
वुलू
नामा
SCALE
Km. 0 200 400 600 800 Km.

# भूगोल : समकालीन भारत – 1
# भारत आकार और स्थिति

**भारत : एक दृष्टि में**

- जनसंख्या – 121 करोड़ (2011 की जनगणना)
- क्षेत्रफल – 32.8 लाख वर्ग कि.मी.
- राज्यो की संख्या – 29
- केन्द्र शासित प्रदेश – 07
- विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का प्रतिशत – 2.4%
- विश्व के कुल जनसंख्या में प्रतिशत – 17.5%
- जनसंख्या के अनुसार भारत का स्थान – दूसरा
- क्षेत्रफल के अनुसार भारत का स्थान – सातवाँ
- भारत की स्थल सीमा रेखा – 15,200 कि.मी.
- भारत की समुद्री तट रेखा – 7516.6 कि.मी.
- भारत की मानक याम्योत्तर रेखा – 82°30′ पूर्व देशांतर
- भारत की अक्षाशीय विस्तार – 8°4′ उत्तरी अक्षांश से लेकर 37°6′उत्तरी अक्षांश तक
- भारत का देशांतरीय विस्तार – 68°7′ पूर्वी देशांतर से लेकर 97°25′ पूर्वी देशांतर तक
- भारत के पड़ोसी देश – अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव
- कर्क रेखा या 23°30′ उत्तरी अक्षांश वृत्त देश को दो बराबर भागों में बाँटती है।
- भारत में क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है और सबसे छोटा राज्य गोवा है।
- भारत की उत्तर से दक्षिण तक की लंबाई 3214 कि.मी.
- भारत की पूर्व से पश्चिम तक की चौड़ाई 2933 कि.मी.
- कर्क रेखा गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों से होकर गुज़रती है।

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. निम्न में से कौन सा अक्षांश वृत्त भारत दो बराबर भागों में विभक्त करता है।
   क) 23½° उत्तरी अक्षांश या कर्क रेखा
   ख) 23½° दक्षिणी अक्षांश या मकर रेखा
   ग) 66½° उत्तरी अक्षांश
   घ) 66½° दक्षिणी अक्षांश
2. भारत का सबसे पूर्वी देशांतर कौन सा है ?
   क) 96°25"
   ख) 97°25"
   ग) 90°75"
   घ) 93°50"
3. भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली ............................ जल संधि है।
4. कवस्ती जाने के लिए आप ....................... केन्द्र शासित प्रदेश में जाएंगे।
5. भारत का अक्षांशीय विस्तार ............................ है।
6. भारत के स्थल भाग का कुल क्षेत्रफल .............................. है।
7. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में ...........................स्थान है।
8. निम्न में से भारत को मानक याम्योत्तर देशांतर रेखा कौन सी है।
   क) 80½° पूर्वी देशांतर   ख) 82½° पश्चिमी देशांतर
   ग) 80½° पश्चिमी देशांतर   घ) 82½° पूर्वी देशांतर
9. विश्व के भौगोलिक क्षेत्रफल का कुल कितने प्रतिशत भारत के पास है।
   क) 2.9   ख) 3.4
   ग) 2.4   घ) 3.8
10. भारत की स्थल सीमा रेखा ............................ कि.मी. है।
11. अरब सागर में स्थित द्वीप समूहों को किस नाम से जाना जाता है।
   क) अंडमान द्वीप समूह   ख) निकोबार द्वीप समूह
   ग) लक्षद्वीप समूह   घ) सोकोतरा द्वीप
12. बंगाल की खाड़ी में ....................... द्वीप समूह स्थित है।
13. भारत को याम्योत्तर देशांतर रेखा किस स्थान से होकर गुज़रती है।
   क) मिर्जापुर   ख) लखनऊ
   ग) दिल्ली   घ) भोपाल
14. बांग्लादेश की सीमा से जुड़ेउ कोई एक राज्य का नाम बताइए।
   क) गुजरात   ख) तमिलनाडू
   ग) बिहार   घ) असम

15. स्वेज़ नहर .......................... और ......................... को जोड़ती है।

16. निम्न में से कौन सा देश भारत का पड़ोसी देश है।

क) मंगोलिया ख) मलेशिया

ग) म्यांमार घ) यमन

17. निम्न में से ऐसा कौन सा राज्य है जिसकी न तो अंतराष्ट्रीय सीमा है और न ही तटीय सीमा।

क) महाराष्ट्र ख) मध्य प्रदेश

ग) जम्मू व कश्मीर घ) केरल

18. निम्न में से सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य बताइए।

क) पश्चिम बंगाल ख) केरल

ग) गुजरात घ) महाराष्ट्र

19. भारत का कौन सा राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है।

क) असम ख) त्रिपुरा

ग) पश्चिम बंगाल घ) बिहार

1 अंक वाले

1. 23½° उत्तरी अक्षांश या कर्क रेखा
2. ख) 97°25" पूर्वी देशांतर
3. पाक जल–संधि
4. लक्षद्वीप
5. 8°4′ उत्तर से 37°6′ उत्तर अक्षांश के मध्य
6. 32.8 लाख वर्ग कि.मी.
7. सातवाँ
8. 82½° पूर्वी देशांतर
9. 24%
10. 15200 कि.मी
11. लक्षद्वीप समूह
12. अंडमान व निकोबार
13. मिर्जापुर
14. असम
15. भूमध्य सागर, लाल सागर
16. म्यांमार
17. मध्य प्रदेश
18. गुजरात
19. त्रिपुरा

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. उन देशों के नाम बताइये जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं ?
2. भारके के किन–किन राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है ? नाम बताइये ?
3. भारत की तट रेखा कितनी लंबी है ? इसके के दो लाभो का उल्लेख कीजिये ?
4. अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग तथा गुजरात के पश्चिमी भाग के मध्य सूर्योदय में दो घंटो का अंतर क्यों है ?
5. भारत को मानक समय की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?
6. भारत के विभिन्न देशों से संपर्क के कारण किन चीजों का आदान–प्रदान हुआ ? उल्लेख करो ।
7. भारत के पड़ोसी राष्ट्रों के नाम दिशाओं के अनुसार लिखिये ?
8. हिन्द महासार में भारत का केन्द्रीय स्थिति का इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त होता है ? (कोई तीन बिन्दु बताएँ)

## उत्तरमाला

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. i) रुस
   ii) कनाडा
   iii) संयुक्त राज्य अमेरिका
   iv) चीन
   v) ब्राजील
   vi) आस्ट्रेलिया
2. कर्क रेखा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।
3. भारत की तट रेखा की लंबाई 7516.6 कि.मी. है।
   i) बहुत से महत्वपूर्ण बंदरगाहो को स्थापित करने में मदद मिलती है। ये बंदरगाह भारत के लिए विदेशी व्यापार द्वारा हैं।

ii) मत्सय उद्योग को विकसित करने में सहायक बनी है। इस उद्योग में हजारों मछुआरों को रोजगार मिलता है।

4. i) भारत का पूर्वी देशान्तर $97^0 25'$ पूर्व है जबकि पश्चिमी भाग को देशान्तर $68^0 7'$ पूर्व है। इस प्रकार यह विस्तार $30^0$ के लगभग है।

ii) एक डिग्री देशान्तर को पार करने में सूर्य 4 मिनट का समय लेता है।

iii) इस प्रकार 4x30=120 मिनट अर्थात् 2 घंटे हुए।

5. i) भारत के पूर्वी तथा पश्चिमी छोर के मध्य $30^0$ देशान्तरों का अन्तर है।

ii) यह अन्तर समय के अनुसार लगभग 2 घंटों के बराबर है।

iii) समूचे देश के समय को व्यवस्थित रखने के लिए एक समय की आवश्यकता पड़ती है। अतः $82^0 30'$ पूर्वी देशान्तर को भारत का मानक समय मान लिया गया है।

6. भारत के विभिन्न देशों में जान वाली वस्तुऐं तथा विचार

i) उपनिषदों के विचार, रामायण तथा पंचतंत्र की कहानियाँ

ii) भारतीय अंक एवं दशमलव प्रणाली

iii) मसाले, मलमल आदि।

विभिन्न देशों से भारत में आने वाल चीजें :–

i) यूनानी स्थापत्य कला

ii) पश्चिमी एशिया से वास्तुकला के प्रतीक मीनरों तथा गुंबदो का विचार।

7. i) उत्तर पश्चिम दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) पाकिस्तान (ख) अफगानिस्तान।

ii) उत्तर दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) चीन (तिब्बत) (ख) नेपाल (ग) भूटान

iii) पूर्व दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) म्यांमार (ख) बांग्लादेश

iv) दक्षिण में भारत के पड़ोसी देश (द्वीपीय) (क) श्रीलंका (ख) मालदीव

8. i) हिन्द महासागर में कोई भी देश ऐसा नहीं है, जिसकी तट रेखा इतनी लम्बी हो।

ii) समुद्री मार्ग से यूरोप, पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और अफ्रीका के राष्ट्र व्यापार करने के लिये भारत से होकर गुजरते है। जिसका लाभ भारत को होता है।

iii) इन सभी लाभों से भारत से जुड़ा होने के कारण भारत के नाम पर ही महासागर का नाम हिन्द महासागर रखा गया।

# भारत – विस्तार एवं मानक रेखा



# भूगोल :– समकालीन भारत–1 (भुगोल)

## कक्षा – नौवीं

## अध्याय–2, भारत का भौतिक स्वरुप

याद रखने योग्य बातें :–

1. प्लेट विवर्तनिक का सिद्धांत : एक सिद्धांत जो भौतिक आकृतियों के निर्माण की व्याख्या करने की कोशिश करता है।

2. प्लेट विवर्तनिक के सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी पर्पटी सात बड़ी एवं कुछ छोटी प्लेटों से बनी है।

3. हिमालय को नवीन वलित पर्वत कहा जाता है।

4. हिमालय की लम्बाई 2400 किलोमीटर है तथा चौड़ाई कश्मीर में 400 किलो मीटर तथा अरुणाचल प्रदेश में 150 किलोमीटर है।

5. देशान्तरी विस्तार के अनुसार हिमालय को तीन श्रेणियों कश्मीर में बाँटा जाता है। (क) हिमाद्री (ख) हिमाचल (ग) शिवालिक

6. पूर्वांचल पटकाई, नागा, मिज़ो तथा मणिपुर की पहाड़ियों से मिलकर बनता है।

7. अनाईमुदी पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची शिखर है जिसकी ऊँचाई 2695 मीटर है जबकि महेंद्रगिरी पूर्वी घाट का सबसे ऊँची शिखर है जिसकी ऊँचाई 1501 मीटर है।

8. प्रायद्वीपीय पठार का वह क्षेत्र जहाँ काली मृदा पाई जाती है वह दक्कन ट्रैप कहलाता है।

9. लक्षद्वीप का नाम 1973 में पड़ा इससे पहले इनको लकादीव, मीनिकाए और ऐमिनदीव कहा जाता था।

10. दोआब का अर्थ है दो नदियों के बीच की भूमि।

11. चिल्का झील भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है यह उड़ीसा में स्थित है।

12. नदी के सागर में मिलने से पहले उसके प्रवाह में हल्का सा अवरोध आने पर मलबे का निक्षेपण होने लगता है। इससे अवसाद जमा होकर एक त्रिभुजाकार रुप ले लेता है। जिस डेल्टा कहते है।

13. हिमाचल में पाए जाने वाले प्रमुख दर्रे : काराकोरम दर्रा, रोहतांग दर्रा, वुर्जिल दर्रा, जोलिला दर्रा, पीरपंजाल दर्रा, शिपकिला दर्रा।


हिमालय पर्वत श्रृंखला
उत्तरी मैदान
द्वीप समूह
भारत का भौगोलिक वितरण
प्रायद्वीपीय पठार
तटीय मैदान
भारतीय मरुस्थल

# 1 अंको वाले प्रश्न

1. हिमालय के रुप में ऊपर उठने के कारण किस समुद्र भी समाप्ति हुई थी।

   क) अराल सागर  ख) लाल सागर

   ग) टेथिस सागर  घ) अरब सागर

2. भारत में हिमालय का सबसे ऊँचा शिखर ...................... है।

3. ................, .................. और ................, नदी तंत्र है। जिनसे उत्तर क विशाल मैदान का निर्माण हुआ।

4. पुरानी तथा नई जलोढ़ मृदा को ................. तथा .............. के नामों से जाना जाता है।

5. प्रायद्वीपीय पठार को ...................... व .................... में बाँटा जाता है।

6. भारत के कौन से द्वीप समूह प्रवाल से निर्मित है

   क) लक्षद्वीप  ख) अंडमान व निकोबार द्वीप समूह

   ग) दोनों सही है  घ) इनमें से कोई नहीं

7. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो क्या कहलाता है?

   क) जल संधि  ख) स्थल संधि

   ग) खाड़ी  घ) प्रायद्वीप

8. भारत के पूर्वी भाग में म्यांमार की सीमा का निर्धारण करने वाल पर्वतों का संयुक्त नाम क्या है।

   क) पूर्वाचल  ख) कारा कोरम

   ग) पीर पंजाल  घ) छोटा नागपुर

9. ढोआब क्या है।

   क) दो नदीयों की बीच की भूमि

   ख) दो पर्वतों के बीच बहने वाली नदी

   ग) उपर्युक्त दोनों

   घ) इनमें से कोई नहीं

10. चिल्का झील किस राज्य में स्थित है।

   क) महाराष्ट्र  ख) उड़ीसा

   ग) गुजरात  घ) केरल

11. बरकान क्या है ?

   क) मरुस्थलीय भागों में स्थिल छोटे तालाब

   ख) मरुस्थलीय भागों में अर्धचंद्रकार बाल के टीले

   ग) उपयुक्त दोनों

   घ) इनमें से कोई नहीं

12 भारतीय मरुस्थलीय क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी कौन सी है

   क) चंबल  ख) कोसी

   ग) लूनी  घ) तुंगभ्रद्रा

13. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहाँ स्थित है ?
    क) लक्षद्वीप    ख) मालवा का पठार
    ग) बैरनद्वीप, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह    घ) कंचनजंगा
14. नदियाँ पर्वतों से नीचे उतरते समय शिवालिक की ढाल पर 8 से 16 किलोमीटर की चौड़ी पट्टी पर गुटिका का निक्षेपण करती है जहाँ सभी सरिताएँ इस पट्टी में विलुप्त हो जाती है। इस पट्टी को .................... कहते है।
15. भाबर के दक्षिण में सरिताएँ एवं नदियाँ पुनः निकल आती हैं तथा दलदली क्षेत्र का निमार्ण करती हैं इसी क्षेत्र को ............................... कहा जाता है।

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. प्लेटों की गतियों को सामान्यतः कितने वर्गों में विभाजित किया जाता है ? व्याख्या भी कीजिए।
2. भू–पृष्ट की मुख्य प्लेटें कौन सी हैं ?
3. भारत में हिमालय के ऊँचे शिखर के नाम बताइए तथा उनकी ऊँचाई भी लिखिए ?
4. हिमाद्री की तीन विशेषताएँ बताइए ?
5. हिमाचल की तीन विशेषताएँ बताइए ?
6. शिवालिंक की तीन विशेषताएँ बताइए ?
7. नदी घाटियों की सीमाओं के आधार पर हिमालय का वर्गीकरण कीजिए ?
8. उत्तरी मैदान को मोटे तौर पर कितने वर्गों में विभाजित किया जाता है ?
9. उत्तरी मैदान की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?
10. प्रायद्वीपीय पठार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?
11. पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट के मध्य अंतर स्पष्ट करें ?
12. भारतीय मरुस्थल की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?
13. पश्चिमी तटीय मैदान तथा पूर्वी तटीय मैदान के मध्य अंतर स्पष्ट करें ?
14. भारती द्वीप समूह की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ?
15. भू–गर्भीय प्लेटें कौन सी हैं ?
16. आज के कौन से महाद्वीप गौंडवाना लैंड के भाग थे ?
17. हिमालय भारत के लिए वरदान स्वरुप कैसे हैं ? बताइए

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. टेथिस सागर
2. कंचनजंगा (8595 मी.)
3. सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र
4. भांगर, खादर

5. मध्य उच्चभूमि, ढककन का पठार
6. लक्षद्वीप
7. प्रायद्वीप
8. पूर्वांचल
9. दो नदियों के बीच की भूमि
10. उड़ीसा
11. मरुस्थलीय भागों में अर्धचंद्रकार बत्लू के टीले
12. लूनी
13. बैरेन द्वीप, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह।
14. भाबर
15. तराई

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. प्लेटों की गतियों को सामान्यः तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है।
   - i) **अभिसारी परिसीमाः** प्लेटों का एक दूसरे के निकट आना जिस के कारण वह या तो एक दसरे से टकरा कर या तो टूट जाती है या फिर एक प्लेट दूसरी के नीचे जा सकती है।
   - ii) **अपसारी परिसीमाः** प्लेटों का एक दूसरे से दूर जाना।
   - iii) **रुपांतर परिसीमाः** इसमें प्लेंटें क्षैतिज दिशा में गति करती है।
2. यूरेशियन प्लेट
   इंडियन प्लेट
   अफ्रीकन प्लेट
   उत्तरी अमेरिकन प्लेट
   दक्षिण अमेरिकन प्लेट
   अंटार्कटिक प्लेट
   प्रशांत महासागरीय प्लेट
3. कंचनजंगा (8598 मीटर)
   नंगा पर्वत (8126 मीटर)
   कोमेट (7756 मीटर)
   नामचा बरुआ (7756 मीटर)

4. i) यह सब से अधिक सतत श्रृंखला जिसमें 6000 मीटर की औसत ऊंचाई वाले सर्वाधिक ऊँचे शिखर हैं।

ii) हिमालय के इस भाग का क्रोड ग्रेनाइट का बना हुआ है।

iii) यह श्रृंखला सदैव बर्फ से ढकी रहती है तथा इससे बहुत सी हिमानियों का प्रवाह होता है।

5. i) इन श्रृंखलाओं का निर्माण मुख्यतः अत्यधिक संपीडित तथा परिवर्तित शैलों से हुआ है।

ii) इनकी ऊंचाई 3700 मीटर से 4500 मीटर के बीच है तथा चौड़ाई 50 किलोमीटर है, पीर पंजाल श्रृंखला सबसे लंबी है तथा धौलाधर एवं महाभारत श्रृंखलाएं भी महत्वपूर्ण हैं।

iii) कश्मीर की घाटी तथा हिमाचल की काँगड़ा तथा कुल्लू की घाटियाँ इसी में स्थित हैं।

6. i) इस की चौड़ाई 10 से 50 किलोमीटर तथा ऊंचाई 900 से 1100 मीटर के बीच है।

ii) यह श्रृंखलाएँ उत्तर में स्थित मुख्य हिमालय की श्रृंखलाओं से नदियाँ के द्वारा लायी गई असंपीडित अवसादों से बनी है।

iii) शिवालिक के बीच में स्थित यह लंबवत घाटी तो दून के नाम से जाना जाता है। जैसे देहरादून कोतलिदून तथा पाटलीदून।

7. i) सतलुज तथा सिन्धु के बीच स्थित हिमालय को पंजाब हिमालय कहते हैं।

ii) सतलुज तथा काली नदियों के बीच स्थित हिमालय को कुमाऊ हिमालय कहते हैं।

iii) काली तथा तीस्ता नदियों के बीच के हिमालय को नेपाल हिमालय कहते हैं।

iv) तीस्ता तथा दिहांग नदियों के बीच के हिमालय को असम हिमालय कहते हैं।

8. i) सिन्धु तथा उसकी सहायक नदियों झेलम, चेनाब, रावी, व्यास, तथा सतलुज का मैदान जो अधिकतर दोआबों का निर्माण करती हैं पंजाब का मैदान कहलाता है। इसका अधिकतर भाग पाकिस्तान में स्थित है।

ii) गंगा, घघ्घर तथा तीस्ता नदियों के बीच स्थित मैदान गंगा के मैदान के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र में भारत के राज्य हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड के कुछ भाग तथा पश्चिमी बंगाल आते हैं।

iii) ब्रह्मपुत्र का क्षेत्र विशेषतः असम का मैदान कहलाता है।

9. i) इस मैदान का निर्माण मुखतः हिमालय की नदियों तथा प्रायद्विपीय नदियों द्वारा ली गई जलोढ़ मिट्टी मृदा के कारण हुआ है।

ii) इस का विस्तार 7 लाख वर्ग किलोमीटर है यह मैदान लगभग 2400 किलोमीटर लम्बा और 240 किलोमीटर से 320 किलोमीटर चौड़ा है।

iii) यह मैदान अत्यधिक उपजाऊ है।

iv) यह मैदान भारत का सघन भू–भाग है।

v) इस मैदान की नदियाँ समुद्र में गिरते हुए डेल्टा का निर्माण करती हैं। यह क्षेत्र भी उपजाऊ होते हैं।

10. i) यह प्राचीनतम भू–भाग गोंडवाना भूमि का एक मेज की आकृति वाला स्थल है जो आग्नेय, पुराने क्रिस्टलीय तथा रूपांतरित शैलों से बना हैं।

ii) इस के दो भाग हैं, नर्मदा नदी के दक्षिण में एक त्रिभुजाकार भू–भाग हैं इसे दक्षिण का पठार कहते हैं जबकि उत्तरी भाग को मध्य उच्च भूमि कहते हैं। इसमें छोटा नागपुर का पठार, बुंदेलखंड का पठार और मालवा का पठार सम्मिलत हैं।

iii) इस पठार का एक भाग उत्तर पूर्व में भी देखा जा सकता है इसे मेघालय तथा कार्बी आंगलौंग पठार भी कहते हैं।

iv) दक्षिणी पठार के पश्चिमी तथा पूर्वी किनारे क्रमशः पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट कहलाते हैं।

v) दक्षिणी पठार के काली मिट्टी का क्षेत्र दक्कन ट्रैप कहलाता है।

11. **पश्चिमी घाट :–**

क) पश्चिमी घाट पश्चिमी तट के सामानांतर सतत श्रृंखला है जिसे केवल दर्रों से पार ही किया जाता है।

ख) पश्चिमी घाट की ऊँचाई 900 से 1600 मीटर है, पश्चिमी घाट की ऊंचाई उत्तर से दक्षिण की और बदली जाती है।

ग) अनाईमुदी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

**पूर्वी घाट :–**

क) पूर्वी घाट पूर्वी तट के सामानांतर असतत श्रृंखला है जिसे बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियों ने काट दिया है।

ख) पूर्वी घाट की औसत ऊंचाई 600 मीटर है।

ग) महेंद्रगिरी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

12. i) इस क्षेत्र में 150 मि.मी. से कम वार्षिक वर्षा होती है।

ii) इस क्षेत्र में वनस्पति बहुत कम है।

iii) इस क्षेत्र की नदियाँ समुद्र तक कम जल होने के कारण नहीं पहुँच पाती और केवल वर्षा ऋतु में ही दिखाई देती हैं।

iv) बरकान (अर्धचन्द्राकार बालू का टीला) इस क्षेत्र में अधिक मिलते हैं, लम्बवत बालू के टीले भारत–पाकिस्तान की सीमा के निकट जैसलमेर में दिखाई देते हैं।

v) लूनी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी है।

13. **पश्चिमी तटीय मैदान :–**

क) पश्चिमी घाट तथा अरब सागर के मध्य स्थित मैदान हैं।

ख) पश्चिमी तटीय मैदान के तीन भाग हैं।

ग) उत्तरी भाग को कोंकण, मध्य भाग को कन्नड़ तथा दक्षिणी भाग को मालाबार कहते है।

घ) पश्चिमी तटीय मैदान कम चौड़ा है।

**पूर्वी तटीय मैदान :–**

क) पूर्वी घाट तथा बंगाल की खाड़ी के मध्य स्थित मैदान है।

ख) पूर्वी तटीय मैदान दो भागों में विभाजित है उत्तरी भाग को उत्तरी सरकार तथा दक्षिणी भाग को कोरोमंडल तट के नाम से जाना जाता है।

ग) यह मैदान विस्तृत है।

14. भारत के द्वीप समूह को दो भागों में विभाजित किया जाता है।

1. लक्षद्वीप समूह

क) ये दीप प्रवाल से निर्मित हैं।

ख) इनका क्षेत्रफल कुल 32 कि.मी. है। कावारत्ती इस का प्रशासनिक मुख्यालय है।

ग) इस द्वीप समूह में पादप तथा जन्तुओं की अनगिनत प्रकार की प्रजाति पाई जाती है।

(ii) अंडमान एवं निकोबार दीप समूह

क) यह द्वीप उत्तर से दक्षिण की ओर फैले हुए हैं और दो भागों में विभाजित है, उत्तर में अंडमान और दक्षिण में निकोबार।

ख) ये द्वीप जलमग्न पर्वतों का हिस्सा माने जाते हैं।

ग) इनकी जलवायु विषुवतीय है इस द्वीप समूह में पादक तथा जन्तुओ की बहुत विविधता पाई जाती है। यह द्वीप देश की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पोर्ट ब्लेयर इस का प्रशासनिक केंद्र है।

15. पृथ्वी के अन्दर से उठने वाली संवहन तरंगो के कारण भू–पृष्ठ कई बड़े बड़े खण्डो में बँट गया है इन्ही भू–खण्डो को भू–गर्भीय प्लेट कहा जाता है?

16. दक्षिणी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, प्राय–द्वीपीय भारत और ऑस्ट्रेलिया, गोंडवाना लैंड के भाग थे।

17. i) भारत को अविजित सीमा प्रदान करता है।

ii) मानसूनी हवाओं को रोक कर भारत में वर्षा का कारण बनता है।

iii) सदानीरा नदियों का एकमात्र स्रोत।

iv) प्राकृतिक संसाधनों का अक्षय भंडार।

v) सुन्दर घाटियों और स्वास्थ्यवर्धक आश्रय स्थल।




प्लेटों की विभिन्न गतियाँ






भारत — मुख्य भौगोलिक वितरण

## भूगोल :– समकालीन भारत–1

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–3, अपवाह

**याद रखने की बातें :–**

1. ''अपवाह'' एक क्षेत्र के नदी तंत्र की व्याख्या के लिए उपयोग होता है।
2. एक नदी तंत्र द्वारा जिस क्षेत्र का जल प्रवाहित होता है उसे अपवाह द्रोणी कहते हैं।
3. गंगा की मुख्य धारा भागीरथी देवप्रयाग में अलकनंदा से मिल जाती है।
4. हरिद्वार में गंगा पहाड़ो को छोड़ कर मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है।
5. ब्रह्मपुत्र नदी में तिब्बत में गाद कम होती है क्योंकि तिब्बत एक शुष्क तथा शीत क्षेत्र है।
6. प्रायद्वीपीय भारत की मुख्य नदियों में नर्मदा, ताप्ती, महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी हैं।
7. भारत का सबसे बड़ा जल प्रपात कर्नाटक में शरावती नदी पर जोग जल प्रपात है इसकी ऊंचाई 255 मीटर है।
8. पृथ्वी के धरातल का 71 प्रतिशत भाग जल से ढका हुआ है लेकिन इसका 97 प्रतिशत जल लवणीय है केवल 3 प्रतिशत भाग ही स्वच्छ जल के रूप में है जिसका 3/4 भाग हिमानी के रूप में है।
9. भारत में मीठे पानी की प्राकृतिक झीलें:– वुलर, डल, भीमताल, नैनीताल, लोकताक तथा बड़ापानी हैं।
10. मानव निर्मित झीलों में गोविन्द सागर, राणा प्रताप सागर, निज़ाम सागर, महत्वपूर्ण हैं।
11. विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा सुंदर वन है, सुन्दर वन डेल्टा का नाम यहाँ पाए जाने वाले सुंदरी के पेड़ के कारण पड़ा है।


झीलों
की
उपयोगिता
बाढ़ की
रोकथाम
नदी के
बह्यव को
सुचारु
बनाना
जल विद्युत
का निर्माण
जलवायु
को सामान्य
बनाना
जलीय
पारितंत्र को
संतुलित
करना
पर्यटन
को बढ़ावा

## भारतीय नदियाँ

**हिमालय की नदियाँ**

- सिंधु नदी तंत्र
- गंगा नदी तंत्र
- ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र

**प्रायद्वीपीय नदियाँ**

- नर्मदा द्रोणी
- पानी द्रोणी
- गोदवरी द्रोणी
- महानदी द्रोणी
- कृष्णा द्रोणी
- कावेरी द्रोणी

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. पर्वत या उच्च भूमि जो पड़ोसी अपवाह द्रोणियों को एक दूसरे से अलग करती है उसे ...................................... कहते है।

2. दक्षिण गंगा किस नदी को कहते है।

   क) कृष्णा     ख) गोदावरी

   ग) तुगंभ्रदा     घ) चंबल

3. निम्न में से कौन सी नदी अरब सागर में गिरती है और ज्वारनदमुख का निमार्ण करती है।

   क) नर्मदा     ख) गंगा

   ग) सिंधु     घ) कोसी

4. धुआंधार प्रपात किस नदी के द्वारा बनाया जाता है।

   क) व्यास     ख) कावेरी

   ग) नर्मदा     घ) ब्रह्मपुत्र

5. सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कौन सी है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | वुलर झील | ख) | साम्भर झील |
| ग) | दोनों सही है | घ) | इनमें से कोई नहीं |

6. अंतर्देशीय खारे पानी की झील कौन–सी है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | पुलिकट झील | ख) | साम्भर झील |
| ग) | दोनों सही है | घ) | इनमें से कोई नहीं |

7. खारे पानी की झील जो समुद्र से बालू अवरोधों जीवओं के कारण बनती है उसे .................. कहते है ?

8. बिहार का शोक किस नदी को कहते है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | तापी | ख) | कोसी |
| ग) | चंबल | घ) | सोन |

9. हिमालय से निकलने वाली प्रमुख नदी का नाम बताइए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | कृष्णा | ख) | गोदावरी |
| ग) | गंगा | घ) | इनमें से कोई नहीं |

10. सिंधु नदी का उद्‌गम स्थल क्या है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मानसरोवर झील | ख) | कंचन जंगा पर्वत |
| ग) | नंगा पर्वत | घ) | अरावली |

11. किस स्थान पर गंगा पर्वतीय भाग में मैदानी भाग में प्रवेश करती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | हरिद्वार | ख) | कोटद्वार |
| ग) | देहरादून | घ) | ऋषिकेश |

12. प्रायद्वीपीय उच्चभूमि से आने वाली गंगा की सहायक नदियाँ ................ और ................ हैं ।

13. ब्रह्मपुत्र नदी किस राज्य से भारत में प्रवेश करती है।

क) अरूणाचल प्रदेश	ख) हिमाचल प्रदेश

ग) असम	घ) पश्चिम बंगाल

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. हिमालय की नदियों और प्रायद्वीपीय नदियों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. सिन्धु नदी तंत्र की व्याख्या करें।
3. गंगा नदी तंत्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
4. ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
5. झीलें मानव के लिए क्यों महत्वपूर्ण है नदियों के आर्थिक महत्व की विवेचना कीजिए? (कोई तीन बिन्दु)
6. नदियों के आर्थिक महत्व की विवेचना कीजिए ? (कोई तीन बिन्दु)
7. नदियों में प्रदूषण के कारणों की समीक्षा करें ? (कोई तीन बिन्दु)
8. लम्बी धारा होने के बावजूद तिब्बत के क्षेत्र में ब्रह्ममपुत्र में कम गाद क्यों होती है ? (कोई तीन बिन्दु)
9. ज्वारनदमुख क्या होते है ?
10. सहायक नदियों और वितार्निकाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए ?
11. नदियों के द्वारा निर्मित विभिन्न अपवाह प्रतिरुपों की व्याख्या कीजिए ?

# उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. जल विभाजक
2. गोदावरी
3. नर्मदा
4. नर्मदा
5. वुलर झील
6. साम्भर झील
7. लैगून
8. कोसी
9. गंगा
10. मानसरोवर झील
11. हरिद्वार
11. चंबल, बेतवा, सोन (कोई दो)
13. अरुणाचल प्रदेश

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. हिमालय की नदियाँ :–
   i) हिमालय की अधिकतर नदियाँ बारामासी होती है।
   ii) ये नदियाँ अपनी उत्पत्ति से समुद्र तक लम्बा रास्ता पार करती है।

iii) ये अपने बाढ़ वाले मैदानों में बहुत सी निक्षेपण आकृतियों का निर्माण करती है और पूर्ण विकसित डेल्टाओं का भी निर्माण करती है।

iv) गंगा, ब्रह्मपुत्र आदि इसके उदाहरण है।

प्रायद्विपीय नदियाँ :–

1) अधिकतर प्रायद्विपीय नदियाँ मौसमी होती हैं।

2) प्रायद्वीपीय नदियों की लम्बाई कम होती है और ये छिछली होती है।

3) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ डेल्टा बनती है।

4) महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी इसके उदाहरण है।

2. 1) सिन्धु नदी का उद्गम मानसरोवर झील के निकट तिब्बत में है ये नदी पश्चिम की ओर बहती हुई भारत में जम्मू एवं कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में प्रवेश करती है।

2) ज़ास्कर, नुबरा, श्योक, हुन्ज़ा, सतलुज, ब्यास, रावी, चेनाब, तथा झेलम इसकी सहायक नदियाँ हैं।

3) सिन्धु नदी का ढाल बहुत धीमा है।

4) इसका एक तिहाई भाग ही भारत के जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, तथा पंजाब में है, शेष पाकिस्तान में है।

5) इस की लम्बाई 2900 कि.मी. है।

3.

– गंगा भारत की सबसे लम्बी नदी है, इसकी लम्बाई 2500 कि.मी. से अधिक है।

– यमुना, घाघरा, गंडक, कोसी, गंगा की हिमालय की इसकी सहायक नदियाँ हैं जबकि चंबल, सोन, बेतवा प्रायद्विपीय नदियाँ हैं।

– गंगा पूर्व दिशा में फरक्का तक बहती है और फिर दो भागों में विभाजित हो जाती है एक भागीरथी हुगली जो बंगाल से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

– दूसरी शाखा बांग्लादेश में जाकर ब्रह्मपुत्र के साथ मिल कर विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा सुंदरवन बनाती है।

– गंगा नदी तंत्र उत्तर के विशाल मैदान के बहुत बड़े भाग को सींचता है।

4.

– ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के निकट मानसरोवर झील के पूर्व से निकलती है और पूर्व की ओर बहती है।

- इसकी लम्बाई 2900 कि.मी. है। पर इसका अधिकतर भाग भारत से बाहर है।
- नामचा बरुखा शिखर के पास पहुंच कर ये यू अक्षर जैसा मोड़ लेती है और अरुणाचल प्रदेश में एक गौर्ज के माध्यम से प्रवेश करती है।
- दिबांग, लोहित, केनुला, इसकी मुख्य सहायक नदियाँ हैं।
- भारत में असम के मैदान को यह नदी मुख्यतः सींचती है परन्तु वर्षा ऋतु में इसकी बाढ़ असम में अधिक नुकसान करती है।
- असम में इस में गाद बहुत होती है।

5.

- झीलें नदी के बहाव को सुचारू बनाने में सहायक होती है।
- अत्यधिक वर्षा के समय यह बाढ़ को रोकती हैं तथा सूखे के मौसम में ये पानी के बहाव को संतुलित करने में सहायता करती है।
- झीलों का प्रयोग जल विद्युत् उत्पन्न करने में भी किया जा सकता है।
- झीलें आस–पास के क्षेत्रों की जलवायु को सामान्य बनाती है।
- झीलें जलीय पारितंत्र को संतुलित रखती है।
- झीलें पर्यटन को भी बढ़ावा देती है।

6.

- नदियों का जल प्राकृतिक संसाधन है और अनेक मानवीय क्रिया कलापों के लिए है।
- नदियों के तट प्राचीन काल से ही निवास स्थान रहे हैं ये गाँव अब बड़े–बड़े शहर बन चुके हैं जो आर्थिक गतिविधियों का केंद्र हैं।
- सिंचाई, नौसंचालन, जलविद्युत निर्माण में नदियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

7.

- नदी जल की घरेलु, औद्योगिक तथा कृषि में बढ़ती मांग के कारण इसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई है।
- उद्योगों के द्वारा अपरिष्कृत कचरे को नदियों में बहा देने से प्रदूषण बढ़ा है।
- शहरीकरण के कारण भी प्रदूषण बढ़ा है।

8. – तिब्बत ठंडा तथा शुष्क क्षेत्र है

– वर्षा कम होने की वजह से इसकी सहायक नदियों में भी जल की मात्रा कम होती है।

– जल कम होने के कारण इसकी अपरदन शक्ति कम है जिसके कारण इसमें गाद की मात्रा कम होती है।

9. जब नदी समुद्र में तीव्र ढाल के साथ गिरती है तो उसकी गति भी तीव्र होती है जिसके कारण उसके मुहाने पर कोई निक्षेपण नहीं हो पाता यही मुहाने ज्वरनदमुख कहलाते है।

10. **सहायक नदी :–**

– वह नदी जो किसी बड़ी नदी में आकर मिल जाती है उसे सहायक नदी कहते है।

– यह नदी मुख्य नदी का जल स्तर बढ़ा देती है और उस के प्रवाह को भी तेज़ कर देती है।

– जैसे यमुना गंगा की सहायक नदी है।

**वितार्निका :–**

– वह नदी जो किसी नदी से अवरोध के कारण अलग हो कर बहने लगती है वितार्निका कहलाती है।

– यह नदी के जल स्तर को घटा देती है और उसके प्रवाह को भी धीमा कर देती है।

– जैसे हुगली गंगा की वितार्निका है।

11. –– द्रुमाकृतिक प्रतिरूप

–– जालीदार प्रतिरूप

–– आयताकार प्रतिरूप

–– आरीय प्रतिरूप

–– अंतर्देशीय अपवाह प्रतिरूप

कुछ प्रायद्वीपीय नदी द्रोणियो की महत्वपूर्ण जानकारी

| नदी द्रोणी का नाम | उद्गम | लम्बाई | सहायक नदियाँ | द्रोणी क्षेत्र | अन्य विशेषताएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| नर्मदा द्रोणी | मध्य प्रदेश के निकट अमरकंटक की पहाड़ियों से | 1,312 कि. मी. | शक्कर, दुधि, तवा,गंजल आदि | मध्य प्रदेश तथा गुजरात के कुछ भाग | समुद्र तक पहुँचने से पहले जबलपुर के निकट संगमरमर में गोर्ज और धुआंधार प्रपात का निर्माण नदी दुवारा किया जाता है. |
| तापी द्रोणी | मध्य प्रदेश के बेतुल जिले मैं सतपुड़ा की श्रृंखला से | 724 | पूर्ण, गिरना,और पंझरा. | मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र | यह नर्मदा के सामानांतर एक भ्रंश घटी में बहती है. |
| गोदावरी द्रोणी | महाराष्ट्र के नासिक जिले मैं पश्चिमी घाट की ढालों से निकलती है. | 1500 कि. मी. | पूर्ण, वर्धा, प्रहिन्ता, मांजरा, वेनगंगा, पेनगंगा | महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना | यह दक्षिण की सब से लम्बी नदी है इसे दक्षिण गंगा भी कहते हैं. |
| महानदी द्रोणी | छत्तीसगढ़ की उच्च भूमि | 860 कि. मी. | शिवनाथ,मांड,दया आदि | ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, | बंगाल की खाड़ी मैं गिरती है. |
| कृष्णा द्रोणी | महाराष्ट्र के महाबालेश्वर के निकट से | 1400 कि. मी. | तुंगभद्र, कोयना, घटप्रभा,मूसी, तथा भीमा | महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश | बंगाल की खाड़ी मैं गिरती है. |
| कावेरी द्रोणी | पश्चिमी घाट के ब्रहमगिरी श्रंखला से | 760 कि. मी. | अमरावती, भवानी, हेमावती, तथा काबिनी. | तमिलनाडू, केरल, तथा कर्नाटक | कुद्लुर के दक्षिण में बंगाल की खाड़ी मैं गिरती है. |


भारत
मुख्य नदियाँ और झीलें
36° उ॰
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8° उ॰
72°पू॰
76°
84°
88°
92°पू॰
चीन
(तिब्बत)
सांगपो नदी
पाकिस्तान
ने
पा
ल
भूटान
ब्रह्मपुत्र नदी
बांग्लादेश
कर्क रेखा
म्यांमार
भा
र
त
सांभर नमक
झील
गंगा नदी
यमुना नदी
घाघरा नदी
कोसी नदी
गंगा नदी
चंबल नदी
बेतवा नदी
सोन नदी
राणा प्रताप
सागर
गांधी सागर
गोविंदवल्लभ
पंत सागर
नर्मदा नदी
ताप्ती नदी
पेन गंगा नदी
गोदावरी नदी
महानदी
चिल्का झील
निज़ाम
सागर
कृष्णा नदी
नार्गार्जुन
सागर
कोलेरू झील
अरब
सागर
बंगाल की
खाड़ी
तुंगभद्रा नदी
लिंगामक्की
झील
कृष्णराज सागर
झील
पुलिकट झील
कावेरी नदी
वेंबनाद
झील
लक्षद्वीप
(भारत)
हिंद
महासागर
श्रीलंका
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
0
200
400
600 कि॰मी॰




चित्र 5.3 : प्राकृतिक वनस्पति

मानचित्र को देखकर पता लगाए कि कुछ राज्यों में वनों का विस्तार अधिक क्यों है?

# अध्याय – 4

# जलवायु

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. मानसून शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के शब्द मौसिम से हुई है। जिसका अर्थ है – मौसम।
2. किसी क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक– अक्षांश, ऊँचाई, वायुदाब, पवन तन्त्र, समुद्र से दूरी, महासागरीय धारायें तथा उच्चावच हैं।
3. लू–ये धूलभरी, गर्म और शुष्क पवनें होती हैं जो मई–जून में दिन के समय भारत के उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों में चलती हैं।
4. विश्व में सबसे अधिक वर्षा मासिनराम में होती है।
5. भारत की जलवायु को मानसूनी जलवायु कहा जाता है।
6. जेट धारा–ऊपरी क्षोभमंडल के संकीर्ण क्षेत्र में तीव्र वेग से बहने वाली पवन।
7. एलनीनो एक गर्म जलधारा है। यह पेरु के तट पर उत्पन्न होती है, और पेरु की शीतधारा को अस्थायी रूप से हटाकर उसका स्थान ले लेती है।
8. मानसून का फटना– अचानक ही कई दिनों तक वर्षा का लगातार होना और प्रचंड रूप रखना मानसून का फटना कहलाता है।
9. वर्षा ऋतु में भारत में हवायें समुद्र से स्थल की ओर चलने लगती हैं,जिन्हें हम मानसूनी हवायें कहते हैं।
10. मानसूनी हवाओं को दो भागों में बांटा जाता है
    1) दक्षिणी–पश्चिमी मानसून
    2) उत्तरी–पूर्वी मानसून।
11. भारत में अधिकांश वर्षा दक्षिणी–पश्चिमी मानसून से होती है।
12. भारत की ऋतुएँ – भारत में मुख्य रूप से चार ऋतुएँ पायी जाती हैं।
    i) शीत ऋतु – मध्य नवम्बर से फरवरी तक
    ii) ग्रीष्म ऋतु – मार्च से मई तक
    iii) वर्षा ऋतु – जून से सितम्बर
    iv) लौटते हुए मानसून की ऋतु–अक्टूबर से नवम्बर


अक्षांश
तुंगता (ऊँचाई)
उच्चावच लक्षण
भारत की जलवायु को प्रभावित करने वालेकारक
वायु ढ़ाब एवं पवन तंत्र
महासागरीय धाराँए
समुद्र से दूरी

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. विश्व में सबसे अधिक वर्षा कहाँ होती है ?

   क) चेरापूंजी  ख) गँगटाक

   ग) मासिनराम  घ) गुवाहाटी

2. गर्मी के मौसम में उत्तरी मैदानो में बहने वाली गर्म एवं शुष्क पवन को क्या कहा जाता है ?

   क) काल वैशाख  ख) लू

   ग) इनमे से दोनो  घ) इनमे से कोई नही

3. भारत मे सबसे ठंडा स्थान कौन सा है ?

   क) द्रास  ख) श्रीनगर

   ग) मनाली  घ) माऊंट आबू

4. पश्चिमी बंगाल में तीव्र हवाओं के साथ होने वाली मूसलाधार वर्षा जो भारी तबाही का कारण बनती है ............................ कहलाती है।

5. वह प्रदेश जहाँ दिन और रात के तापमान में अधिक अंतर नही पाया जाता है।

   क) केरल  ख) मध्य प्रदेश

   ग) जम्मू कश्मीर  घ) हरियाण

6. भारत में मानसून का आगमन कब होता है।

   क) जून के प्रारंभ में  ख) जुलाई के प्रारंभ में

   ग) अगस्त क प्रारंभ में  घ) इनमें से कोई नहीं

7. भारत में शीतऋतु में स्थल से समुद्र की ओर बहने वाली पवनों को क्या कहाँ जाता है।

   क) उत्तरी–पूर्वी व्यापारिक पवनें  ख) दक्षिणी पश्चिमी मानसून पवनें

   ग) इनमें से कोई नहीं  घ) उपयुक्त दोनों

8. भारत में ................., ................., ................., और ................., ऋतु पाई जाती है।

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. एलनीनों की व्याखा कीजिये।
2. दक्षिणी–पश्चिमी मानसून और उत्तरी पूर्वी मानसून के बीच तीन अंतर बताइये।
3. भारत में मानसूनी प्रकार की जलवायु क्यों है ? (कोई तीन बिन्दु)
4. भारत के किस भाग में दैनिक तापमान अधिक होता है एवं क्यों ?
5. जेट धाराएँ क्या है, तथा वे किस प्रकार भारत की जलवायु को प्रभावित करती हैं ?
6. भारत में वर्षा का वितरण असमान क्यों है ? (कोई तीन बिन्दु)
7. कोरिआलिस बल क्या है ?
8. पश्चिमी चक्रवातीय विक्षोभ का व्याख्या कीजिए ?
9. उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र क्या है ?

10. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक कौन–कौन से है? व्याख्या कीजिये।
11. भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा की विशेषताएँ बताइयें।
12. भारत की जलवायु अवस्थाओं की क्षेत्रीय विभिन्नताओं को उदाहरण सहित समझाइये ?
13. मौसम और जलवायु में अंतर स्पष्ट कीजिए।
14. भारत की शीत ऋतु की विशेषताये लिखिये । (कोई तीन बिंदु)

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. मासिनराम
2. लू
3. द्रास
4. काल वैशाखी
5. केरल
6. जून के प्रारंभ में
7. उत्तरी पूर्वी व्यापारिक पवने
8. शीतऋतु, ग्रीष्म ऋतु, बढ़ता हुआ मानसून, लौटते हुए मानसून की ऋतु

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. एलनीनो एक गर्म जलधारा है। यह पेरु के तट पर उत्पन्न होती है और पेरु की शीत जलधारा को अस्थायी रूप से हटाकर उसका स्थान ले लेती है। एलनिनो एक स्पैनिश शब्द है, जिसका अर्थ होता है बच्चा, जोकि बेबी क्राइस्ट को व्यक्त करता है। क्योंकि यह धारा क्रिसमस के समय बहना शुरु करती है।
2. **दक्षिणी – पश्चिमी मानसून**
   1) यह मानसून अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से उत्तर की ओर बढ़ता है।
   2) ये मानसूनी पवने जून से सितम्बर माह में बहती है।
   3) ये पवने देश व्यापी वर्षा करती है।

   **उत्तरी – पूर्वी मानसून**
   1) यह मानसून उत्तर – पूर्व से समुद्र की ओर बढ़ता है।
   2) ये पवनें अक्टूबर – नवम्बर माह में चलती है।
   3) ये पवने तमिलनाडु में वर्षा करती है।

3. 1) भारतीय जलवायु मानसूनी पवनों से नियन्त्रित रहती है।

2) भारत उष्ण–कटिबन्धीय क्षेत्र में स्थित है। इसका आधा भाग कर्क रेखा से दक्षिण की ओर पड़ता है।

3) यहाँ पृथ्वी का घूर्णन सक्रिय रहता है। जो उत्तरी ओर दक्षिणी गोलार्द्ध की पवनों को दाएं ओर बाएं मोड़ता है।

4. 1) यह भारत का उत्तरी–पश्चिमी हिस्सा है। यहाँ का तापमान 48 डिग्री तक बढ़ जाता है।

2) मई–जून माह में भारत के उत्तर–पश्चिमी हिस्सो में न्यून वायुदाब की दशायें तीव्र हो जाती हैं।

3) भारत में दक्षिणी–पश्चिमी मानसूनी हवायें प्रवेश करती हैं। जिससे इन भागों में आर्द्रता एवं उमस बढ़ जाती है।

4) मई जनू के माह में धूल भरी, गर्म और शुष्क पवनें चलती हैं, जिन्हें लू कहा जाता है।

5. ऊपरी क्षोभमण्डल के संकीर्ण क्षेत्र में तीव्र वेग से बहने वाली पवन जेट धारा कहलाती है। इसके प्रवाह की दिशा जलधाराओं की तरह निश्चित होती है इसलिए इसे जेट धारा कहा जाता है। ये धरातल से 6 से 14 किमी. की ऊँचाई पर लहरदार रूप में बहती है।

1) भारत की जलवायु पर जेट धाराओं की गति का गहरा प्रभाव पड़ता है।

2) शीत ऋतु में हिमालय के दक्षिणी भाग के ऊपर समताप मंडल में पश्चिमी जेट धाराओं की स्थिति रहती है। जून के महीने में यह उत्तर की ओर खिसक जाती है।

6. 1) मानसूनी पवने नियमित नहीं हैं।

2) उष्ण कटिबन्धीय स्थल व समुद्रों के ऊपर प्रवाह के दौरान ये विभिन्न वायुमंडलीय अवस्थाओं से प्रभावित होती हैं।

3) मानसून का समय जून से लेकर सितम्बर तक होता है।

7. पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न आभासी बल को कोरिआलिस बल कहते हैं। इस बल के कारण पवने उत्तरी गोलार्द्ध में दाएं और दक्षिणी गोलार्द्ध में बाएं ओर मुड़ जाती हैं। इसे फेरेल का नियम भी कहते हैं।

8. सर्दी के महीनों में उत्पन्न होने वाला पश्चिमी चक्रवातीय विक्षोभ भूमध्यसागरीय क्षेत्रों से आने वाले पश्चिमी प्रवाह के कारण होता है। वे प्रायः भारत के उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात मानसूनी महीनों के साथ–साथ अक्टूबर व नवम्बर के महीनों में भी आते है। तथा ये पूर्वी प्रवाह के एक भाग होते हैं। एवं देश के तटीय क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं।

9. विषुवतीय अंक्षाशो में विस्तृत गर्त एवं निम्न दाब का क्षेत्र होता है। यहीं पर उत्तर पूर्वी तथा दक्षिण–पूर्वी व्यापारिक पवनें आपस में मिलती हैं। यह अभिसरण क्षेत्र विषुवत वृत्त के लगभग समानान्तर होता है। लेकिन सूर्य की आभासी गति के साथ–साथ यह उत्तर या दक्षिण की ओर खिसकता है।

10
1) अक्षांश – अक्षांश पर किसी भी देश की स्थिति का प्रभाव जलवायु पर पड़ता है।
2) ऊँचाई – ऊँचाई के बढ़ने पर तापमान में कमी होती जाती है।
3) समुद्र से दूरी – समुद्र से दूर होने पर विषम जलवायु तथा निकट होने पर सम जलवायु होती है।
4) महासागरीय धारायें – गर्म महासागरीय धाराओं के प्रभाव के कारण जलवायु सम और ठंडी धाराओं के कारण जलवायु विषम होती है।
5) वायुदाब – किसी भी क्षेत्र का वायुदाब उस स्थान के अक्षांश तथा ऊँचाई पर निर्भर करता है।

11.
1) वर्षा का समय व मात्रा – देश की अधिकांश वर्षा मानसूनी पवनों द्वारा गर्मी के मौसम में होती है।
2) असमान वितरण – देश में वर्षा का वितरण समान नहीं है।
3) अनिश्चितता – भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा की मात्रा पूरी तरह निश्चित नहीं है।
4) मूसलाधार वर्षा – मानूसनी वर्षा अत्याधिक मात्रा में और कई–कई दिनो तक लगातार होती है।
5) शुष्क अन्तराल – कई बार शुरुआत में मानसूनी वर्षा लगातार न होकर कुछ दिन या सप्ताह के अंतराल से होती है।

12. 1) गर्मी के मौसम में राजस्थान के कुछ रेगिस्तानी भागों में तापमान 50 डिग्री तक हो जाता है वहीं पहलगाम और जम्मू कश्मीर में 20 डिग्री के आस पास रहता है।

2) स्थान विशेष पर दिन और रात के तापमानों में बड़ा अंतर होता है। थार के रेगिस्तान में दिन का तापमान $50^0$से. हो सकता है और उसी रात यह नीचे गिरकर $15^0$से. तक पहुँच सकता है।

13. एक विशाल इलाके में एक लंबी समयावधि (30 वर्ष से अधिक) में मौसम की अवस्थाओ तथा विविधताओं का कुल योग ही जलवायु है। मौसम एक विशेष समय में एक क्षेत्र के वायुमंडल की स्थिति को बताता है।

14. 1) मध्य नवंबर से फरवरी तक।

2) दिन सामान्यतः गर्म और राते ठंडी होती है।

3) इस ऋतु में आसमान साफ, तापमान और आद्रता कम एवं पवने शिथिल एवं परिवर्तित होती है।


एल नीनो वर्ष
पछुआ पवनें
कमज़ोर व्यापारिक पवनें
गर्म धारा
ठंडी धारा


व्यापारिक पवनें
भूमध्य रेखा
उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र
व्यापारिक पवनें


शीत वायु राशि
उष्ण वायु राशि
जेट वायु धारा

# अध्याय – 5

# प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. प्राकृतिक वनस्पति – वनस्पति का वह भाग जो मनुष्य की सहायता के बिना अपने आप पैदा होता है और लंबे समय तक उस पर मानवीय प्रभाव नहीं पड़ता प्राकृतिक वनस्पति (अक्षत वनस्पति) कहलाता है।
2. देशज वनस्पति – वह वनस्पति जो कि मूल रूप से भारतीय है उसे देशज कहते हैं।
3. विदेशज वनस्पति – जो पौधे भारत के बाहर से आये हैं उन्हें विदेशज वनस्पति कहा जाता है।
4. बायोम – भूमि पर स्थित एक बहुत बड़ा परितन्त्र जिसमें विविध प्रकार की वनस्पतियाँ तथा जन्तु शामिल होते हैं। बायोम कहलाता है।
5. उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन–भूमध्य रेखा के दोनों ओर 5 डिग्री उत्तर तथा 5 डिग्री दक्षिण के बीच आने वाले वन।
7. भारत की प्राकृतिक वनस्पति को पाँच भागों में बांटा जाता हैं
   1) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन (सदाबहार वन)
   2) उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन।
   3) कंटीले वन या झाड़ियाँ
   4) पर्वतीय वन
   5) मैंग्रोव वन।
8. उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन में पाये जाने वाले कुछ वृक्ष– साल, सागोन, बाँस, शीशम, चंदन, खैर, अर्जुन, शहतूत, पीपल, नीम आदि।
9. पर्वतीय वनों में पाये जाने वाले कुछ वृक्ष– ओक, चेस्टनट, चीड़, देवदार, सिल्वर–फर।
10. राष्ट्रीय पार्क – वह आरक्षित वन जिसमें प्राकृतिक वनस्पति, प्रकृति की सुंदरता और वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में संरक्षित रखा जाता है।


वनों
के
लाभ
वर्षा लाने
में सहायक
ऑक्सीजन
की आपूर्ति
खाद
की प्राप्ति
बाढ़ तथा
भूमि कटाव
की
रोकथाम
वन्य प्राणियों
का आश्रय
स्थल
जलवायु
को सामान्य
बनाना
खाद्य
पदार्थों की
प्राप्ति
ईधन
धंधो के
लिए सहायक
औषधि
की प्राप्ति
औषधि
की प्राप्ति

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन में पाए जाने वाले दो वृक्षो के नाम ................ और ................ है।
2. कौन सी वनस्पति व्यापरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है ?
   क) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनस्पति
   ख) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
   ग) उपरोक्त दोनो
   घ) इनमे से कोई नही
3. एशियाई शेर भारत के किस राज्य में पाए जाते हैं।
   क) महाराष्ट्र ख) गुजरात
   ग) उत्तर प्रदेश घ) बिहार
4. सिमलीपाल जैव मंडल निचय कौन से राज्य में स्थित है।
   क) उड़ीसा ख) तेलंगाना
   ग) तमिलनाडू घ) त्रिपुरा
5. भारत में जीव जंतुओं की ................... प्रजातियाँ पाई जाती है।
6. भारत में जैव सुरक्षा अधिनियम कब लागू किया गया है।
   क) 1978 ख) 1985
   ग) 1972 घ) 1965
7. तटीय प्रदेशो में कौन से वन ज्वार से प्रभावित होते हैं।
   क) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
   ख) मैग्रोव वन
   ग) इनमे से दोनो
   घ) इनमे से कोई नही
8. ................... और .................... औषधीय पौधों (पादप) के उदाहरण है।
9. भारत में कितने प्रकार की वनस्पति पाई जाती है।
   क) 45000 ख) 4700
   ग) 50000 घ) 60000

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. प्राकृतिक वनस्पति किसे कहते हैं ?
2. भारत में पादपों तथा जीवों का वितरण किन तत्वों द्वारा निर्धारित होता है ?
3. काँटेदार वन के वृक्षों की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
4. भारत में जैव विभिन्नता के क्षरण के तीन कारण बताइये।
5. भारत में किन्हीं तीन नेशनल पार्कों के नाम बताइये।
6. पारिस्थितिक तन्त्र किसे कहते हैं ?

7. भारत के प्रमुख वनस्पति क्षेत्रों का वर्णन कीजिये।
8. प्राकृतिक वनस्पति किस प्रकार के उद्योगों के लिये आधार प्रदान करती है ?
9. वनों के अप्रत्यक्ष लाभों का वर्णन कीजिये ?

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. महोगनी, रबड़
2. उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनस्पति
3. गुजरात
4. उड़ीसा
5. 90000 लगभग
6. 1972 में
7. मैंग्रोव वन
8. नीम और तुलसी
9. 47000

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. जो वनस्पति मनुष्य की सहायता के बिना अपने आप पैदा होती है । लंबे समय तक उस पर मानवीय प्रभाव नहीं पड़ता । प्राकृतिक वनस्पति कहलाती है।

2. 1) तापमान – वनस्पति की विविधता तथा विशेषतायें तापमान और वायु की नमी पर निर्भर करती है।
   2) सूर्य का प्रकाश – प्रकाश अधिक समय तक मिलने के कारण वृक्ष गर्मी की ऋतु में जल्दी बढ़ते है।
   3) वर्षण – अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में कम वर्षा वाले क्षेत्रों की अपेक्षा सघन वन पाये जाते हैं।

3. 1) ये वन 70 से.मी. से कम वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।
   2) इन पेडों के तनों की प्रकृति अवशोषक प्रकार ही होती है। जो संरक्षण के लिये आवश्यक है।
   3) इन पेड़ों की पत्तियाँ मोटी तथा आकार में छोटी होती है।

4. 1) जनसंख्या बढ़ने के कारण कृषि की माँग को पूरा करने के लिये वन काटे जा रहे हैं।
   2) मानव जाति तथा वन्य पशु अपनी आजीविका के लिये भी वनों का उपयोग करते हैं।
   3. प्रदूषण तथा रासायनिक औद्योगिक कचरा वनों की हानि के लिये उत्तरदायी है।

5. 1) कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान (उत्तराखंड)

2) गिर राष्ट्रीय उद्यान (गुजरात)

3) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान (मध्यप्रदेश)

6. पारिस्थितिक तन्त्र आहार श्रंखला की दृष्टि से पादप और जन्तुओं द्वारा की गई एक व्यवस्था है, जिसके द्वारा वे अपने भौतिक पर्यावरण में परस्पर अन्तः निर्भरता और अन्तः सम्बन्ध बनाये रखते हैं।

7. भारत को प्राकृतिक वनस्पति के आधार पर वनस्पति क्षेत्रों भागों में बाँटा गया है।

1) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन

2) उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन।

3) कंटीले वन और झाड़ियाँ

4) पर्वतीय वन

5) मैंग्रोव वन

8. प्राकृतिक वनस्पति अनेक प्रकार के उद्योगों का आधार है।

1) दियासलाई उद्योग – वनों से प्राप्त नरम प्रकार की लकड़ी दियासलाई बनाने के काम आती है।

2) लाख उद्योग – लाख एक प्रकार के कीड़े से प्राप्त होती है।

3) कागज उद्योग – कागज उद्योग में बाँस, सफेदा तथा कई प्रकार की घास प्रयोग की जाती है।

4) वार्निश तथा रंग – वार्निश तथा रंग गंदे बिरोजे से तैयार होते हैं जो वनों से प्राप्त होता है।

5) औषधि निर्माण – वनों से प्राप्त कुछ वृक्षों से उपयोगी औषधियाँ भी बनाई जाती हैं। जैसे – सिनकोना से कुनैन बनती है।

9. वनों के अप्रत्यक्ष लाभ निम्नलिखित हैं –

1) वर्षा लाने में सहायक – वृक्ष वर्षा लाने में सहायक होते हैं।

2) ऑक्सीजन की आपूर्ति – वृक्ष जीव जन्तुओं को ऑक्सीजन की आपूर्ति कराते है तथा कार्बन डाईऑक्साइड को अपने में जज्ब कर लेते हैं।

3) खाद की प्राप्ति – वनों से हमें उत्तम प्रकार की खाद प्राप्त होती है। पत्ती, जड़ आदि मिट्टी में सड़ जाते है। ये सड़–गल कर खाद का निर्माण करते हैं।

4) बाढ़ तथा भूमि कटाव की रोकथाम :– ये अचानक बाढ़ों को आने से रोकते हैं, ये पानी के बहाव को कम कर देते हैं। वृक्षों की जड़े मिट्टी के कणों को जकड़े रखती हैं।

5) वन्यप्राणी – वनों में कई प्रकार के पशु पक्षी पाये जाते हैं। कई लोग उनका शिकार करते हैं या उन्हें देखने को जाते हैं।


भारत
प्राकृतिक वनस्पति
68°पू०
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°पू०
36°उ०
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°उ०
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
भारत
कर्क रेखा
म्यांमार
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
लक्षद्वीप (भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
वनस्पति के प्रकार
वर्षा वन
उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन
पर्वतीय वन
मैंग्रोव वन
उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन
0 200 400 600 कि०मी०


भारत
वन्य प्राणी निचय
68°पू॰
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°पू॰
36°उ॰
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°उ॰
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
कर्क रेखा
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
दाचीगाम
राजाजी
कॉरबेट
बनबासा
दुदवा
सरिस्का
भरतपुर
रणथम्भौर
शिवपुरी
चन्द्र प्रभा
राजदेबरा
महानदी
गोरूमारा
मानस
काजीरंगा
गिर
कान्हा किसली
तदोबा
सिमलीपाल
चंदका
कन्हेरी
कवाल
पोचेरम
अटुनगरम
रंगाडितु
गुइन्डी
वेदानथंगल
बांदीपुर
मूडूमलाई
पेरियार
लक्षद्वीप
(भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
वन्य प्राणी अभयवन
पक्षी अभयवन
नेशनल पार्क
0
200
400
600कि॰मी॰

# अध्याय – 6

# जनसंख्या

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. जनगणना – एक निश्चित समयांतराल में जनसंख्या की आधिकारिक गणना जनगणना कहलाती है।
2. भारत में सबसे पहले 1872 में जनगणना की गई थी। हालांकि 1881 में पहली बार एक संपूर्ण जनगणना की जा सकी। उसी समय से प्रत्येक 10 वर्ष पर जनगणना होती है।
3. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1210193422 है। जो विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत है।
4. 2011 की जनगणना के अनुसार देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। जहाँ की कुल आबादी 199281477 है। उत्तर प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।
5. 2011 की जनगणना के अनुसार देश का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है। जहाँ की कुल आबादी 607688 है।
6. भारत की लगभग आधी आबादी पाँच राज्यों में निवास करती है। ये राज्य हैं – उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिमी बंगाल और आन्ध्र प्रदेश ।
7. 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य पश्चिमी बंगाल है। यहाँ जनसंख्या घनत्व 1028 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।
8. सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य अरूणाचल प्रदेश है, यहाँ जनसंख्या घनत्व 17 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।
9. 2011 की जनगणना के अनुसार केरल में लिंगानुपात 1084 है। जबकि दिल्ली में लिंगानुपात 866 है।
10. 2011 की जनगणना के अनुसार देश की साक्षरता दर 74.08 प्रतिशत है। जिसमें पुरूषों की साक्षरता 82.14 प्रतिशत एवं महिलाओं की 65.46 प्रतिशत है।
11. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात 940 है।

12. भारत में सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य केवल (93.9 प्रतिशत) है।

13. भारत में सबसे कम साक्षरता वाला राज्य बिहार (63.82 प्रतिशत) है।

14. एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर जन्म लेने वाले जीवित बच्चों की संख्या के जन्म दर कहा जाता है।

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. एक निश्चित समय अंतराल में जनसंख्या की अधिकारिक गणना को क्या कहते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | जनगणना | ख) | जनसंख्या |
| ग) | जन्मदर | घ) | मृत्यु दर |

2. विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन सा है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | भारत | ख) | चीन |
| ग) | इंडोनेशिया | घ) | अमेरीका |

3. वर्तमान में भारत में जनसंख्या धनत्व कितना है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | 485 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. | ख) | 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. |
| ग) | 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी | घ) | 400 व्यकित प्रति वर्ग कि.मी. |

4. विश्व में दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश ....................... है।

5. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का लिंग अनुपात क्या है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | 750 | ख) | 990 |
| ग) | 940 | घ) | 880 |

6. सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौन सा है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | त्रिपुरा | ख) | सिक्किम |
| ग) | केरल | घ) | हिमाचल प्रदेश |

7. एक वर्ष में प्रति हज़ार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को ....................... कहाँ जाता है।

8. भारत की जनसंख्या में नगरीय जनसंखा कितने प्रतिशत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | 31.16 | ख) | 45.32 |
| ग) | 50 | घ) | 65 |

9. जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण क्या है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मृत्यु दर में बढ़ोतरी | ख) | मृत्यु दर में गिरावट |
| ग) | उपरोक्त दोनों | घ) | इनमें से कोई नहीं |

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. स्वस्थ जनसंख्या कैसे लाभकारी है ? (कोई तीन बिन्दु)
2. 1981 से भारत में जनसंख्या वृद्धि दर क्यों घट रही है ?
3. जनसंख्या अध्ययन के तीन प्रमुख पक्ष (पहलू) कौन–कौन से हैं ?
4. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की मुख्या विशेषतायें क्या हैं ? (कोई तीन)
5. जनसंख्या के असमान वितरण के लिये उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिये ?
6. व्यवसायों को कौन–कौन से तीन वर्गो में बांटा गया हैं ?
7. जनसंख्या का अध्ययन प्रत्येक नागरिक के लिये क्यों आवश्यक है ?
8. लिंग अनुपात क्या है ? भारत में लिंग अनुपात प्रतिकूल होने के प्रमुख कारण बताइये ?
9. भारत में जनसंख्या के घनत्व में इतनी अधिक विविधता क्यों पायी जाती हैं ?
10. जनसंख्या को प्रभावित करने वाले मूल घटकों का वर्णन कीजिये ?

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. जनगणना
2. चीन

3. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

4. भारत

5. 940

6. सिक्किम

7. मृत्यु दर

8. 31.16%

9. मृत्यु दर में गिरावट

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. क) एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक घंटो तक कार्य कर सकता है। इससे उसकी आय में वृद्धि होती है।

   ख) स्वस्थ जनसंख्या उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकती है।

   ग) अधिक सकारात्मक सोच रख सकती है।

2. क) भारत में जन्म दर को नियन्त्रित करने के लिये कई प्रयास किये जा रहे हैं।

   ख) शिक्षा का प्रसार ।

   ग) महिला जागरूकता ।

3. क) जनसंख्या का आकार तथा वितरण – देश में कितने लोग है और वे कहाँ बसे हुए हैं।

   ख) जनसंख्या में वृद्धि तथा जनसंख्या के परिवर्तन की प्रक्रिया – जनसंख्या में किस प्रकार वृद्धि हुई और समय के साथ साथ उसमें क्या परिवर्तन आया।

   ग) जनसंख्या की गुणवत्ता – इसमें लोगों की आयु, लिंग – संरचना, शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य संबंधी दशायें शामिल हैं।

4. 1) 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा।
   2) व्यापक स्तर पर टीकाकरण द्वारा बीमारियों से बच्चों को छुटकारा।
   3) लड़कियों की शादी की उम्र को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करना।

5. 1) भौतिक कारक :— पर्वत, पठार बहुत ठंडे तथा बहुत गर्म भाग विरल आबादी वाले हैं। जबकि उपजाऊ मृदा के मैदान अधिक घने बसे हैं।
   2) सांस्कृतिक कारक :— धार्मिक स्थान तथा तीर्थ स्थान अधिक घने बसे हैं।
   3) मानवीय कारक :— मानवीय कारक में व्यवसाय आदि भी जनसंख्या वितरण को प्रभावित करते हैं।

6. 1) प्राथमिक व्यवसाय :— ये कच्चे माल से संबंधित व्यवसाय है। इनमें कृषि, पशुपालन मछली पकड़ना आदि व्यवसाय शामिल हैं।
   2) द्वितीयक व्यवसाय :— इन व्यवसायों में कच्चे माल को संसाधित करके उसे मूल्यवान वस्तु में बदला जाता है। इनमें निर्माण उद्योग, भवन एवं अन्य निर्माण कार्य आते हैं।
   3) तृतीयक व्यवसाय—इन व्यवसायों में परिवहन, संचार, वाणिज्य, प्रशासन तथा सेवाएँ शामिल हैं।

7. 1) लोगों की संख्या का सही बोध :— जनगणना करके हम अपने देश में रहने वाले लोगो की संख्या आयु संरचना, जन्म और मृत्युदर, व्यवसाय के ढाँचे के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
   2) जनसंख्या वितरण और क्षेत्र विकास की जानकारी :— लोगो का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को पलायन करने तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके उद्योग, व्यापार के क्षेत्रों में एक दशक के भीतर की गई प्रगति का ज्ञान कराता है।
   3) लिंग अनुपात की स्थिति :— जनांकिकी के आँकड़े लिंग अनुपात को बताते हैं।
   4) व्यवसायिक ढाँचे की जानकारी :— हमारे देश में कितने लोग प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक व्यवसाय में काम कर रहे हैं, इसकी जानकारी मिलती है।
   5) साक्षरता का स्तर :— जनाकिकी के आकड़े देश की साक्षरता दर बताते हैं।

8. जनसंख्या में प्रति एक हजार पुरूषों पर उपलब्ध महिलाओं की संख्या को लिंग अनुपात कहते हैं।

1) भारत में तुलनात्मक रुप से बालिका शिशु मृत्यु दर अधिक है।

2) भारतीय समाज में लड़कियों की अपेक्षा लड़कों का अच्छे ढंग से पालन–पोषण किया जाता है।

3) महिलाओं में अभी भी प्रसव काल में होने वाली मृत्युदर अधिक है।

4) ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का सामाजिक आर्थिक स्तर पुरूषों की अपेक्षा नीचा है।

5) गैर कानूनी भ्रूण लिंग परीक्षण बालिका शिशु के साथ किये जाने वाले अन्यायपूर्ण व्यवहार।

9. 1) भूमि का उपजाऊपन :– भारत के जिन राज्यों में उपजाऊ भूमि का विस्तार अधिक है वहाँ जनसंख्या घनत्व अधिक है।

2) वर्षा की मात्रा – अधिक वर्षा वाले भागों में जनसंख्या घनत्व अधिक होता है।

3) जलवायु :– जहाँ जलवायु स्वास्थ्य के लिये अनुकूल हो, तो वहाँ भी जनसंख्या घनत्व अधिक होता है। इसके विपरीत जहाँ जलवायु स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं है वहाँ जनसंख्या घनत्व कम होता है।

4) परिवहन के साधन – परिवहन के साधनों के अधिक विकास के कारण व्यापार की प्रगति तीव्र हो जाती है, जिससे जनसंख्या का घनत्व भी अधिक हो जाता है।

5) औद्योगिक विकास :– जिन स्थानों पर उद्योग स्थापित हो जाते है। वहाँ जनसंख्या घनत्व बढ़ जाता है।

10. 1) जन्मदर – एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर जन्म लेने वाले जीवित बच्चों की संख्या जन्मदर कहलाती हैं।

2) मृत्युदर – एक वर्ष में प्रति हजार लोगों पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या मृत्यु दर कहते हैं।

3) आप्रवासन :– एक क्षेत्र की अनुकूल दशायें होने के कारण उसमें बाहर से एक प्रजाति के लोगों का बस जाना आप्रवासन है।

4) उत्प्रवासन – एक क्षेत्र विशेष में प्रतिकूल दशायें रहने से वहाँ के लोगों का अन्य स्थान पर चले जाना उत्प्रवासन है।

5) पर्यावरणीय प्रतिरोध – समस्त जैविक कारणों का सफल योग है जिनका निदान उस क्षेत्र विशेष में रहने वाली जनसंख्या नहीं कर पाती है। ये लोगों को संबन्धित क्षेत्र से त्याग करने को विवश कर देते हैं।

# राजनीतिक विज्ञान

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–1, लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?

**याद रखने की बातें :–**

– डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) यूनानी शब्द 'डेमोक्रेशिया' से बना है।

– यूनानी में 'डेमोस' का अर्थ होता है 'लोग' और 'क्रेशिया' का अर्थ होता है 'शासन'। इस प्रकार डेमोक्रेसी अर्थात् लोकतंत्र का अर्थ है लोगों का शासन।

– लोकतंत्र – शासन का वह रूप है जिसमें शासकों का चुनाव जनता करती है।

– ''लोकतंत्र ऐसी सरकार है जो लोगों की हो, लोगों के लिए हो और लोगों द्वारा बनाई गई हो'' (अब्राहम लिंकन)

– लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होता है।

– लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक का एक वोट होता है।

– लोकतान्त्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों के आधार पर ही काम करती है

– चीन की संसद को राष्ट्रीय जनसंसद कहा जाता है। इस संसद को देश का राष्ट्रपति नियुक्त करने का हक है।

– चुनाव लड़ने से पूर्व सभी उम्मीदवारों को चीनी कम्युनिस्ट दल से मंजूरी लेनी होती है। सरकार सदैव कम्युनिस्ट पार्टी की ही बनती है।

– पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ ने अक्टूबर 1999 में सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की।


लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएँ
1. प्रमुख फैसले निर्वाचित नेताओं के हाथ में
2. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी मुकाबला
3. एक व्यक्ति एक वोट एक मोल
4. कानून का राज और अधिकारों का आदर
5. शासन में भागीदारी का सबको सामान अवसर


लोकतान्त्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएँ
1. नागरिकों को भाषण देने व विचार व्यक्त करने की पूर्ण स्वतंत्रता
2. स्वतंत्र व निष्पक्ष रुप से चुनाव करने की व्यवस्था
3. राजनैतिक दलों को स्वतंत्र रुप से काम करने की आज्ञा
4. व्यापारियों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की पूर्ण स्वतंत्रता
5. प्रेस को पूर्ण आज़ादी

**लोकतंत्र के पक्ष में तर्क**

1. शासन का अधिक जवाबदेही वाला रुप
2. बेहतर निर्णय लेने की सम्भावना
3. नागरिकों का सम्मान
4. मतभेदों और टकराव को सँभालने का तरीका उपलब्ध
5. गलतियों के सुधार के अवसर

**लोकतंत्र के खिलाफ तर्क**

1. अस्थिरता
2. फैसलों में देरी
3. भ्रष्टाचार की संभावना
4. चुनावी प्रक्रिया महंगी
5. सामान्य लोगों को सरकार चुनने का फैसला लेने में कठिनाई

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. कोई एक अलोकतांत्रिक कार्य लिखिए।
2. उस नेता का नाम बताइए जिस ने जर्मनी में तानाशाही सरकार की स्थापना की।
3. किसी एक ऐसे देश का नाम बताएँ जो लोकतान्त्रिक नहीं है ?
4. अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को कैसे परिभाषित किया ?
5. निम्नलिखित में से किस ने अक्टूबर 1999 में पाकिस्तान में सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की :

   क) आसिफ जरदारी  ख) नवाज़ शरीफ

   ग) परवेज मुशर्रफ  घ) शौकत अज़ीज़

6. लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति किस के पास होनी चाहिए :

   क) प्रधान मंत्री  ख) जनता

   ग) न्यायालय  घ) राष्ट्रपति

7. निम्नलिखित में से किस देश में केवल शासक दल ही चुनाव लड़ सकता है :

   क) मैक्सिको  ख) नेपाल

   ग) पाकिस्तान  घ) चिले

8. सऊदी अरब में समाज के किस वर्ग को वोट डालने का अधिकार नहीं है :

   क) गरीब  ख) अल्पसंख्यक

   ग) आदिवासी  घ) महिलाएँ

9. इनमें से कौन सा लोकतान्त्रिक कार्य है :

   क) स्वतंत्र न्यायपालिका  ख) समानता का अधिकार

   ग) प्रजातंत्र  घ) ऊपर के सभी

10. निम्नलिखित का मिलान कीजिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | फिजी | i) | राज ने अपने अधिकार छोड़ने पर सहमति दी |
| ख) | नेपाल | ii) | सैनिक तानाशाही की समाप्ति |
| ग) | चीन | iii) | मूल निवासियों के वोट का मूल्य अधिक |
| घ) | चिले | iv) | बाथ पार्टी |
| ड) | सीरिया | v) | राष्ट्रीय जनसंसद |

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. क्या नेपाल 2005 तक एक लोकतांत्रिक देश था ? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।
2. क्या म्यांमार एक लोकतांत्रिक देश है ? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।
3. क्या सऊदी अरब एक लोकतांत्रिक देश है ? अपने मत के पक्ष में दलीले दीजिये।
4. क्या चीन एक लोकतांत्रिक देश है ? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।
5. लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।
6. ''एक व्यक्ति–एक वोट–एक मोल'' से क्या अभिप्राय है ?
7. लोकतांत्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।
8. गैर–लोकतांत्रिक सरकार के कुछ सामान्य लक्षण लिखिए।
9. लोकतंत्र के पक्ष में कोई पाँच तर्क दीजिये।
10. लोकतंत्र के विपक्ष में कोई पाँच तर्क दीजिये।

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. चुनाव आयोग का स्वतंत्र ना होना (या अन्य कोई)
2. हिटलर
3. म्यांमार
4. ऐसी सरकार जो लोगों की हो, लोगों के लिए हो और लोगों द्वारा बनाई गई हो।
5. (ग) परवेज़ मुशर्रफ
6. (ख) जनता
7. (क) मैक्सिको
8. (घ) महिलाएँ
9. (घ) ऊपर के सभी
10.

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | फिजी | iii) | मूल निवासिओं के वोट का मूल्य अधिक |
| ख) | नेपाल | i) | राज ने अपने अधिकार छोड़ने पर सहमति दी |
| ग) | चीन | v) | राष्ट्रीय जनसंसद |
| घ) | चिले | ii) | सैनिक तानाशाही की समाप्ति |
| ड) | सीरिया | iv) | बाथ पार्टी |

# 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. नहीं।
   - नेपाल में लोगों के द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं थी।
   - नेपाल का राजा राज घराने में पैदा होने के कारण शासक बनता था।
2. नहीं।
   - म्यांमार में सैनिक शासन है
   - शासन के फैसलों में लोगों की कोई भागीदारी नहीं है
   - जो कोई सैनिक अधिकारियों के विरुद्ध बोलता है उसे जेल में डाल दिया जाता है।
3. नहीं।
   - सऊदी अरब के शाह लोगों के द्वारा नहीं चुने जाते राज परिवार में जन्म लेने के कारण यह हक पाया है।
   - महिलाओं को वोट डालने का हक नहीं है।
4. नहीं।
   - चीन में चुनाव लड़ने से पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से मंजूरी अवश्य लेनी पड़ती है।
   - केवल कम्युनिस्ट पार्टी उससे सम्बद्ध कुछ छोटी पार्टियों के सदस्य ही चुनाव में भाग ले सकेते है।
5. लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएँ:
   - प्रमुख फैसले निर्वाचित नेताओं के हाथ।
   - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी मुकाबला।
   - एक व्यक्ति एक वोट एक मोल।
   - कानून का राज और अधिकारियों का आदर।
   - शासन में भागीदारी का सबको समान अवसर।
6. लोगकतंत्र में प्रत्येक व्यक्त नागरिक का एक मत होना चाहिए और प्रत्येक वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए।
7. लोकतांत्रिक सरकार की मुख्या विशेषताएं :–
   - नागरिकों को भाषण देने और विचार व्यक्त करने की पूर्ण स्वतंत्रता।
   - स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करने का आज्ञा।
   - राजनैतिक दलों को स्वतंत्र रूप से काम करने की पूर्ण स्वतंत्रता।
   - मजदरों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की पूर्ण स्वतंत्रता।
   - प्रेस को पूर्ण आजादी।

8. गैर–लोकतान्त्रिक सरकार के कुछ लक्षण :

– लोग सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना नहीं कर सकते ।

– शासनकर्ता सर्वेसर्वा होता है।

– विपक्षी दलों का कोई स्थान नहीं।

– मजूदरों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की अनुमति नहीं।

– प्रेस को पूर्ण आज़ादी प्राप्त नहीं।

9. लोकतंत्र के पक्ष में पाँच तर्क :–

– शासन का अधिक जवाबदेही वाला स्वरूप।

– बेहतर निर्णय लेने की संभावना।

– नागरिकों का सम्मान।

– मतभेदों और टकरावों को संभालने का तरीका उपलब्ध।

– गलतियों के सुधार के अवसर।

10. लोकतंत्र के खिलाफ पाँच तर्क :–

– अस्थिरता।

– फैसलों में देरी।

– भ्रष्टाचार की संभावना।

– चुनावी प्रक्रिया महंगी।

– समान्य लोगों को सरकार चुनने का फैसला लेने में कठिनाई।

# अध्याय–2

# संविधान निर्माण

**याद रखने की बातें :–**

– व्यापार करने आई यूरोप की कम्पनियों ने दक्षिण अफ्रीका को गुलाम बनाया और काफी बड़ी संख्या में यहाँ गोरे लोग बस गए और यहाँ के स्थानीय काली चमड़ी वाले लोगों के साथ रंगभेद शुरू कर दिया।

– रंगभेद नस्ली भेदभाव पर आधारित उस व्यवस्था का नाम है जो दक्षिण अफ्रीका में विशिष्ट तौर पर चलायी गई।

– अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के झंडे तले दक्षिण अफ्रिकियों ने 1950 से ही गोरों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई लड़ी, आखिरकार 26 अप्रैल 1994 को दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का नया झंडा लहराया और यह एक लोकतांत्रिक देश बन गया।

– नेल्सन मंडेला को 7 अन्य नेताओं सहित 1964 में देश में रंगभेद से चलने वाली शासन व्यवस्था का विरोध करने के लिए आजीवन कारावास की सजा दी गई, वह 28 वर्षों तक जेल में रहे।

– नेल्सन मंडेला द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम 'द लांग वॉक टू फ्रीडम' है।

– 1928 में मोतीलाल नेहरु और कांग्रेस के अन्य पाठ सदस्यों ने भारत का एक संविधान लिखा था।

– भारत का संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे जिन्होंने 26 नवम्बर 1949 में अपना कार्य पूरा कर लिया। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ इसीलिए इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

– बंधुता, समानता, न्याय आदि मूल्यों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वभौमिक मताधिकार, धर्मनिरपेक्षता, प्रभुत्वसम्पन्नता आदि का प्रावधान भी संविधान में है।

– डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष थे।

– डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष थे।

– गाँधी जी ने 1931 में 'यंग इंडिया' नामक पत्रिका लिखी।

– संविधान लिखित नियमों की एक ऐसी पुस्तक है, जिसे किसी देश के निवासी सामुहिक रूप से मानते हैं। संविधान सर्वोच्च कानून है जिससे किसी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मध्य के आपसी संबंध तय होने के साथ–साथ लोगों और सरकार के मध्य के संबंध भी निर्धारित होते हैं।

## दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्रता संग्राम

1. स्थानीय काले लोगों पर यूरोपीय अल्पसंख्यक गोरों की सरकार द्वारा अत्याचार
2. नेल्सन मंडेला ने रंगभेद से चलने वाली शासन व्यवस्था के विरूद्ध आवाज उठायी
3. अफ्रीका नेशनल कांग्रेस के झंडे तले गोरों के विरुद्ध मजदेर यूनियन और कम्पयूनिस्ट पार्टी भी शामिल
4. 1950 से संघर्ष जारी 1994 में स्वतंत्रता प्राप्त
5. 1994 में चुनाव की घोषण, नेल्सन मंडेला राष्ट्रपति बने

## भारतीय संविधान की विशेषताएँ

1. संघीय सरकार
2. संसदात्मक सरकार
3. प्रभुत्व संपन्न लोकतान्त्रिक राज्य
4. स्वतंत्र और निष्पक्ष नियायपालिका
5. पंथ निरपेक्ष राज्य
6. मूल अधिकार
7. राज्य के नीति निर्देशक सिद्वांत


संविधान की आवश्यकता / महात्व / कार्य
1. लोकतान्त्रिक सरकार का निर्माण और उसके कार्य तय करना
2. सरकार के विभिन्न अंगों के कार्य छेत्र तय करना
3. सरकार को अपनी शक्तियों के दुरूपयोग से रोकना
4. नागरिकों के अधिकार सुरक्षित करना
5. अच्छे समाज का गठन

## 1 अंक वाले प्रश्नः

1. नेल्सन मंडेला द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम किया था ?

2. नेल्सन मंडेला कितने वर्षों तक जेल में रहे ?

3. दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का नया झंडा कब लहराया गया ?

4. दक्षिण अफ्रीका में किस नेता ने नस्ली भेदभाव का विरोध किया ?

5. रंगभेद की नीति से क्या तात्पर्य है ?

   क) आर्थिक शोषण     ख) धार्मिक मतभेद

   ख) दक्षिण अमेरिका     घ) असहयोग

6. 1948 से 1994 तक रंगभेद की नीति किस देश में चलती रही ?

   क) भारत     ख) रुस

   ख) दक्षिण अमेरिका     घ) दक्षिण अफ्रीका

7. किस पार्टी ने दक्षिण अफ्रीका में आज़ादी की लड़ाई लड़ी ?

   क) रिपब्लिकन पार्टी     ख) साम्यवादी दल

   ख) अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस     घ) लोकतान्त्रिक दल

8. किस औपनिवेशिक कानून से भारतीय संविधान ने बहुत से धाराओं को अपनाया ?

   क) 1909 का भारत सरकार कानून     ख) 1935 का भारत सरकार कानून

   ख) 1919 का भारत सरकार कानून     घ) 1947 का भारत सरकार कानून

9. भारतीय संविधान निर्माण में निम्नलिखित नेताओं और उनकी भूमिका का मिलान कीजियेः

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | मोती लाल नेहरु | i) | अध्यक्ष संविधान सभा |
| ख) | भीम राव अम्बेडकर | ii) | सदस्य संविधान सभी |
| ग) | राजेन्द्र प्रसाद | iii) | अध्यक्ष प्रारुप कमेटी |
| घ) | सरोजनी नायडु | iv) | 1928 में भारत का संविधान |

10. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को भरिए :

   क) भारतीय संविधान 26 नवम्बर ................ को तैयार हो गया था।

   ख) भारतीय संविधान 26 जनवरी .............. को लागू हुआ।

   ग) भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में कुल .................... सदस्य थे।

   घ) गाँधी जी ने 1931 में संविधान से अपनी अपेक्षा के बारे में ........... पत्रिका में लिखा।

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. रंगभेद से क्या तात्पर्य है ?
2. दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में लिखें।
3. संविधान के प्रमुख कार्य क्या हैं ?
4. भारतीय संविधान को दिशा देने वाले शब्द 'पंथ–निरपेक्ष', 'गणराज्य', 'लोकतंत्रात्मक', 'बंधुता' और समता का अर्थ लिखिए।
5. संविधान क्या है ?
6. संविधान क्यों आवश्यक है ?
7. संविधान संशोधन से क्या तात्पर्य है ?
8. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?
9. किसी क्लब, सहकारी संगठन या राजनैतिक दल के लिए लिखित नियम या उनका संविधान होना चाहिए। स्पष्ट करें।

## उत्तरमाला

## 1 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. 'द लांग वॉक टू फ्रीडम'
2. 28 वर्ष
3. 26 अप्रैल 1994
4. नेल्सन मंडेला
5. (ग) नस्ली भेदभाव
6. (घ) दक्षिण अफ्रीका
7. (ग) अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस
8 (ख) 1935 का भारतीय सरकार कानून
9. क) ——(iv) ख) —— (iii) ग)——(i) घ)——(ii)
10. क) 1949 ख) 1950 ग) 299 घ) यंग इंडिया

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. रंगभेद –

   रंगभेद नस्ली भेदभाव पर आधारित उस व्यवस्था का नाम है जो दक्षिण अफ्रीका में विशिष्ट तौर पर चलायी गई, दक्षिण अफ्रीका पर यह व्यवस्था यूरोप के गोरे लोगों ने लादी थी।

2. दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्रता संग्राम :–

– 1950 से ही स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी, 1994 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

– यूरोपीय अल्पसंख्यक गोरों की सरकार स्थानीय काले लोगों पर अत्याचार करती रहीं।

  – दक्षिण अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला ने रंगभेद से चलने वाली शासन की व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई।

  – अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के झंडे तले गोरों के विरुद्ध मजदूर संघटन और कम्यूनिस्ट पार्टी भी शामिल।

  – 1994 में चुनाव की घोषणा की गई जिसमें लोकप्रिय अफ़्रीकी नेता नेल्सन मंडेला की जीत हुई, उन्हें स्वतंत्र दक्षिण अफ्रीका का पहला राष्ट्रपति चुना गया।

3. संविधान के प्रमुख कार्य :

  – साथ रह रहे विभिन्न तरह के लोगों के बीच जरूरी भरोसा और सहयोग विकसित करना।

  – स्पष्ट करना की सरकार का गठन कैसे होगा और किसे फैसले लेने का अधिकार होगा।

  – सरकार के अधिकारों की सीमा तय करना और नागरिकों के अधिकार बताना।

  – अच्छे समाज के गठन के लिए लोगों की आकांक्षाओं को व्यक्त करना।

4. भारतीय संविधान को दिशा देने वाले शब्द :

  – पंथ –निरपेक्ष : नागरिकों को किसी भी धर्म को मानने की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन कोई धर्म अधिकारिक नहीं।

  – गणराज्य : शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होगा।

  – लोकतंत्रात्मक : सरकार का एक ऐसा स्वरूप जिसमें लोगों को समान राजनैतिक अधिकार प्राप्त रहते हैं।

  – समता : कानून के समक्ष सभी लोग बराबर हैं।

  – बंधुता : हम सब ऐसा आचरण करें जैसा के एक परिवार के सदस्य हों। कोई भी नागरिक किसी दूसरे नागरिक को अपने से कमतर न माने।

5. संविधान :

– संविधान लिखित नियमों की एक ऐसी किताब है जिसे किसी देश में रहने वाले लोग सामूहिक रूप से मानते है।

– संविधान सर्वोच्च कानून है।

– संविधान लोगों के बीच आपसी सम्बन्ध तथा लोंगों और सरकार के बीच के सम्बन्ध तय करता है।

6. संविधान की आवश्यकता :

– लोकतान्त्रिक सरकार का निर्माण और उसके कार्य तय करने के लिए।

– सरकार के विभिन्न अंगो के अधिकार क्षेत्र तय करने के लिए।

– सरकार को अपनी शक्तियों के दुरूपयोग से रोकने के लिए।

– नागरिकों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए (या अन्य कोई)।

– अच्छे समाज के गठन के लिए (या अन्य कोई)

7. संविधान संशोधन :

– देश के सर्वोच्च विधायी संस्था द्वारा उस देश के संविधान में किए जाने वाले बदलाव को संविधान संशोधन कहते है।

8. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ :

– संघीय सरकार।

– संसदात्मक सरकार।

– प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य।

– पंथ–निरपेक्ष राज्य।

– स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका।

– मूल अधिकार।

– राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत।

9. लिखित नियम या संविधान होना चाहिए

– यह लोगों में भरोसा और सहयोग विकसित करता है।

– यह अधिकारों और जिम्मेदारियों को तय करता है।

– सभी लोगों की मान्यता होती है।

## अध्याय–3

# चुनावी राजनीति

**याद रखने योग्य बातें :–**

- लोकतंत्र में जनमत की बहुत अहम भूमिका होती है उसके आधार पर सरकारों का गठन होता है।
- भारत में जनता प्रत्येक पांच वर्ष में अपने प्रतिनिधि चुनती है जो नीति निर्माण का कार्य करते हैं।
- हर पांच साल के बाद– 'आम चुनाव', निश्चित समय से पूर्व लोकसभा या विधानसभा के भंग होने पर – मध्यावधि चुनाव और किसी क्षेत्र के सदस्य की मृत्यु या इस्तीफे से खाली सीट के लिए – 'उपचुनाव' होता है।
- चुनाव के उद्देश्य से देश को अनेक क्षेत्रों में बाँट लिया गया है, इन्हें निर्वाचन क्षेत्र या सीट कहते हैं।
- लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। अनुसूचित जातियों के लिए 79 और अनुसूचित जनजातियों के लिए 41 सीटें आरक्षित हैं।
- क्षेत्र के अनुसार देश का सबसे बड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र लद्दाख और सबसे छोटा चांदनी चौक है।
- मतदान की योग्यता रखने वाले लोगों की सूचि को मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) कहते हैं।
- 18 वर्ष और उससे ऊपर की आयु वाले सभी नागरिक वोट डाल सकते हैं। यानी मतदान की योग्यता रखते हैं।
- भारत में चुनाव संपन्न कराने का कार्य एक निष्पक्ष व स्वतंत्र इकाई करती है जिसे चुनाव आयोग कहते हैं।
- चुनावी नारे : गरीबी हटाओ–इंदिरा गाँधी, लोकतंत्र बचाओ–जनता पार्टी, जमीन जीतने वाले को वामपंथी दल, तेलुगु स्वाभिमान–तेलुगु देशम पार्टी।


लोकतान्त्रिक चुनावों के लिए न्यूनतम शर्तें
1. हर किसी को मताधिकार
2. चुनावों में विकल्प उपलब्ध
3. नियमित अन्तराल पर चुनाव
4. वास्तविक चुनाव
7. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव


स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए उठाए गए कदम
1. मतदाता सुची को ठीक से तैयार करना
2. सरकारी मशीनरी के दुरूयोग पर नियंत्रण
3. मतदाताओं के लिए पहचान पत्र
4. चुनाव याचिकाओं का जल्द निपटारा
5. चुनाव में धन–बल के प्रयोग की जाँच

### भारतीय चुनाव आयोग के अधिकार

1. चुनाव प्रक्रिया का संचालन
2. आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करना तथा उल्लंघन करने वालों को दण्डित करना
3. चुनावों के दौरान सरकार को दिशा–निर्देश मानने के आदेश देना
4. सरकारी अधिकारियों को अपने अधीन कर चुनावी काम–काज लेना
5. जिन मतदान केन्द्रों पर चुनाव ढंग से नहीं हुआ वहाँ दोबारा चुनाव करवाना

### निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरण

1. चुनाव की घोषणा
2. प्रत्याशियों का चयन
3. नामांकन पत्र भरना
4. चुनाव चिन्हों का आबंटन
5. चुनावी घोषणा पत्र जारी करना
6. चुनाव अभियान
7. मतदान
8. मतों की गणना
9. परिणामों की घोषणा

## 1 अंको वाले प्रश्न

1. निर्वाचन क्षेत्र या सीट किसे कहते हैं ?

2. इस समय संसद के चुनाव के लिए कितने निर्वाचन क्षेत्र हैं ?

3. मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) किसे कहते हैं ?

4. मध्यावधि चुनाव से आप क्या समझते हैं ?

5. क्षेत्रफल के अनुसार देश का सबसे बड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

   क) लद्दाख   ख) हैदराबाद

   ग) पूर्वी मुंबई   घ) गुरदासपुर

6. क्षेत्रफल के अनुसार देश का सबसे छोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

   क) गुड़गाँव   ख) गाज़ियाबाद

   ग) चाँदनी चौक   घ) बागपत

7. सरकारी अधिकारी चुनावों में किस के आदेश का पालन करते हैं ?

   क) न्यायालय   ख) सरकार

   ग) संसद   घ) चुनाव आयोग

8. लोकसभा में अनुसूचित जातियों के लिएं कितनी सीटें आरक्षित हैं ?

   क) 49   ख) 59

   ग) 69   घ) 79

9. लोकसभा में अनुसूचितं जनजातियाँ के लिए कितनी सीटें आरक्षित हैं ?

   क) 31   ख) 41

   ग) 51   घ) 61

10. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को भरिए :

    क) गरीबी हटाओ नारा ............................ ने दिया ।

    ख) लोकतंत्र बचाओं नारा ......................... ने दिया ।

    ग) चौधरी देवी लाल ने ......................... नामक पार्टी का गठन किया।

    घ) भारत में आम चुनाव हर ....................... साल बाद होते हैं।

    ड) भारत में मतदान के लिए मतदाता की आयु ...................... साल निर्धारित है।

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. लोकतांत्रिक चुनावों के लिए जरूरी न्यूनतम शर्ते क्या है?
2. आम चुनाव और उपचुनाव में क्या अंतर है?
3. राजनीतिक दलों द्वारा अपनाए जाने वाले विभिन्न चुनाव प्रचार की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।
4. भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?
5. आदर्श चुनाव संहिता क्या है? इसके मुख्य प्रावधान क्या है?
6. चुनावी कानूनों के अनुसार चुनावों के दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी क्या काम नहीं कर सकती?
7. भारतीय चुनाव आयोग के अधिकार क्या हैं?
8. भारतीय चुनाव आयोग के सामने कौन–कौन सी चुनौतियाँ हैं?
9. निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. चुनाव के उद्देश्य से देश को उनेक क्षेत्रों में बाँट दिया जाया है, हर छेत्र एक सीट कहलाता है।
2. 543
3. मतदान की योग्यता रखने वाले लोगों की सूची
4. निश्चित समय से पूर्व लोकसभा के भंग होने पर पूरे देश में होने वाल चुनाव।
5. क) लद्दाख
6. ग) चाँदनी चौक
7. घ) चुनाव आयोग
8. घ) 79
9. ख) 41
10. क) इंदिरा गाँधी ख) जनता पार्टी
    ग) लोकदल घ) 5
    ड) 18

## 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. लोकतान्त्रिक चुनावों के लिए ज़रूरी न्यूनतम शर्तें :–
   - हर किसी को मताधिकार।
   - चुनावों में विकल्प उपलब्ध।
   - चुनाव का अवसर नियमित अंतराल पर।
   - वास्तविक चुनाव।
   - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव।
2. आम चुनाव और उपचुनाव में अंतर :–
   - पांच साल बाद सभी चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, लोकसभा और विधानसभाएँ भंग हो जाती हैं, फिर सभी चुनावी क्षेत्रों में होने वाला चुनाव 'आम चुनाव' कहलाता है।
   - किसी क्षेत्र के सदस्य की मृत्यु या इस्तीफे से खाली सीट के लिए चुनाव 'उपचुनाव' कहलाता है।
3. चुनाव अभियान के विभिन्न माध्यम या साधन :–
   - पोस्टर लगाना।
   - सभाएं करना।
   - भाषण देना।
   - जुलूस निकालना।
   - घर–घर जा कर मलाकात करना।
4. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए उठाए गए कदम
   - चुनाव से पूर्व मतदाता सूचियों को ठीक करना।
   - सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग पर नियंत्रण।
   - मतदाताओं के लिए पहचान पत्र।
   - चुनाव याचिका का जल्द निपटारा।
   - चुनाव में धन–बल के प्रयोग की जाँच।
5. चुनाव अभियान के समय राजनीतिक दलों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों को चुनाव आचार संहिता कहा जाता है। मुख्य प्रावधानः–

- चुनाव के प्रचार के लिए किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग नहीं किया जाएगा।
- सरकारी वाहनों, विमानों और सरकारी अधिकारियों का चुनाव प्रचार में उपयोग नहीं किया जाएगा।
- चुनाव की घोषणा के बाद सरकार द्वारा कोई भी नीतिगत फैसला नहीं लिया जाएगा एवं कोई योजना का शिलान्यास नहीं किया जाएगा।

6. चुनावी कानूनों के अनुसार चुनावों के दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी निम्नलिखित काम नहीं कर सकती :–
   - मतदाता को प्रलोभन, घूस या धमकी।
   - जाति या धर्म के नाम पर वोट मांगना।
   - चुनावी अभियान में सरकारी साधनों का इस्तेमाल।
   - लोकसभा चुनाव में एक क्षेत्र में 25 लाख या विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख से ज्यादा खर्च।
   - चुनाव प्रचार के लिए किसी धर्मस्थल का प्रयोग।

7. भारतीय चुनाव आयोग के अधिकार :
   - चुनाव अधिसूचना जारी करने से लेकर नतीजों की घोषणा तक चुनाव प्रक्रिया का संचालन।
   - आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करना तथा उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और पार्टियोंदको ण्डित कारना
   - चुनावों के दौरान सरकार को दिशा–निर्देश मानने का आदेश देना।
   - सरकारी अधिकारियों को अपने अधीन करके उनसे चुनावी काम–काज लेना।
   - जिन मतदान केन्द्रों पर चुनाव ढंग से नहीं हुआ हो वहां दोबारा चुनाव करवाना।

8. भारतीय चुनाव आयोग के सामने चुनौतियाँ :–
   - ज़्यादा रूपये–पैसे वाले उम्मीदवारों और पार्टियों के गलत तरीकों पर रोकथाम।
   - अपराधिक पृष्ठभूमि और संबंधों वाले उम्मीदवारों पर लगाम कसना।
   - पारिवारिक संबंधों की बुनियाद पर टिकट मिलने पर रोकथाम।

- मतदाता को चुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा विकल्प उपलब्ध करना।
- छोटे दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों की परेशानियों का निपटारा।

9. निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणः

- चुनाव की घोषणा।
- प्रत्याशियों का चयन
- नामांकन पत्र भरना।
- चुनाव, चिन्हों का आबंटन
- राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करना।
- चुनाव अभियान
- मतदान
- मतों की गणना
- परिणामों की घोषणा।

## अध्याय–4

# संस्थाओं का कामकाज

**याद रखने योग्य बातें :–**

- संसद एक ऐसा मंच है जहाँ पर नागरिकों के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि कानून/विधि निर्माण का कार्य करते हैं।
- लोकसभा में जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। इसका अध्यक्ष लोकसभा का सदस्य होता है जो स्पीकर कहलाता है। इसके सदस्यों की संख्या 543+2 होती है। (2 सदस्य राष्ट्रपति मनोनीत करता है)।
- राज्यसभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं, इसका अध्यक्ष उपराष्ट्रपति होता है। इसके सदस्यों की कुल संख्या 250 है जिन में से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
- राष्ट्रपति लोकसभा में बहुमत वाली पार्टी या पार्टियों के गठबंधन के नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करता है।
- राष्ट्रपति भारतीय सेनाओं का मुख्य कमांडर होता है।
- प्रधानमंत्री की सिफारिशों पर राष्ट्रपति मंत्रियों को नियुक्त करता है।
- मंत्रिपरिषद उस निकाय का सरकारी नाम है जिसमें सारे मंत्री होते हैं। इसमें आम तौर पर 60 से 80 मंत्री होते हैं।
- प्रमुख मंत्रालयों के प्रभारी 'केबिनट मंत्री' छोटे मंत्रालयों के प्रभारी 'स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री तथा अपने विभाग के कैबिनेट मंत्रियों से जुड़ें सहायक मंत्री 'राज्य मंत्री, कहलाते है।
- भारत सरकार ने 1979 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में अन्य पिछड़ी जाति आयोग गठित किया, 8 सितम्बर 1993 को पूरी तरह इस आयोग की सिफारिशें लागू हुई और अन्य पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला।
- भारत में निर्वाचित सदस्यों की राष्ट्रीय सभा को संसद व राज्य स्तर पर इसे विधानसभा कहते हैं।
- जनता द्वारा खास अवधि के लिए निर्वाचित लोगों को राजनैतिक कार्यपालिका व

लम्बे समय के लिए नियुक्त लोगों को स्थायी कार्यपालिका कहते हैं। यह अधिकारी राजनैतिक कार्यपालिका के तहत काम करते हैं।

- न्यायपालिका सवैंधानिक संस्था होती है जिसके पास न्याय करने और कानूनी विवादों के निबटारे का अधिकार होता है। पूरे देश के लिए 'सर्वोच्च न्यायालय', राज्यों में 'उच्च न्यायालय', जिला न्यायालय और स्थायी स्तर के न्यायालय होते हैं।

## भारत का राष्ट्रपति नियुक्त होने के लिए अनिवार्य योग्यताएँ

1. भारत का नागरिक हो
2. आयु 35 वर्ष से अधिक हो
3. दिवालिया या सज़ायाफ्ता न हो
4. किसी सरकारी लाभप्रद पद पर कार्यरत न हो
5. लोकसभा का सदस्य बनने के योग्य हो

## भारतीय प्रधानमंत्री के अधिकार

1. कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता
2. विभिन्न विभागों के कार्य का समन्वय
3. विभिन्न विभागों की सामान्य निगरानी
4. मंत्रियों को विभागों का वितरण
5. किसी मंत्री को बर्खास्त करने का अधिकार

## लोकसभा

1. सदस्यों का चुनाव लोगों द्वारा प्रत्यक्ष रुप से होता है
2. अधिकतर मामलों में सर्वोच्च अधिकार
3. सदस्य अधिक होने के कारण विचारों को प्राथमिकता मिलने की संभावना
4. पैसे के मामले में अधिक अधिकार
5. मंत्रिपरिषद पर नियंत्रण

## राज्यसभा

1. सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रुप से होता है
2. राज्यों के सम्बन्ध में विशेष अधिकार
3. सदस्य कम होने के कारण विचारों को प्राथमिकता न मिलने की संभावना
4. पैसे के मामले में कम अधिकार
5. मंत्रिपरिषद पर सीधा नियंत्रण नहीं

# 1 अंको वाले प्रश्न

1. भारत में संसद किसे कहते हैं ?

2. राज्य स्तर पर विधायिका को क्या कहते हैं ?

3. सर्वोच्य न्यायालय के न्यायाधीश को किस प्रकार हटाया जा सकता हैं ?

4. गठबंधन की सरकार क्या होती है ?

5. राज्य सभा में राष्ट्रपति कितने सदस्य मनोनीत कर सकता है ?

   क) 6 ख) 12

   ग) 18 घ) 24

6. भारतीय सेनाओं का मुख्य कमांडर कौन होता है ?

   क) राष्ट्रपति ख) प्रधानमंत्री

   ग) मुख्य सेना अध्यक्ष घ) गृह मंत्री

7. राष्ट्रपति मंत्रियों को किस की सिफारिश पर नियुक्त करता है ?

   क) उप राष्ट्रति ख) गृह मंत्री

   ग) प्रधान मंत्री घ) संसद

8. प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है ?

   क) राष्ट्रपित ख) उप राष्ट्रपति

   ग) लोकसभा का अध्यक्ष घ) गवर्नर

9. देश के वर्तमान संविधान में संशोघन कौन कर सकता हैं ?

   क) राष्ट्रपति ख) उपराष्ट्रपति

   ग) प्रधानमंत्री घ) संसद

10. रिक्त स्थानों को भरिए :

    क) भारतीय संसद के निम्न (लोअर) सदन को ........... कहते हैं।

    ख) भारतीय संसद के उच्च (अपर) सदन को ........... कहते हैं।

    ग) भारतीय संसद के निम्न (लोअर) सदन की वर्तमान सीटों की सख्या ............... कहते हैं।

    घ) भारतीय संसद के उच्च (अपर) सदन की वर्तमान सीटों की सख्या .................. कहते हैं।

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. अन्य पिछड़ी जाति आयोग किस की अध्यक्षता में और कब गठित हुआ? यह पूरी तरह कब लागू हुआ?
2. कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और राज्यमंत्री में क्या अंतर है?
3. राजनैतिक व स्थायी कार्यपालिका में अंतर कीजिये।
4. न्यायपालिका किसे कहते हैं? इसके क्या अधिकार है?
5. भारत के विभिन्न स्तर के न्यायालयों के नाम लिखिए?
6. संसद का सदस्य चुने जाने के लिए कौन–कौन सी योग्यताएं अनिवार्य हैं?
7. भारत का राष्ट्रपति नियुक्त होने के लिए कौन–कौन सी योग्यताएं अनिवार्य हैं?
8. संसद के राजनैतिक अधिकार क्या हैं?
9. भारतीय प्रधानमंत्री के क्या अधिकार हैं?
10. लोकसभा और राज्यसभा में क्या अंतर हैं?

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. भारत में निर्वाचित सदस्यों की राष्ट्रीय सभा के संसद कहते हैं ।
2. विधान सभा।
3. दोनों सदनों में अलग–अलग दो तिहाई बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित करके ।
4. दो या दो से अधिक राजनेतिक दलों द्वारा मिल कर बनायी गई सरकार।
5. (ख) 12
6. (क) राष्ट्रपति
7. (ग) प्रधान मंत्री
8. (क) राष्ट्रपति
9. (घ) संसद
10. क) लोकसभा
    ख) राज्य सभा
    ग) 543
    घ) 250

# 3/5 अंको वाले प्रश्न के उत्तर

1. अन्य पिछड़ी जाति आयोग :—
   - 1979 में गठित।
   - अध्यक्ष — बी. पी. मंडल।
   - 8 सितम्बर 1993 में पूरी तरह लागू।

2. कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और राज्यमंत्री में अंतरः
   - प्रमुख मंत्रालयों के प्रभारी 'कैबिनेट मंत्री।
   - छोटे मंत्रालयों के प्रभारी 'स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री
   - अपने विभाग के कैबिनेट मंत्रियों से जुड़े सहायक मंत्री राज्य मंत्री।

3. राजनैतिक व स्थायी कार्यपालिका में अंतर :
   - जनता द्वारा खास अवधि के लिए निर्वाचित लोगों को राजनैतिक कार्यपालिका कहते है।
   - विभिन्न प्रक्रियाओं द्वारा लम्बे समय के लिए नियुक्त लोगो को स्थायी कार्यपालिका कहते है।
   - यह अधिकारी राजनैतिक कार्यपालिका के तहत काम करते हैं।

4. न्यायपालिका और इसके अधिकार :
   - न्यायपालिका संवैधानिक संस्था होती है।
   - इसके पास न्याय करने का अधिकार और
   - कानूनी विवादो के निबटारे का अधिकार होता है।

5. भारत के विभिन्न स्तर के न्यायालयों के नाम :
   - पूरे देश के लिए सर्वोच्च न्यायालय।
   - राज्यों में उच्च न्यायालय।
   - जिला न्यायालय और स्थायी स्तर के न्यायालय।

6. संसद का सदस्य चुने जाने के लिए अनिवार्य योग्यताएंः

- भारत का नागरिक हो।
- सरकार के अंतर्गत किसी लाभप्रद पद पर कार्यरत न हो।
- दिवालिया या सज़ायाफ्ता न हो।

7. भारत का राष्ट्रपति नियुक्त होने के लिए अनिवार्य योग्यताएं :

- भारत का नागरिक हो।
- चुनाव के वक्त आयु 35 वर्ष से अधिक।
- दिवालिया या सजायाफ्ता न हो।
- सरकार के अंतर्गत किसी लाभप्रद पद पर कार्यरत न हो।
- लोकसभा का सदस्य बनने के योग्य हो।

8. संसद के राजनैतिक अधिकार :

- कानून बनाने, संशोधन करने तथा पुराने कानून की जगह नये कानून बनाने का अधिकार।
- सरकार चलाने वालों को नियंत्रित करने का अधिकार।
- सरकार के हर पैसे पर नियंत्रण का अधिकार।
- सार्वजनिक मामलों व राष्ट्रीय नीति पर चर्चा का अधिकार।

9. भारतीय प्रधानमंत्री के अधिकार :

- कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता।
- विभिन्न विभागों के कार्य का समन्वय।
- विभिन्न विभागों की सामान्य निगरानी।
- मंत्रियों के कामों का वितरण।
- किसी मंत्री को बर्खास्त करने का अधिकार

10. लोकसभा और राज्यसभा में अंतर :

1 लोकसभा के सदस्यों का चुनाव लोगों द्वारा प्रत्यक्ष के रूप से होता है।

2 राज्यों के संबंध में राज्यसभा को कुछ विशेष अधिकार दिए गए हैं लेकिन अधिकतर मसलों पर सर्वोच्च अधिकार लोकसभा के पास ही है।

3 संयुक्त अधिवेशन में लोकसभा के सदस्य अधिक होने के कारण लोकसभा के विचार को प्राथमिकता मिलने की संभावना रहती है।

4 लोकसभा पैसे के मामले में अधिक अधिकारो का प्रयोग करती है।

5 लोकसभा मंत्रिपरिषद् को नियंत्रित करती है। राज्यसभा को यह अधिकार नहीं।

# अध्याय–5

# लोकतान्त्रिक अधिकार

**याद रखने योग्य बातें :–**

- अधिकार लोगों के तार्किक दावे हैं, इन्हें समाज से स्वीकृति और अदालतों द्‌वारा मान्यता मिली होती है। लोकतंत्र की स्थापना के लिए अधिकारों का होना जरूरी है।
- डॉ. भीम राव अंबेडकर ने संवैधानिक उपचार के अधिकार को हमारे संविधान की आत्मा और हृदय कहा।
- भारत सरकार ने 1993 में मानवाधिकार आयोग गठित किया। 14 राज्यों में राज्य मानवाधिकार आयोग हैं।
- 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है।

**भारत के संविधान में मौलिक अधिकारः**

**समता का अधिकार**

अनुच्छेद 14 : विधि के समक्ष समता

अनुच्छेद 15 : धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध

अनुच्छेद 16 : लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता

अनुच्छेद 17 : अस्पृश्यता का अंत

अनुच्छेद 18 : उपाधियों का अंत

**स्वतंत्रता का अधिकार**

अनुच्छेद 19 : वाक्–स्वतन्त्र्य आदि कुछ अधिकारों का संरक्षण

अनुच्छेद 20 : अपराधों के लिए दोषसिद्धि के सम्बन्ध में संरक्षण

अनुच्छेद 21 : प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

अनुच्छेद 21 कः शिक्षा का अधिकार

अनुच्छेद 22 : कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण

## शोषण के विरुद्ध अधिकार

अनुच्छेद 23 : मानव के दुर्व्यपार और बलात्श्रम का प्रतिषेध

अनुच्छेद 24 : कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध

## धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

अनुच्छेद 25 : अंतःकरण और धर्म की अबाध रूप से मानने, आचरण करने, और प्रचार करने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद 26 : धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता

अनुच्छेद 27 : किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता

अनुच्छेद 28 : कुछ शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के बारे में स्वतंत्रता

## संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार

अनुच्छेद 29 : अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण

अनुच्छेद 30 : शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्ययक–वर्गों का अधिकार।

### दक्षिण अफ्रीका के संविधान में नागरिकों को प्राप्त

### नए अधिकार

1. निजता का अधिकार
2. पर्यायवरण का अधिकार
3. पर्याप्त आवस पाने का अधिार
4. स्वास्थ्य सेवाओं, पर्याप्त भोजन और उन तक पहुँच का अधिकार

### भारत में नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकार

1. समानता का अधिकार
2. स्वतंत्रता का अधिकार
3. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
4. शैक्षिक व सांस्कृतिक अधिकार
5. शोषण के विरूद्ध अधिकार
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

# 1 अंको वाले प्रश्न

1. अधिकार शब्द का क्या अर्थ है ?

2. धर्मनिरपेक्ष शासन से क्या तात्पर्य हैं ?

3. समानता के अधिकार से आप क्या समझते हैं ?

4. शिक्षा के अधिकार से क्या अभिप्राय है ?

5. निम्नलिखित में कौन–सी बात छुआछूत की विशेषता नहीं है?

   क) दलितों को मंदिर में प्रवेश न करने देना

   ख) दलितों को सार्वजनिक होटलों में खाने नहीं देना

   ग) दलितों से वैवाहिक समबांध स्थापित न करना

   घ) किसी दलित के स्पर्श से परहेजद्य न करना

6. नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा कौन करता है ?

   क) नागरिक स्वयं ख) ग्रह मंत्रालय

   ग) रक्षा मंत्रालय घ) न्यायालय

7. सूचना का अधिकार क्या है ?

   क) सरकार को कोई सूचना देने का अधिकार

   ख) सरकारी दफ्तरों से सूचना पाने का अधिकार

   ग) निजी दफ्तरों को कोई सूचना देने का अधिकार

   घ) निजी दफ्तरों से सूचना पाने का अधिकार

8. वह कौन–सा देश है जहाँ अगर कोई व्यक्ति या उस पर आश्रित व्यक्ति अपने आप को पाल नहीं सकता तो सरकार उसको आर्थिक सहायता देगी ?

   क) मिस्र ख) पाकिस्तान

   ग) डेनमार्क घ) स्पेन

9. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?

   क) 19 अक्टूबर ख) 10 दिसम्बर

   ग) 26 जनवरी घ) 15 अगस्त

10. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अपने धर्म का प्रचार करने की स्वतंत्रता | (क) संवैधानिक उपचार का अधिकार |
| 2. | छुआछूत की समाप्ति | (ख) स्वतंत्रता का अधिकार |
| 3. | बेगार पर प्रतिबन्ध | (ग) समानता का अधिकार |
| 4. | देश में कही भी आने जाने की आज़ादी | (घ) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार |
| 5. | अपनी भाषा और संस्कृति बचाने का अधिकार | (ड) शोषण के विरूद्ध का अधिकार |
| 6. | मौलिक अधिकारों के उल्लंघन होने पर अदालत से अधिकारों की मांग करना | (च) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार |

## लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. भारत में हर नागरिक को कौन–से मौलिक अधिकार हासिल हैं?
2. समानता के अधिकार को स्पष्ट कीजिए।
3. स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत कौन–कौन सी स्वतंत्रताएँ आती है?
4. शोषण के खिलाफ अधिकार का वर्णन कीजिए।
5. धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
6. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार को स्पष्ट कीजिये।
7. संवैधनिक उपचार के अधिकार का क्या अर्थ है।
8. दक्षिण अफ्रीका के संविधान में नागरिकों को कौन–से नए अधिकार मिले हैं?
9. निम्नलिखित उदाहरणों में किस मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है :
   - क) 14 साल से कम उम्र के बच्चों से कारखाने में काम करवाना।
   - ख) रमेश के गाँव में लोगों को वोट देने से रोकना।
   - ग) राहुल के गाँव में लोगों को वोट देने से रोकना।
   - घ) बिहार से मुम्बई गये वरूण को वहां घर बनाने से रोकना।
   - ड़) तमिलनाडु के एक गाँव में एक महिला को गाँव के तालाब से पानी भरने से रोकना।
10. भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों को किस तरह से सुरक्षित किया गया है?

    अथवा

    न्यायपालिका मौलिक अधिकारों की किस तरह से रक्षा करती है?

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. अधिकार लोगों के तार्किक दावे हैं, इन्हें समाज से स्वीकृति और आदलतों से मान्यता मिली होती है।
2. सरकार किसी धर्म को अधिकारिक धर्म की मान्यता नहीं देती।
3. धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, या जन्मस्थान के आधार पर किसी से भेदभाव न करना।
4. 6 से 14 साल तक सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना सरकार का उत्तरदायित्व है।
5. घ) किसी दलित के स्पर्श से परहेज न करना
6. घ) न्यायालय
7. ख) सरकारी दफ्तरों से सूचना पाने का अधिकार
8. ग) डेनमार्क
9. ख) 10 दिसम्बर
10. (i) (घ) (ii) (ग) (iii) (ङ), (iv) (ख) (v) (च) (vi) (क)

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. भारत में हर नागरिक को हासिल मौलिक अधिकार :—
   - समानता का अधिकार।
   - स्वतंत्रता का अधिकार।
   - धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार।
   - शैक्षिक व सांस्कृतिक अधिकार।
   - शोषण के खिलाफ अधिकार।
   - संवैधानिक उपचारों का अधिकार
2. समानता का अधिकार :
   - सरकार किसी से भी उसके धर्म, जाति, समुदाय, लिंग और जन्म स्थल के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकती।
   - दुकान, होटल और सिनेमा घरों जैसे सार्वजनिक स्थलों में किसी के प्रवेश को रोका नहीं जा सकता।
   - सरकारी में किसी पद पर नियुक्ति के मामले में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समानता।
   - किसी व्यक्ति का दर्जा या पद चाहे जो हो सब पर कानून समान रूप से लागू होता है।

- कोई भी व्यक्ति कानूनी रूप से अपने पद या जन्म के आधार पर विशेष अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

3. स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत स्वतंत्रताएं:

- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- शांतिपूर्ण ढंग से जमा होने की स्वतंत्रता ।
- देश में कहीं भी आने जाने की स्वतंत्रता ।
- देश के किसी भी भाग में रहने–बसने की स्वतंत्रता ।
- कोई भी काम करने, धंधा करने या पेशा करने की स्वतंत्रता।

4. शोषण के खिलाफ अधिकार :–

- संविधान मनुष्य जाति के अवैध व्यापार को मना करता है।
- संविधान किसी किस्म के बेगार या जबरन काम लेने को मना करता है।
- संविधान बाल मज़दूरी को मना करता है।

5. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार :

- हर किसी को अपना धर्म मानने, उस पर आचरण करने और उसका प्रचार करने का अधिकार।
- हर धार्मिक समूह को अपने धार्मिक कामकाज के प्रबंधन की आजादी है।
- अपने धर्म का प्रचार करने के अधिकार का मतलब किसीको झाँसा या लालच दे कर उसका धर्म परिवर्तन कराना नहीं है।

6. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार :

- नागरिकों में विशिष्ट भाषा या संस्कृति वाले किसी भी समूह को अपनी भाषा और संस्कृति बचाने का अधिकार है।
- किसी भी सरकारी या सरकारी अनुदान पाने वाले शैक्षिक संस्थान में किसी नागरिक को धर्म या भाषा के आधार पर दाखिला लेने से रोका नहीं जा सकता।
- सभी अल्पसंख्यको को अपनी पसंद का शैक्षिक संस्थान स्थापित करने और चलाने का अधिकार है।

7. संवैधानिक उपचार का अधिकार :–

- संवैधानिक उपचार के अधिकार के अंतर्गत हम संविधान में दिए गए मौलिक

अधिकारों के उल्लंघन की सूरत में अदालत से इन अधिकारों की माँग कर सकते है।

8. दक्षिण अफ्रीका के संविधान में नागरिकों को मिले नए अधिकार :

- निजता का अधिकार।
- पर्यावरण का अधिकार।
- पर्याप्त आवास पाने का अधिकार।
- स्वास्थ्य सेवाओ, पर्याप्त भोजन और उन तक पहुँच का अधिकार।

9. (क) शोषण के विरूद्ध अधिकार

(ख) शोषण के विरूद्ध अधिकार

(ग) स्वतंत्रता का अधिकार

(घ) स्वतंत्रता का अधिकार

(ड) समता का अधिकार

10. (i) संवैधानिक उपचारों के अधिकार के द्वारा हम मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

(ii) विधायिका या कार्यपालिका के किसी भी फैसले या काम से मौलिक अधिकारों का हनन हो या उनमें कोई कमी हो तो वह फैसला या काम अवैध हो जाएगा।

(iii) अदालतें गड़बड़ी का शिकार होने वाले को हर्जाना दिलवा सकती हैं और गड़बड़ी करने वालों को दंडित कर सकती हैं।

(iv) भारत में स्वतंत्र न्यायपालिका होने के कारण भारतीय अदालतें मौलिक अधिकारों का संरक्षण करने में सक्षम है।

# अर्थशास्त्र

## कक्षा – नौवीं

## अध्याय–1, पालमपुर गाँव की कहानी

**पाठ्य बिन्दुः–** पालमपुर एक काल्पनिक गाँव है जिसको पाठ का मूल आधार बनाया गया है।

1. भारत के गांवों में कृषि उत्पादन की प्रमुख गतिविधि है।
2. पालमपुर में कृषि ही मुख्य क्रिया है।
3. अन्य उत्पादन गतिविधियों में ज़िन्हें गैर कृषि क्रियाएँ कहा गया है 'लघु विनिर्माण, परिवहन, दुकानदारी आदि शामिल हैं।
4. उत्पादन का उद्देश्य या प्रयोजन ऐसी वस्तुँए और सेवाएँ उत्पादन करना है जिनकी हमें आवश्यकता है।




5. जमीन मापने की ईकाई – 1 हेक्टेयर 10,000 वर्ग मीं
6. **पालम पुर में कृषि**

   कृषि ऋतु को मुख्यतः तीन भागों में बाँटा गया है

| | ऋतु | अवधि | फसल |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्षा ऋतु (खरीफ़) | जुलाई–अक्टूबर | ज्वार, बाजरा, चावल कपास, गन्ना तम्बाकु – आदि |
| 2. | शरद् ऋतु (रबी) | अक्टूबर–मार्च | गेहुँ, सरसों, दालें, आलु आदि |
| 3. | ग्रीष्म ऋतु (जायद) | मार्च–जून | तरबूज, खीरा, फलियाँ सब्जियाँ फूल इत्यादि |

7. बिजली के विस्तार ने सिंचाई व्यवस्था में सुधार हुआ परिणाम स्वरूप किसान दोनों खरीफ़ (Kharif) और रबी (Rubi) दोनों ऋतुओं की फसल उगाने में सफल हो सके हैं।

8. बहुविघ फसल प्रणाली : एक ही भूमि के टुकड़े से उत्पादन बढ़ाने का तरीका (एक साल में किसी उत्पन्न करना। पालमपुर के किसान कम से कम दो मुख्य फसल उगाते है, तीसरी फसल के रूप में आलू पैदा कर रहे हैं।

9. खेती करने के तरीके :–

| आधार | | पारम्परिक कृषि | आधुनिक कृषि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रम | स्वयं तथा परिवार के सदस्यों द्वारा | खेतीहर मज़दूरों द्वारा |
| 2. | बीज | पारंपरिक बीज | अति उपज, प्रजातियों वाले बीज (HYVS) |
| 3. | उर्वरक | गाय का गोबर तथा अन्य प्राकृतिक खाद्य | रसायनिक उर्वरक व कीट नाशकों का प्रयोग |
| 4. | जुताई | पांरपरिक हल व बैल का प्रयोक | ट्रेक्टर, थ्रेसर |
| 5. | सिंचाई के स्त्रोंत | कुएँ, रहट, तालाब नदियों व वर्षा के पानी द्वारा | बिजली पसिल, नल कूपों या डीजल से चलेन वाले |

10. हरित क्रान्तिः हरित क्रान्ति द्वारा भारतीय कृषकों ने अधिक उपाज वाले बीजो (HYV के द्वारा गेहुँ और चावल की खेती करना सीखा।

11. अनेक क्षेत्रों में हरित क्रान्ति के कारण उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता कम हो गई। इसके अतिरिक्त नलकूपों से सिंचाई के कारण भौम जल स्वर कम हो गया और प्रदुषण की बढ़ गया।

12. पालम पुर में गौर कृषि क्रियाएँ :–



**एक नज़र में पालमपुर :–**

1. पालमपुर में कृषि ही प्रमुख उत्पादन प्रक्रिया है। गाँव में 450 परिवार रहते है। 150 परिवारों के पास, खेती के लिए भूमि नहीं है। बाकी 240 परिवारों के पास 2 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले छोटे भूमि के टुकड़े हैं। गांव की कुल जनसंख्या का एक–तिहाई भाग दलित या अनुसूचित जातियों का है। गाँव में ज़्यादातर भूमि के स्वामी उच्च जाति के 80 परिवार है।
2. पालम पुर गांव में शिक्षा के लिए– एक हाई स्कूल दो प्राथमिक विद्यालय, एक स्वास्थ्य केन्द्र और एक निजी अस्पताल भी है।
3. गांव के कुल कृषि क्षेत्र के केवल 40 प्रतिशत भाग में सिंचाई होती है। अधिक उपज पैदा करने वाले बीज (HYV) की सहायता से गेहूँ की उपज 1300 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 3200 किलोग्राम हो गई है।
4. पालम पुर गांव में 25 प्रतिशत लो गैर कृषि–कार्यो में लगे हुए हैं जैसे – डेयरी – दुकानदारी, लघुस्तरीय निर्माण, उद्योग, परिवहन इत्यादि।
5. पालमपुर व आस पड़ोस के गाँवों, कस्बों और शहरों में दूध, गुड़, गेहुँ आदि सुलभ हैं। जैसे–जैसे ज्यादा गाँव, कस्बों और शहरों से अच्छी सड़को, परिवहन और टेलीफोन से जुड़ेंगें, भविष्य में गाँवों में गौर–कृषि उत्पादन क्रियाओं के नये अवसर सृजित होगें।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. पालम पुर गाँव के लोगों की मुख्य आर्थिक क्रिया क्या है ?

   (1) दुकानदारी (2) कृषि (3) दोनों (4) इनमें से कोई नहीं
2. उत्पादन की प्रथम आवश्यकता क्या है ?

   (1) भूमि (2) श्रम (3) पूंजी (4) बाज़ार
3. पालमपुर के कृषक तीसरी फसल के रूप में कौन सी फसल बो रहे हैं ?

   (1) बाजरा (2) आलू (3) गन्ना (4) इनमें से कोई नहीं
4. आधुनिक कृषि में ............................ बीजों का प्रयोग किया जाता है।
5. एक साल में किसी भूमि पर एक से ज़्यादा फसल उगाने की विधि को ...................... कहते हैं।
6. कृषि के आधुनिक तरीकों का सबसे पहले प्रयोग भारत के किन दो राज्यों में किया गया ?
7. छोटे किसान रकेती के लिए आवश्यक पूंजी का प्रबंध किस प्रकार करते हैं ?
8. पालमपुर में लगभग कितने प्रतिशत लोग गैर कृषि व्यवसायों में लगे हुए हैं ?
9. भूमि मापने की मानक इंकाई क्या है ?
10. अधिरोप कृषि उत्पादों का किसान क्या करते हैं ?

## लघु / दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3 / 5 अंक)

1. पालमपुर गाँव की किन्हीं तीन गैर–कृषि क्रियाओं का वर्णन कीजिए ?
2. 1960 के दशक के अन्त में आई हरित क्रान्ति ने भारतीय कृषि पर क्या प्रभाव डाला ? (कोई पाँच बिन्दू)
3. परम्परागत खेती व आधुनिक कृषि में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई पाँच)
4. पालमपुर में लघुस्तरीय विनिर्माण उद्योग की विशेषताएँ लिखिए (कोई पाँच)
5. आपके क्षेत्र में कौन–कौन सी गैर कृषि क्रियाएँ होती है ? (किन्हीं पाँच)
6. पालम पुर गांव में भूमिहीन किसानों को किस प्रकार का संघर्ष करना पड़ रहा हैं ?
7. वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आवश्यक चीजों का वर्णन कीजिए ?
8. ''कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए सिंचित क्षेत्र को बढ़ाना आवश्यक है'' कोई तीन कारण लिखिए।
9. पालमपुर में भूमि कृषको में किसी प्रकार वितरित है ?
10. पालमपुर के दुकानदार किस प्रकार व्यापार करते है ?
11. ''हरित क्रान्ति'' के कारण मिट्टी की उर्वरक क्षमता कम हुई है'', क्या आप इससे सहमत हैं। अपने विचार व्यक्त कीजिए ।
12. ऐसे कौन–कौन से गैर–कृषि कार्य हैं जो पालमपुर जैसे गाँवो में प्रारम्भ किये जा सकते हैं।

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. कृषि
2. भूमि
3. आलू
4. HYV
5. बहुविध फसल प्रणाली
6. पंजाब और हरियाणा
7. बड़े किसानों से या गाँव के साहूकारों से आवश्यक पूंजी लेते हैं।
8. लगभग 25 प्रतिशत
9. एक हेक्टेयर, जो 100 मी. वाली भुजा वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है।
10. बाजार में बेचते हैं।

## लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3/5 अंक)

1. i) लघु स्तरीय विनिर्माण
   ii) डेयरी
   iii) परिवहन
   iv) दुकानदारी (कोई भी तीन)

2. i) हरित क्रान्ति ने भारतीय कृषकों को ज्यादा उपज वाले बीज HYV के द्वारा चावल और गेहूँ की कृषि करने के तरीके सिखाये।
   ii) परम्परागत बीजों की तुलना में HYV अधिक उपज वाले बीज सिद्ध हुए।
   iii) किसानों ने कृषि में ट्रेक्टर और फसल काटने की मशीनों का उपयोग करना प्रारम्भ कर दिया।
   iv) रसायनिक खादों का प्रयोग करना शुरू किया।
   v) प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया गया।

3.

| परम्परागत कृषि | आधुनिक कृषि |
|---|---|
| i) कृषि में पारम्परिक बीजों का प्रयोग | i) कृषि में अधिक उपज देने वाले बीज HYV का प्रयोग |
| ii) कम सिचांई की आवश्यकता | ii) अधिक सिंचाई की आवश्यकता |
| iii) उर्वरको के रूप में गाय के गोबर अथवा दूसरी प्राकृतिक खाद का प्रयोग | iii) रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग। |
| iv) पारम्परिक हल का प्रयोग | iv) मशीनों का प्रयोग |
| v) कुओं नदी, रहट, तालाब से सिंचाई | v) नलकूपों और पम्पिंग सेट के द्वारा सिंचाई |

4. i) सरल उत्पादन विधियों का इस्तेमाल।
   ii) पारिवारिक श्रम द्वारा घरों पर काम करना।
   iii) श्रमिकों को भी कई बार किराए पर रखा जाता है।
   iv) कम लागत पूंजी
   v) कम समय में तैयार माल

5. i) दुकानदारी
   ii) परिवहन संबंधित कार्य जैसे ई.रिक्शा, ट्रक का उपयोग आदि।
   iii) सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र तथा निजी पाठशालाएँ।
   iv) कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देना। (या कोई अन्य)
   v) फर्नीचर बनाना।

6. i) भूमिहीन किसान दैनिक मज़दूरी पर काम करने के लिये मजबूर है।

ii) उन्हें अपने लिए प्रतिदिन काम ढूंढते रहना पड़ रहा है।

iii) सरकार द्वारा मज़दूर की दैनिक दिहाड़ी न्यूनतम रूप में 60 रू0 निर्धारित की गई है। परन्तु केवल मात्र 35–40 रुपये ही मिलते है।

iv) खेतिहर श्रमिकों में अधिक स्पर्धा के कारण ये लोग कम वेतन में भी कार्य करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

v) खेतीहर श्रमिक कर्ज के कारण अत्याधिक कष्ट झेल रहे हैं।

7. i) पहली आवश्यकता है भूमि तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन जैसे जल, वन खनिज की भी आवश्यकता है।

ii) श्रम अर्थात् जो लोग काम करेगें। कुछ उत्पादन क्रियाओं में शिक्षित कर्मियों की भी आवश्यकता है।

iii) भौतिक पूंजी : उत्पादन के समय प्रत्येक स्तर पर काम आने वाली आगतें जैसे इमारतें, मशीनें औजार आदि। इसमें स्थायी और कार्यशील पूंजी दोनों शामिल हैं।

iv) मानव पूंजी : उत्पदन करने के लिये – भूमि श्रम और भौतिक पूंजी को एक साथ करने योग्य बनाने के लिए ज्ञान और उद्यम की आवश्यकता है जिसे मानव पूंजी कहा जाता है।

v) बाजार : उत्पादित वस्तुओं के अन्तिम उपभोग हेतु प्रतिस्पर्धा के लिये बाजार भी एक आवश्यकत तत्व है।

8. सिंचित क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र को बढ़ाना :–

i) कृषि की व्यवस्था सिंचित क्षेत्र पर निर्भर करती है।

ii) भारत के कुछ क्षेत्रों में (जैसे–पंजाब, राजस्थान, दक्कनी भाग तथा मध्य भारत) वर्षा अनियमित व अनिश्चित है। ऐसे क्षेत्रों में कृत्रिम सिंचाई की अधिक आवश्यकता है।

iii) कुछ फसलें ऐसी हैं जिसके लिये नियमित रूप से जलापूर्ति आवश्यक है जैसे – चावल, गेहूँ, गन्ना आदि।

iv) जिन क्षेत्रों में आधुनिक बीजों का प्रयोग किया जाता हे वहां की जल की अधिक आवश्यकता पाई जाती है। (या कोई अन्य)

v) भूमि का बहुत छोटा भाग भी सिंचाई के अंतर्गत है।

9. पालमपुर में भूमि का वितरण :–

i) पालमपुर में 450 परिवारों में से लगभग एक तिहाई अर्थात् 150 परिवारों के पास खेती के लिये भूमि नहीं हैं जो अधिकाशत : दलित है।

ii) 240 परिवारों जिनके पास भूमि नहीं है 2 हेक्टेयर से भी कम क्षेत्रफल वाले टुकड़ों पर खेती करते हैं।

iii) भूमि के ऐसे टुकड़ों पर खेती करने से किसानों के परिवार को पर्याप्त आमदनी नहीं होती।

iv) पालमपुर में मझोले किसान और बड़े किसानों के 60 परिवार हैं जो 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करते है।

v) कुछ बड़े किसानों के पास 10 हेक्टेयर या इससे अधिक भूमि है।

10. पालमपुर के दुकानदार :-

i) दुकान पर प्रतिदिन की वस्तुओं को थोक रेट पर खरीदते है और गाँव में बेचते है।

ii) पालमपुर में ज्यादा लोग व्यापार (वस्तु विनियम) नहीं करते।

iii) गाँव में छोटे जनरल स्टोरो में चाल, गेहूँ चाय, तेल बिस्कुट साबुन, टूथ पेस्ट, बेट्री, मोमबत्ती, कापियां पैन पेनसिल तथा कुछ कपड़े भी बेचते हैं।

iv) कुछ परिवारों ने जिनके घर बस स्टैंड के निकट होते है अपने घर के एक भाग में ही छोटी दुकान खोल ली है।

v) वस्तुओं के साथ–साथ खाने की चीजे भी बेचते हैं।

11. हरित क्रान्ति :-

i) रासायनिक उर्वरकों के कारण मृदा की उर्वरता नष्ट होने लगी।

ii) भू–जल के अति प्रयोग से भौमजल स्तर (भूमि जलस्तर) गिरने लगा।

iii) रासायनिक उर्वरक आसानी से पानी में घुलकर मिट्टी से नीचे चले जाते हैं और जल को दुषित करते हैं।

iv) ये बैक्टीरिया और सूक्ष्य जीवाणु नष्ट कर देते हैं जो मिट्टी के लिए उपयोगी हैं।

v) उर्वरकों के अति प्रयोग से भूमि खेती के योग्य नहीं रहती ।

12. पालमपुर में गैर कृषि कार्य प्रारम्भ किए जा सकते हैं :-

i) लकड़ी से फर्नीचर बनाना

ii) घरेलु बर्तनो का निर्माण

iii) सिलाई, कढ़ाई, बुनाई से तैयार कपड़े

iv) टोकरियाँ बुनना

v) ईटे बनाना

अध्याय – 1 पालमपुर गाँव  की कहानी।

आरेख 1.1 : कृषकों और कृषि क्षेत्र का वितरण

1.




स्रोत : एग्रीकल्चर स्टेटिसटिक्स एट ए ग्लांस 2003, डिपार्टमेंट आफ़ एग्रीकल्चर एंड कॉपरेशन, मिनिस्ट्री आफ़ एग्रीकल्चर, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया

2.



खेतों में कार्य : गेहूँ की फसल – कटाई, बीज बोना, कीटनाशकों का छिड़काव तथा आधुनिक एवं परंपरागत विधियों से फसलों की जुताई

# अध्याय–2

# संसाधन के रूप में लोग

**पाठ्य बिन्दु :–**

1. **मानव पूंजी** :– मानव पूंजी–कौशल और उनमें निहित उत्पादन के ज्ञान का स्टॉक है। अथवा भौतिक पूंजी पर लगने वाले श्रम को मानव पूंजी कहते हैं।
2. **मानव पूंजी निर्माण** :– मानव संसाधनों का अधिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य द्वारा और विकसित किया जाना।
3. **मानव संसाधन** :– अन्य संसाधनों से श्रेष्ठ है जैसे भूमि, पूंजी इत्यादि क्योंकि ये संसाधन स्वयं अपना उपयोग नहीं कर सकते। यह उत्पादन का एक सजीव, क्रियाशील तथा संवेदनशील कारक है।
4. **शिक्षा का महत्व** :– श्रम की गुणवत्ता बढ़ाती है, परिणाम स्वरूप उत्पादकता में हुई वृद्धि देश की संवृद्धि में योगदान देती है।
5. जापान में मानव संसाधन पर अधिक निवेश किया गया है।
6. अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्रियाकलापों को **तीन प्रमुख क्षेत्रकों** में बाँटा गया है–
   प्राथमिक, द्वितीय और तृतीयक।

**अर्थव्यवाथा के क्षेत्रक**

- **प्राथमिक क्षेत्रक सीधे भमि और जल से जुडी क्रियाएँ**
  - कृषि
  - वानिकी
  - पशुपालन
  - मत्स्य पालन
  - मुर्गी पालन
  - खनन्
- **द्वितीयक क्षेत्रक उत्खनन एवं विनिर्माण क्रियाएँ**
  - प्राथमिक क्षेत्रक की वस्तुओं को अन्य रूपों में परिवर्तित करना
  - गन्ने से चीनी
  - कपास से सूत
- **तृतीय क्षेत्र सेवाएँ**
  - स्वयं उत्पादन नहीं करती
  - उत्पादन प्रक्रिया में सहयोग
  - प्राथमिक और द्वितीय क्षेत्रक का विकास
  - व्यापार
  - बैकिंग
  - बीमा

7. वह सभी क्रियाएँ जो राष्ट्रीय आय में मूल्यवर्धन करती हैं – आर्थिक क्रियाएँ कहलाती है।

8. आर्थिक क्रियाएँ दो प्रकार की है :–

    (i) बाजार क्रियाएँ    (ii) गैर बाजार क्रियाएँ

    - **बाजार क्रियाएँ** :– वेतन या लाभ के उद्देश्य से की गई क्रियाओं के लिए पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। इनमें सरकारी सेवा सहित वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन शामिल है।
    - **गैर बाजार क्रियाएँ** :– स्व उपभोग के लिए उत्पादन है इनमें प्राथमिक उत्पादों का उपभोग तथा अचल संपत्तियों का स्वलेखा उत्पादन आता है।

9. **जनसंख्या की गुणवत्ता** :–जनसंख्या की गुणवत्ता निर्धारित करने वाले कारक–साक्षरता दर तथा व्यक्ति का स्वास्थ्य।

10. **सर्वशिक्षा अभियान**:–प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

11. **मृत्यु दर** :– अभिप्राय एक विशेष अवधि में प्रति एक हजार व्यक्तियों के पीछे मरने वाले लोगों की संख्या से है।

12. **जन्मदर** :– एक विशेष अवधि में प्रति एक हजार व्यक्तियों के पीछे जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या से है।

13. **शिशु मृत्यु दर** :– अभिप्राय एक वर्ष से कम आयु के शिशुओं की मृत्यु से है।

14. **बेरोजगारी** :– वह दशा या वह स्थिति है जब प्रचलित मजदूरी दर पर काम करने के लिए इच्छुक लोग रोजगार प्राप्त नहीं करते ।

15. **बेरोजगारी के प्रकार**

**बेरोज़गारी के प्रकार**

| मौसमी बेरोजगारी | प्रछन्न बेरोज़गारी | शहरी बेरोज़गारी |
|---|---|---|
| जब लोग वर्ष के कुछ महीने में रोजगार प्राप्त नहीं करते | चार व्यक्तियों का काम आठ व्यक्ति कर रहे हैं। | डिग्री–धारी युवक रोजगार पाने में असमर्थ हैं। |

16. **राष्ट्रीय नीति का लक्ष्य** :– जनसंख्या के अल्प सुविधा प्राप्त वर्गों पर विशेष ध्यान देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार कल्याण और पौष्टिक सेवा तक इनकी पहुँच को बेहतर बनाना है।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. सर्व शिक्षा अभियान किस आयु वर्ग के बच्चों के लिए चलाया गया है ?

   (1) 7 – 15 वर्ष (2) 6 – 14 वर्ष (3) 8 – 13 वर्ष (4) 9 – 16 वर्ष

2. शिक्षित बेरोजगार कौन है ?

   (1) वह व्यक्ति जिसके पास डिग्री है रोजगार नहीं

   (2) शहर में रहने वाला निरक्षर बेराज़गार

   (3) दैनिक मज़दूरी पर काम करने वाला मजदूर

   (4) इनमें से कोई नहीं

3. प्राथामिक क्षेत्रक में सम्पन की जाने वाली क्रियाएँ कौन सी हैं ?

   (1) कृषि और मतस्यपालन

   (2) चरखा चलाना और सूत कातना

   (3) कृषि और परिवहन

   (4) इनमें से काई नहीं

4. जापान का ................................ संसाधन में अधिक निवेश है

5. जनसख्ंया की गुणक्ता ................ और ........... कारकों पर निर्भर करती है।

6. प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने में राज्य और स्थानीय सरकारों ने कौन सा महत्वपूर्ण कदम उठाया है ?

7. प्राथमिक शिक्षा में नामांकन बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा कार्यन्वित की गई एक योजना ........ है।

8. भारत में किस राज्य की साक्षरता दर सर्वाधिक है ?

9. मिड. डे. मील या 'दोपहर का भोजन' योजना का लक्ष्य क्या है ?

10. गैर बाजार क्रियाकलाप क्या है ?

## लघु दीर्घ प्रश्न (3 / 5 अंक)

1. प्राथमिक क्षेत्रक, द्वितीयक क्षेत्रक से किस प्रकार भिन्न हैं ?
2. मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा किस प्रकार सहायता करती हैं ?
3. क्या शिक्षा की भांति स्वास्थ्य भी मानव पूंजी के निर्माण के प्रभावित करता है ? स्पष्ट कीजिए।
4. सर्वशिक्षा अभियान से आप क्या अभिप्राय है ?
5. मानव पूंजी निर्माण से क्या अभिप्राय है ?
6. राष्ट्रीय नीति का क्या लक्ष्य है ?

7. बाजार क्रियाकलाप और गैर बाजार क्रिया कलाप में क्या अन्तर है ?

8. बेरोजगार कौन है ?

9. बेरोज़गारी से क्या अभिप्राय है ? अर्थव्यवस्था पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है ?

10. बेरोज़गारी के विभिन्न प्रकार कौन–कौन से हैं?

11. मानव पूंजी अन्य संसाधनों जैसे भूमि, श्रम, भौतिक पूंजी से किस प्रकार श्रेष्ठ है ?

12. अर्थव्यवस्था के कितने क्षेत्रक हैं ? प्रत्येक के विषय में उदाहरण सहित संक्षेप में लिखिए।

13. भारत में साक्षरता दर का वर्णन कीजिए तथा शिक्षा के माध्यम से सरकार ने क्या प्रयास किए है।

14. शिक्षित बेरोज़गारी भारत के लिये किस प्रकार एक चुनौती बन गई है? क्या आप कोई समाधान सुझा सकते है ?

15. भारत में बेरोजगारी के कारण लिखिए। बेरोजगारी दूर करने के लिए कुछ उपाय लिखिए।

## उत्तर माला

### 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए

2. जो युवक मैट्रिक, स्नातक, स्नातकोतर होने के बावजूद रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं, वे शिक्षित बेराज़गार है।

3. कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन, खनन। (कोई दो)

4. मानव संसाधन।

5. साक्षरता दर एंव जीवन प्रत्याशा।

6. सर्वशिक्षा अभियान।

7. सेतु पाठ्यक्रम या स्कूल लौटे शिविर।

8. केरल

9. विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ावा और उनके पोषण स्थिति में सुधार।

10. स्वयं उपभोग के लिए उत्पादन करना।

**लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर :–**

1.

| प्राथमिक क्षेत्रक | द्वितीयक क्षेत्रक |
|---|---|
| i) क्रियाएँ सीधे भूमि और जल से संबंधित हैं। | i) क्रियाएँ वस्तुओं के निर्माण से जुड़ी हुई हैं। |
| ii) प्रकृति द्वारा प्रदान की गई वस्तुओं पर आधारित होती है। | ii) प्राथमिक क्षेत्रक से प्राप्त कच्चे माल पर आधारित होती है। |
| iii) उदाहरण : कृषि, पशुपालन खनिज मत्स्य पालन। | iii) उदाहरण : उद्योग जैसे कागज़ करना, कपड़ा तैयार करना आदि। |

2. i) शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का स्र्वागीण विकास होता है। जिसके द्वारा वह ज्ञान और कौशल में निपुण हो जाता है।

   ii) शिक्षा मानव को इस योग्य बनाती है कि वह अच्छी नौकरी या पेशा तथा अच्छी आय प्राप्त कर सके।

   iii) शिक्षा मानव के लिये क्षेत्रों का विस्तार करती है तथा नई दिशाएँ दती है।

3. i) स्वास्थ्य अपना कल्याण करने का एक आवश्यक आधार है। अस्वस्थ लोग किसी भी संगठन के लिए बोझ बन जाते हैं।

   ii) स्वस्थ व्यक्ति अधिक काम, अधिक उत्पादन और अधिक आय सृजन का प्रतीक है।

   iiii) स्वस्थ व्यक्ति ही अच्छा उत्पादक होता है उस अर्थव्यवस्था के विकास में सहायक होता है।

4. सर्वशिक्षा अभियान 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के सभी स्कूल बच्चों को वर्ष 2010 तक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

5. i) जब विद्यमान मानव संसाधन को और अधिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य द्वारा विकसित किया जात है।

   ii) यह भौतिक पूंजी निर्माण की भांति देश की उत्पादक शक्ति में वृद्धि करता है।

6. **राष्ट्रीय नीति का लक्ष्य** :– जनसंख्या के अल्प सुविधा प्राप्त वर्गो पर विशेष ध्यान देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार कल्याण और पौष्टिक सेवा तक इनकी पहुँच को बेहतर बनाना है।

7.

| बाजार क्रिया कलाप | गैर बाजार क्रिया कलाप |
|---|---|
| i) वेतन या लाभ के उद्देश्य से की गई क्रियाएँ | i) स्वउपयोग के लिए उत्पादन करना गौर बाजार क्रिया है |
| ii) इनमें बस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाता है। | ii) प्राथमिक वस्तुओं का संसाधन करके स्वयं उपभोग किया जाता हैं। |
| iii) उदाहरण – जैसे डॉक्टर इंजीनियर | iii) उदाहरण : प्राथमिक उत्पादों का |

| | |
|---|---|
| इंजीनियर रिक्शा चालक आदि। | उपभोग तथा अचल संपत्तियों का स्वलेश्खा। |

8. बेरोजगारी वह व्यक्ति है जो कि शारीरिक और मानसिक दृष्टि से कार्य करने के लिए सक्षम है परन्तु रोज़गार से वंचित है।
9. बेरोजगारी वह दशा या अवस्था है जब प्रचलित मजदूरी की दर पर काम करने के इच्छुक लोग रोज़गार प्राप्त नहीं कर पाते।

   **प्रभाव**

   1. बेरोज़गारी में वृद्धि मंदीग्रस्त अर्थयवस्था का सूचक है।
   2. बेराजगारी में वृद्धि के कारण समाज के जीवन की गुणवत्ता का भी बुरा प्रभाव पड़ता है।
10. बेरोजगारी तीन प्रकार की होती है।
    1. प्रछन्न बेराज़गारी
    2. मौसमी बेरोज़गारी
    3. शिक्षित बेरोज़गारी

    (छात्र प्रत्येक के विषय में लिखें)
11. 1. अन्य संसाधन अपना स्वयं का उपयोग नहीं कर सकतें मानव–विकास के लिये प्राकृतिक संसाधनों जैसे भूमि मृदा, जल, पेड़–पौधों का प्रयोग करता है।
    2. खनिज और मूल्यवान संसाधन भूमि के नीचे ही दबे रहेगें यदि मानव उन्हें खोद कर न निकाले।
    3. मानव अपने ज्ञान और कौशल से प्राकृतिक संसाधन को मूल्यवान वस्तुओं में परिवर्तन करता है।
    4. शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य आदि के द्वारा मानवपूंजी में निवेश अर्थव्यवस्था की प्रगति में योगदान देता है।
    5. उदाहरण – जापान ने मानव पूंजी में निवेश कर विशेषतौर पर शिक्षा औश्र स्वास्थ्य में – कुशलता एवं तकनीक द्वारा अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया और देश अमीर हो गया।
12. विभिन्न प्रकार की क्रियाकलापों को तीन प्रकार के प्रमुख क्षेत्रकों में बाँटा जा सकता हैः
    1. प्राथमिक क्षेत्रक – उदाहरण, कृषि, वानिकी, पशुपालन मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और खनिज ।
    2. द्वितीयक क्षेत्रक – उदाहरण, लकड़ी चीरने का काम कागज बनाना कपड़ा तैयार करना।
    3. तृतीयक क्षेत्रक – उदाहरण, व्यापार, संचार, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य पर्यटन आदि सेवाएँ।

13. साक्षरता प्रत्येक नागरिक का न केवल अधिकार है बल्कि या नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्यों व अधिकारों का पालन करने व लाभ उठाने का माध्यम भी हैं। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल साक्षरता दर 74.04 प्रतिशत हो गई है जिसमें पुरूषों की साक्षरता दर 82.14 प्रतिशत तथा महिलाओं की साक्षरता दर 65.46 प्रतिशत हो गई है।

**सरकार द्वारा उठाए गए कदम :–**

1. प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सर्वशिक्षा अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है।
2. प्राथमिक शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए 'सेतु पाठ्यक्रम' और स्कूल लौटो शिविर प्रारम्भ किए गए।
3. विद्यालयों में 'दोपहर के भोजन' (मिड–डे–मील) की व्यवस्था की गई।

14. प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र में विकास की गुजांइश है अधिकाशतः शिक्षित लोग तृतीयक सेवाओं की ओर आकर्षित होते हैं जहाँ नौकरियाँ सीमित हैं अतः शिक्षित युवक डिग्रियाँ होते हुए भी बेरोज़गार हैं। विदेशों में नौकरी पाने वाले इच्छुक युवकों के पास इतनी सुवधिाएँ नहीं है कि वह विदेश जा सकें। अतः यह समस्या भारत के लिये जटिल होती जा रही है।

**उपाय :–**

1. स्कूल और कालेजो में व्यवसायिक विषयों को पढ़ाने लिखने की व्यवस्था शुरू की जा सकती है ताकि वह अपना काई काम शुरू कर सकें।
2. औद्योगिक प्राशिक्षक केन्द्र (आई.आई.टी) खोले जाएँ ताकि पढ़े लिखे विद्यार्थियों को वहाँ किसी व्यवासाय संबंधी ट्रेनिंग दी जा सके। फिर वह चाहें नौकरी प्राप्त करे या न करें अपना काम खोल सकते हैं।

15. भारत में बेरोज़गारी के कारण

1. बढ़ती जनसंख्या
2. कृषि क्षेत्र में विकास की धीमी गति
3. औद्योगिक और सेवा क्षेत्रक सीमित है।
4. शिक्षा पद्धति व्यवहारिक नहीं है।
5. तकनीकी विकास अव्यवस्थित हैं
6. ग्रामीण लोगों का शहरों  की ओर प्रस्थान (कोई पाँच)

Source - CENSUS - 2011

POPULATION CHARACTERISTICS

| | | 1991 | 2001 | 2011* |
|---|---|---|---|---|
| POPULATION | Million | 846 | 1029 | 1210 |
| Males | ,, | 439 | 532 | 624 |
| Females | ,, | 407 | 497 | 586 |
| Below 14 years | % | | 35 | |
| Males | ,, | | 36 | |
| Females | ,, | | 35 | |
| Above 60 years | ,, | | 8 | |
| Males | ,, | | 7 | |
| Females | ,, | | 8 | |
| Dependency Ratio | ,, | | 0.09 | |
| Urban population | ,, | 26 | 28 | |
| Sex ratio females/ 1000 males | | 927 | 933 | 940 |
| Highest sex ratio(Kerala) | | | | 1084 |
| Lowestt sex ratio(Daman & Diu) | | | | 618 |
| | | 1981-91 | 1991-01 | 2001-11 |
| Decadal Population | % | 23.86 | 21.54 | 17.64 |
| Maximum decadal growth rate(D&N Haveli) | | | | 25.50 |
| Minimum decadal growth rate(Nagaland) | | | | -0.47 |
| | | 2007 | 2008 | 2009 |
| Birth rate | (per 000) | 23.1 | 22.8 | 22.5 |
| Death rate | ,, | 7.4 | 7.4 | 7.3 |
| Infant Mortality Rate | ,, | 55 | 53 | 50 |
| Density of population | per Sq. Km | # 273 | 325 | 382 |
| Highest population density(NCT of Delhi) | | | | 11297 |
| Lowest population density(Arunachal Pradesh) | | | | 17 |
| | | 1999-03 | 2000-04 | 2002-06 |
| Expectation of life at birth(years) | Male | 61.8 | 62.1 | 62.6 |
| | Female | 63.5 | 63.7 | 64.2 |

* : figures are provisional

#: excluding Jammu & Kashmir

# अध्याय–3

# निर्धनता : एक चुनौती

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. निर्धनता से अभिप्राय जीवन के लिए न्यूनतम उपयोगी आवश्यकताओं की प्राप्ति के न होने से है। निर्धनों (गरीबों) की आमदनी इतनी कम होती है कि वे उससे अपनी सामान्य जरूरतों को भी पूरा नहीं कर सकते हैं।

2. भारत में हर चौथा व्यक्ति निर्धन है (विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़े) दुनिया में सबसे अधिक गरीब भारत में ही हैं।

3. **शहरी निर्धनता** – शहरी क्षेत्रों में निर्धन लोागें में रिक्शा चालक, मोची, फेरी वाले, निम्न मजदूरी पाने वाले श्रमिक इत्यादि आते हैं। इनके पास भौतिक परिसंपत्ति नहीं होती है और ये अक्सर झुग्गी व मलिन बस्तियों में रहते हैं।

4. **ग्रामीण निर्धनता** – ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन किसान, खेतिहर मज़दूर, लघु एवं सीमान्त किसान आदि आते हैं।

5. सामाजिक वैज्ञानिक की दृष्टि में निर्धनता :–

   (क) सामान्यता निर्धनता का सम्बन्ध आय अथवा उपभोग के स्तर से है।

   (ख) उपभोग के स्तर के अलावा निर्धनता को निरक्षरता स्तर, कुपोषण के कारण रोग प्रतिरोधी क्षमता की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोज़गार के अवसरों की कमी, सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता तक पहुँच की कमी आदि अन्य सामाजिक सूचकों के माध्यम से भी निर्धनता को देश जाता है।

6. **निर्धनता रेखा** : आय अथवा उपयोग के न्यूनतम स्तर को निर्धनता रेखा कहा जात है।

7. भारत में निर्धनता रेखा का निर्धारण :– भारत में निर्धनता रेखा का निर्धारण निम्नलिखित दो आधारों पर किया जाता है :

   (क) **कैलोरी आवश्यकता** : ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन तथा शाहरी क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन।

   (ख) **आय** : ग्रामीण क्षेत्रों में 816 रुपये प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह तथा शहरी क्षेत्रों में 1000 रुपये प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह (2011–12 के आंकड़े)। ये आंकड़े सुरेश तेंदुलकर कमिटी द्वारा दी गयी थी। इसके बाद गरीबी के आकलन के लिए सी. रंगराजन के नेतृत्व में एक और कमिटी बनायी गयी थी जिसने अपनी रिपोर्ट जून 2014 में दी। इसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 972 रूपये

प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह तथा शहरी क्षेत्रों में 1407 रुपये प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

8. **असुरक्षित समूह** – अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ, ग्रामीण श्रमिकों के परिवार, नगरीय अनयित मजदूर परिवार आदि निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित हैं।

9. **अंतरराज्यीय असमानताएं** – प्रत्येक राज्य में निर्धन लोगों का अनूपात एक समान नहीं है। बिहार और ओडिशा सर्वाधिक निर्धन राज्य हैं।

10. **वैश्विक निर्धनता परिदृश्य**– विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार प्रतिदिन एक डॉलर से कम पर जीवन निर्वाह ।

11. **निर्धनता के कारण** –

(क) ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान आर्थिक विकास का निम्न स्तर।

(ख) उच्च जनसंख्या वृद्धि।

(ग) भूमि और अन्य संसाधनों का असमान वितरण।

(घ) सामाजिक और सांस्कृतिक कारण।

12. **राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन**– (नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाईजेशन) : वह संस्था जो भारत में निर्धनता रेखा का समय–समय पर आकलन करती है। (हर पांच साल में)

13. गरीबी कम हुई है :–

(क) पंजाब और हरियाणा में उच्च कृषि वृद्धि दर से।

(ख) केरल ने मानव संसाधनों पर ज्यादा ध्यान देकर निर्धनता को कम किया है।

(ग) आन्ध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु ने अनाज के सार्वजनिक वितरण के द्वारा निर्धनता को कम किया है।

(घ) पश्चिम बंगाल में भूमि सुधारों के माध्यम से।

14. **निर्धनता निरोधी उपाय** :–

**दो रणनीतियां**

↓

**आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन** ↓ | **लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम** ↓

आर्थिक संवृद्धि और निर्धनता उन्मूलन में गहरा सम्बन्ध है। आर्थिक संवृद्धि अवसरों को व्यापक बना देती है जिससे मानव विकास में निवेश के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो पाती है। लेकिन, ऐसा संभव है आर्थिक संवृद्धि से निर्धन लोग प्रत्यक्ष लाभ नहीं उठा पायें इसलिए लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रमों की आवश्यकता होती है।

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम।

(ख) प्रधानमंत्री रोजगार योजना।

(ग) स्वर्ण जयंती ग्राम स्व–रोज़गार योजना।

(घ) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना।

(ड) अन्त्योदय अन्न योजना।

इसलिए, इन दोनों रणनीतियों को पूरक भी माना जाता है।

**15. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोगार अधिनियम, 2005–**

(क) उद्देश्य–ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षित करना।

(ख) साल में कम से कम 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी।

(ग) एक तिहाई रोज़गार महिलाओं के लिए सुरक्षित।

(घ) आवेदक को 15 दिन के अंदर अगर रोज़गार नहीं उपलब्ध कराया जाता तो वह बेरोज़गारी भत्ते का हकदार होगा।

(च) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का प्रावधान ।

16. प्रधानमंत्री रोजगार योजना :

(क) 1993 में प्रारंभ।

(ख) उद्देश्य–ग्रामीण और छोटे शहरों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर का सृजन।

(ग) लघु व्यवसाय तथा उद्योग स्थापित करने में सहायता करना।

17.



18.

**निर्धनता से संबंधित अन्य कारण**

- भूमिहीनता
- परिवार का आकार
- खराब स्वास्थ्य / कुपोषण
- असहायता
- बेराजगारी
- निरक्षरता
- बाल श्रम

19. अर्थिक सर्वेक्षण वित्त मत्रांसय भारत के निशिचत क्षेत्रों के गरीबी अनुपात 199–2000

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उड़ीसा | 47.2 | 2. | बिहार | 37.4 |
| 3. | मध्यप्रदेश | 37.4 | 4. | असम | 36.1 |
| 5. | त्रिपुरा | 34.4 | 6. | उत्तर प्रदेश | 31.2 |
| 7. | प. बंगाल | 27.1 | 8. | महाराष्ट्र | 25.0 |
| 9. | तमिलनाडु | 21.1 | 10. | कर्नाटक | 20.0 |
| 11. | आंध्र प्रदेश | 15.8 | 12. | राजस्थान | 15.5 |
| 13. | गुजरात | 14.0 | 14. | केरल | 12.7 |
| 15. | हरियाणा | 8.7 | 16. | दिल्ली | 8.2 |
| 17. | हिमाचल | 7.6 | 18. | पंजाब | 6.2 |
| 19. | जम्मु कश्मीर | 3.5 | 20. | संपूर्ण भारत | 261 |

20. वैश्विक निर्धनता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बंग्लादेश | 36.0 |
| 2. | ब्राजील | 8.2 |
| 3. | चीन | 16.6 |
| 4. | भारत | 35.5 |
| 5. | इंडोनेशिया | 7.5 |
| 6. | नाइजारिया | 70.8 |
| 7. | पाकिस्तान | 17.0 |
| 8. | श्री लंका | 5.6 |

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. निर्धनता से अभिप्राय है :–
   1. जीवन की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति न होना
   2. सुख–सुविधाओं का अभाव होना
   3. उपरोक्त दोनों
   4. इनमें से कोई नहीं
2. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों के स्वीकृत कैलौरी कितनी है?
   1. 2100 तथा 1800 कैलौरी
   2. 2200 तथा 2100 कैलौरी
   3. 2400 तथा 2000 कैलौरी
   4. 2400 तथा 2100 कैलौरी
3. विश्व बैंक ने निर्धनता रेखा के लिए कौन–सा मानक प्रयोग किया है ?
   1. प्रतिदिन एक डालर से कम पाने वाले लोग
   2. प्रतिदिन एक डालर से अधिक पाने वाले लोग
   3. प्रतिमाह एक डालर से अधिक पाने वाले लोग
   4. इनमें से कोई नहीं
4. भारत में कौन–सा वर्ग निर्धनता के प्रति सर्वाधिक अनुरक्षित है ?
   1. अनुसूचित जातियाँ
   2. अनुसूचित जन–जातियाँ
   3. दोनों सही हैं।
   4. इनमें से कोई भी नहीं
5. भारत में कौन से दो राज्य सर्वाधिक निर्धन हैं ?
   1. बिहार और ओडिशा
   2. बिहार और उत्तर प्रदेश
   3. उत्तरप्रदेश और अरूणाचल प्रदेश
   4. तमिलनाडु तथा हरियाणा
6. पजांब और हरियाणा में निर्धनता में कमी आने के क्या कारण हैं ?
7. अमेरिका में वह व्यक्ति गरीब है जिसके पास ..................... नहीं है।
8. निर्धनता रेखा का आकलन समान्यतः .................... के बाद होता है।
9. किस रोजगार योजना में ग्रामीण परिवार को 100 दिन के सुनिश्चित रोज़गार का प्रावधान है ?
10. ग्रामीण और छोटे शहरों में शिक्षित बेरोज़गार युवाओं हेतु स्वरोज़गार किस योजना का लक्ष्य है ?

**3 अंक वाले प्रश्न :–**

1. भारत में निर्धनता रेखा का आंकलन कैसे किया जाता है ?
2. भारत में अंतर–राज्य निर्धनता को किन सूचकों के माध्यम से देखते है ?
3. सामाजिक वैज्ञानिक निर्धनता को किन सूचकों के माध्यम से देखते है ?
4. निर्धनता से संबंधित तीन मुद्दो का उल्लेख कीजिए ?
5. उन सामाजिक और आर्थिक मुद्दों का उल्लेख कीजिए ?
6. भारत में निर्धनता संबंधी चुनौतियों का उल्लेख कीजिए ?
7. किसी व्यक्ति को गरीब कब माना जाता है ?
8. भारत में निर्धनता रेखा का निर्धारण करते समय जीवन निर्वाह के लिए किन जरुरतों पर विचार किया जाता है ?
9. प्रधानमंत्री रोज़गार योजना और स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के विषय में लिखों?
10. भारत में निर्धनता दूर करने के तीन उपाय बताइए?

**5 अंक वाले प्रश्न :–**

1. निर्धनता से सम्बन्धित मुददो की चर्चा कीजिए ?
2. सिंचाई और हरित क्रांन्ति के क्षेत्र विस्तार से कृषि क्षेत्र में रोज़गार के कई अवसर सृजित हुए लेकिन इनका असर भारत में कुछ भागों तक ही सीमित क्यों रहा? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए?
3. रोज़गार के कुछ नए अवसरों को सृजत किया गया है लेकिन यह रोज़गार तलाश करने वाले सभी लोगों हेतु क्यों पर्याप्त नहीं हो सके ?
4. क्या आपको लगता है कि अगले 10 या 15 वर्षो में निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों द्वारा निर्धनता दर को नियंत्रित कर सकेंगे – इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए?
5. वैश्विक निर्धनता परिदृश्य पर चर्चा कीजिए ?
6. भारत में निर्धनता के कारणों का वर्णन कीजिए?
7. भारत सरकार द्वारा लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए ?
8. भारत में गरीबी के मुख्य कारणों का उल्लेख कीजिए ?

## उत्तर माला

**1 अंक वाले प्रश्नो केक उत्तर :–**

1. निर्धनता से अभिप्राय जीवन की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति न होना।

2. (4) 2400 तथा 2100 कैलौरी

3. (1) प्रतिदिन एक डालर से कम पाने वाले लोग

4. (3) दोनो सही हैं

5. (1) बिहार और ओडिशा

6. पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य उच्च, कृषि वृद्धि दर से निर्धनता कम करने से सफल रहे है।

7. जिसके पास कार नहीं है।

8. हर पाँच वर्ष ।

9. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम। (MANREGA)

10. प्रधानमंत्री रोज़गार योजना।

## उत्तर माला

### लघु प्रश्नों के उत्तर / 3 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. (1) भारत में निर्धनता रेखा का निर्धारण करते समय जीवन निर्वाह के लिए खाद्य, शौक्षिक एवं चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं पर विचार किया जाता है।

   (2) खाद्य आवश्यकता के आधार पर निर्धनता रेखा के आकलन का वर्तमान सूत्र वांछित कैलोरी आवश्यकताओं पर आधारित है।

   (3) 2011–12 में किसी व्यक्ति के लिए निर्धनता रेखा का निर्धारण ग्रामीण क्षेत्रों में रूपये 816 और शहरी क्षेत्रों में रूपये 1000 रूपये प्रतिमाह किया गया था।

2. (1) पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य कृषि वृद्धि दर से निर्धनता कम करने में सफल रहे।

   (2) केरल ने मानव संसाधन विकास पर अधिक ध्यान दिया है।

   (3) पश्चिम बंगाल में भूमि सुधार उपायो से निर्धनता कम करने में सहायता मिली है।

3. (1) निरक्षरता स्तर

   (2) कुपोषण के कारण रोग प्रतिरोधी क्षमता की कमी।

   (3) स्वास्थ्य के अवसरों की कमी

   (4) रोज़गार के अवसरों की कमी

   (5) सुरक्षित पेयजल एंव स्वच्छता (कोई तीन)

4. (1) भूमिहीनता

   (2) परिवार का आकार

   (3) बेरोज़गारी

(4) निरक्षरता (कोई तीन)

5. (1) सामाजिक समूहों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवार।

(2) आर्थिक समूहों में सर्वाधिक असुरक्षित समूह ग्रामीण, कृषि श्रमिक, परिवार और नगरीय अनियत मज़दूर परिवार है।

(3) परिवार में भी महिलाओं, वृद्ध लोगों और बच्चियों को परिवार के उपलब्ध साधनों से वंचित किया जाता है।

6. (1) न्यूनतम आवश्यक आय की उपलब्धता।

(2) सभी को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना।

(3) शिक्षा, रोज़गार व सुरक्षा उपलब्ध कराना।

7. किसी व्यक्ति को गरीब माना जाता है।

(1) जब उसकी आमदनी भी उसकी पूरी आवश्यकताओं की पूर्ति न कर पाए।

(2) उपभोग का स्तर गिर जाए।

(3) जब भुखमरी के साथ उसके पास आश्रय भी न हो।

8. (1) खाद्य जरूरतों, कपड़ों, जूतों इत्यादि।

(2) ईधन और प्रकाश

(3) शैक्षित एंव चिकित्सा संबंधी जरूरते।

9. **प्रधानमंत्री रोजगार योजना** :—

(1) यह योजना 1993 में शुरू हुई थी।

(2) प्रयोजन — ग्रामीण और छोटे शहरो में शिक्षित बेरोजगार युवाओं हेतु स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।

(3) लघु व्यवसाय और उद्योग स्थापित करने में सहायता करना।

**ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम**

(1) यह योजना 1995 में आरम्भ हुई थी।

(2) प्रयोजन — ग्रामीण क्षेत्रों कस्बो और छोटे नगरों में स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।

(3) दसवीं पंचवर्षीय योजना में इस कार्यक्रम के तहत 25 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया था।

10. (1) औद्योगीकरण पर अधिक ज़ोर

(2) शिक्षा के द्वारा — कौशल ज्ञान बढ़ाकर

(3) कृषि क्षेत्र में प्रगति द्वारा

(4) जनसंख्या को भी सीमित करना अति आवश्यक

**5 अंको वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. 1) भूमिहीनता
   2) परिवार का आकार
   3) खराब स्वास्थ्य
   4) बालश्रम
   5) बेरोज़गारी
   6) निरक्षरता (कोई पाँच)

2. (1) भूमि संसाधनों की कमी
   (2) छोटे किसानों को बीज, खाद, कीटनाशकों जैसे कृषि आगतो की खरीदारी के लिए पूँजी की कमी।
   (3) साहुकार और महाजनों का बढ़ता कर्ज़ भूमिहीन किसानों के लिए अभिशाप था।
   (4) संसाधनों का असमान वितरण।
   (5) ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्तियों को पुनर्वितरण पर संक्षिप्त भूमि सुधार जैसी मुख्य नीति पहल को अधिकतर राज्य सरकारों ने प्रभावी ढंग से कार्यान्वित नहीं किया।

3. 1) शहरों में उपयुक्त नौकरी पाने में सफल अनेक लोग रिक्शा चालक, विक्रेता, गृह निर्माण, श्रमिक, घरेलु नौकर आदि के तौर पर कार्य करने लगे।
   2) अनियमित और कम आय के कारण ये लोग शहरों के बाहर झुग्गियों में रहने लगे।
   3) शहरों में कई नीतियों के बावजूद लाभ गरीबों तक नहीं पहुँच सके।
   4) रोज़गार के अवसरों की तलाश में पलायन कर रहे थे।
   5) आर्थिक विकास से सृजित अवसरों से गरीब लोग प्रत्यक्ष लाभ नहीं उठा सके।

4. गरीबी उन्नमूलन हमेशा चलने वाली एक गतिशील प्रक्रिया है अतः विकास के साथ–साथ निर्धनता की परिभाषा अवश्य बदलेगी।
   1) आय के संदर्भ में न्यूनतम आवश्यक आय उपलब्ध हो जाएंगी।
   2) सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त होगी।
   3) शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी।
   4) रोजगार सुरक्षा सुलभ होगी।
   5) लैंगिक समता तथा गरीबों को मान सम्मान भी प्राप्त होगा।

5. 1) विकासशील देशों में अत्यंत निर्धनता में रहने वाले लोगों का अनुपात 1990 के 28 प्रतिशत से गिरकर 2001 में 21 प्रतिशत हो गया है।
   2) चीन और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों में तीव्र आर्थिक प्रगति और मानव संसाधन विकास में बहुत निवेश के कारण निर्धनता में विशेष कमी आई है।
   3) दक्षिण एशिया के देशों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान में निर्धनों की संख्या में गिरावट इतनी तीव्र नहीं है।
   4) सब–सहारा अफ्रीका में निर्धनता 1981 के 41 प्रतिशत से बढ़कर 2001 में 46 प्रतिशत हो गई है।

5) लैटिन अमेरिका में निर्धनता का अनुपात वही रहा है।

6. 1) निर्धनता के कारणों में एक ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान आर्थिक विकास का निम्न स्तर रहा ।

2) ग्रामों में रोज़गार न पाने के कारण,ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शहरों में गए। परंतु वहाँ नौकरी न पाने पर यह लोग अनियमित मज़दूर बन गए इनका जीवन निर्धनता से भरपूर था।

3) निर्धनता का एक कारण आय में असमानता है जिसके लिए भूमि और अन्य संसाधनों का असमान वितरण उत्तरदायी है।

4) सामाजिक–सांस्कृतिक कारण।

5) भूमि और अन्य संसाधनों का असीमित वितरण।

7. 1) प्रधानमंत्री रोज़गार योजना 1993 – इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिए स्वरोज़गार के अवसर सृजित करना है।

2) ग्रामीण रोज़गार सृजन कार्यक्रम 1995 – इसका उद्‌देश्य ग्रामीण क्षेत्रों व छोटे शहरों में स्वरोज़गार के अवसर सृजित करता है।

3) स्वर्ण जयंती ग्रामोदय योजना 1999 – इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य सहायता प्राप्त निर्धन परिवारों को स्वसहायता समूहों से संगठित कर बैंक ऋण और सरकारी सहायकी के संयोजन द्वारा निर्धनता रेखा से उपर लाना है।

4) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना 2000 – इसके अंतर्गत प्रायमिक स्वास्थ्य, प्राथमिक शिक्षा, ग्रामीण आश्रय, ग्रामीण पेयजल और ग्रामीण विद्युतीकरण जैसी मूल सुविधाओं के लिए राज्यों को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।

5) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 में प्रारंभ की गई इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में एक वर्ष में कम से कम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए सुरक्षित हैं।

# अध्याय–4
# भारत में खाद्य सुरक्षा

**याद रखने योग्य बातें :–**

- खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय सभी लोगों के लिए सदैव भोजन की उपलबधता पहुँच और उसे प्राप्त करने का सामर्थ्य से है।
- राष्ट्रीय आपदाओं के समय अनाज की कमी से अन्य वर्गो पर भी इसका असर होता है।
- आपदा से खाद्य सुरक्षा का प्रभावित होना, सूखा तथा अनाज की कमी, कीमतों में वृद्धि, भुखमरी, अकाल के समय खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है।
- खाद्य असुरक्षित कौन ? क) भूमिहीन ख) पारंपरिक दस्तकार ग) निरक्षर घ) भिखारी ड) अनियमित श्रमिक आदि च) अनुसूचित जन जातियाँ (आदिवासी) सर्वाधिक असुरक्षित है।
- खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता – स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय नीति –निर्माताओं ने खाद्यान्नों में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के सभी उपाय किए। हरित क्रांति से यह आतमनिर्भरता संभव हो पाई।
- भारत में खाद्य सुरक्षा – सरकार द्वारा सावधानिपूर्वक तैयार की गई खाद्य सुरक्षा व्यवस्था के कारण देश में अनाज की उपलब्धता और भी सुनिश्चित हो गई है।
- बफर स्टॉक – भारतीय खाद्‌य निगम के माध्यम से सरकार द्वारा अधिप्राप्त अनाज, गेहूँ, और चावल के भंडार को बफर स्टॉक कहते है।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली – भारतीय खाद्य निगम द्वारा अधिप्राप्त अनाज को सरकार विनियमित राशन दुकानों के माध्यम से समाज के गरीब वर्गो में वितरित करती है। इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी0डी0एस0) कहते है।
- सहकारी समितियों की खाद्य सुरक्षा में भूमिका – भारत में सहकारी समितियों भी खाद्य सुरक्षा, में एक महत्वपूर्ण भमिका निभा रहे है।
- तमिलनाडू में राशन की दुकाने, दिल्ली में मदर डेयरी और गुजरात में अमूल सफल सहकारी समितियों के उदाहरण है।
- मौसमी भूखरी – जब खेतों में फसल पकने और फसल कटने के चार महीने तक कोई काम नहीं होता तो मौसमी भूखमरी की स्थिति पैदा हो जाती है।

- दीर्घकालिक भूखमरी – जब आहार की मात्रा निरंतर कम हो या गुणवत्ता के आधार पर कम हो।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. खाद्य सुरक्षा से क्या अभिप्राय है?
2. भारत में सबसे भयानक अकाल कब पड़ा था ?
3. सर्वाधिक खाद्य असुरक्षित 2 राज्यों के नाम लिखिए ?
4. भुखमरी के प्रकार कौन से है ?
5. भारत में खाद्य सुरक्षा के दो घटक कौन–कौन से हैं ?

   (1) बफर स्टाक (2) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

   (3) दोनों (4) इनमें से कोई नहीं
6. भारत में राशन व्यवस्था की शुरूआत किस दशक में हुई ?

   (1) 1940 (2) 1950

   (3) 1960 (4) 1970
7. निर्गम मूल्य का अर्थ है :– खाधान्नों का बाज़ार कीमत से

   (1) कम होंना (2) अधिक होना

   (3) बराबर होना (4) इनमें से कोई नहीं
8. बफर स्टॉक भारतीय खाद्य निगम के मध्यम से सरकार द्वारा अधिप्राप्त ................................ हैं।
9. निर्धनता रेखा से नीचे के लोगों को ..................... कार्ड दिया जाता है।
10. आपदा के समय खाद्य आपूर्ति ...................... हो जाती है।

**3 अंक वाले प्रश्न :–**

1. भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है ?
2. न्यूनतम समर्थित कीमत किसे कहते हैं ?
3. हरित क्रांति का खाद्य सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा? व्याख्या किजिए ।
4. मौसमी भुखमरी और दीर्घकालिक भुखमरी में अन्तर किजिए।
5. सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
6. भारतीय खाद्‌य सुरक्षा अधिनियम 2013 की विशेषताएँ बताएँ।
7. अंत्योदय अन्न योजना की विशेषताएँ लिखें।

**5 अंक वाले प्रश्न :–**

1. आपदा के समय खाद्य सुरक्षा कैसे प्रभावित होती है ? व्याख्या कीजिए।
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभों का वर्णन कीजिए।
3. राशन की दुकानों को चलाने में कौन–कौन सी समस्याएँ आती हैं
4. गरीबों को खाद्य सुरक्षा देने के लिए सरकार ने कौन–कौन सी योजनाएँ लागू की हैं ?
5. खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने में सहकारी समितियों की क्या भूमिका रही हैं?
6. स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय नीति निर्माताओं ने खाद्यान्नों में आत्मनिर्भता प्राप्त करने के लिए क्या–क्या उपाय किए ?

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय है, सभी लोगों के लिए सदैव भोजन की उपलब्धता, पहुँच और उसे प्राप्त करने का सामाार्थ्य।
2. भारत में सबसे भयानक अकाल 1943 में बंगाल में पड़ा था। इसमें 30 लाख लोग मारे गए थे।
3. बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल (कोई दो)
4. दीर्घकालिक भुखमरी तथा मौसमी भुखमरी
5. (3) दोनों
6. (1) 1940
7. कम होना
8. बफर स्टॉफ भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से सरकार द्वारा अधिप्राप्त अनाज गेहूँ और चावल का भंडार है।

**3 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. भारत में खाद्य सुरक्षा निम्नलिखित प्रकार से सुनिश्चित की जाती है।
   (1) खाद्य उपलब्धता
   (2) खाद्य पाने का सामर्थ
   (3) खाद्य तक पहुँच
2. न्यूनतम समर्थित कीमत :–
   (1) भारतीय खाद्य निगम अधिशेष उत्पादन करने वाले राज्यों में किसानों से गेहूँ और चावल खरीदता है।
   (2) किसानों को अपनी फसलों के लिए बुआई के मौसम से पहले से घोषित कीमते दी जाती है।

(3) फसलों के उत्पादन के प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार समार्थि मूल्य की घोषणा करती है।

3. हरित क्रांति का खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव :

(1) हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना दिया हैं

(2) हरित क्रांति के आने के बाद से मौसम की विपरीत दशाओं के दौरान भी देश में अकाल नहीं पड़ा।

(3) अनाज का उत्पादन बढ़ाने के परिणाम स्वरूप अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई।

4. (1) मौसमी भुखमरी फसल उपजाने और काटने के चक्र से संबंधित है। दीर्घकालिक भुखमरी अपर्याप्त आहार ग्रहण करने के कारण होती है।

(2) मौसमी भुखमरी कृषि क्रियाओं की मौसमी प्रकृति के कारण होती है। दीर्घकालिक भुखमरी खाद्य पदार्थ खरीदने में अक्षमता के कारण होती है।

5. सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विशेषताएँ :–

(1) भारतीय खाद्य निगम द्वारा अधिप्राप्त अनाज की सरकार विनियमित राशन दुकानों के माध्यम से समाज के गरीब वर्गो में वितरित करती है।

(2) अधिकांश क्षेत्रों, गाँवो, कस्बों और शहरों में राशन की दुकानों हैं। देशभर में लगभग 5.5 लाख राशन की दुकानें हैं।

(3) राशन कार्ड रखने वाला कोई भी परिवार प्रतिमाह इनकी एक अनुबंधित मात्रा (जैसे 35 किलोग्राम अनाज 5 लीटर से खरीद सकता है।

6. (1) उद्देश्य – मानव का गरिमामय जीवन निर्वाह ।

(2) इसके तहत खाद्य एवं पोषण संबंधी सुरक्षा सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना।

(3) इस अधिनियम के तरह 75 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या एवं 50 प्रतिशत शहरी जनसंख्या को लाभान्वित परिवारों में शामिल किया गया है।

7. (1) दिसंबर 2000 में प्रारंभ।

(2) निर्धनता रेखा के नीचे वाले परिवार शामिल हैं।

(3) 2 रू. प्रति किलोग्राम गेहूँ और 3 रू. प्रति किलोग्राम की दर से प्रत्येक परिवार को 35 किलोग्राम अनाज

(4) सर्वाजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी. एस.) के द्वारा अनाजों का वितरण।

,

**5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. (1) प्राकृतिक आपदा जैसे सूखे के कारण खाद्यान्न की कुल उपज में गिरावट आती है जिससे प्रभावित क्षेत्र में अनाज की कमी हो जाती है।

   (2) खाद्यान्न की कमी से कीमतों में वृद्धि हो जाती है।

   (3) कुछ लोग ऊँची कीमतों पर खाद्य पदार्थ नहीं खरीद सकते क्योंकि वे आर्थिक रूप से कमज़ोर होते हैं।

   (4) अगर आपदा अधिक देर तक रहे तो भुखमरी की स्थिति बन जाती है और अकाल पड़ सकता है।

   (5) अकाल के कारण भुखमरी, महामारी फैलने से असंख्य लोगों की मृत्यु होती है।

2. (1) मूल्यों को स्थिर रखने में सहायता।

   (2) सामर्थ्य अनुसार कीमतों पर उपभोक्ताओं को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में सफलता।

   (3) कमी वाले क्षेत्रों में खाद्य पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका।

   (4) अकाल और भुखमरी की व्यापकता को रोकने में सहायता।

   (5) निर्धन परिवारों के पक्ष में कीमतों का संशोधन।

3. (1) राशन की दुकान चलाने वाले लोग अनाज को अधिक लाभ कमाने के लिए खुले बाज़ार में बेचते हैं।

   (2) राशन की दुकानों पर घटिया अनाज की बिक्री।

   (3) राशन की दुकानों पर उचित समय पर न खुलकर कभी कभार खुलती हैं।

   (4) घटिया अनाज की बिक्री नहीं होती है तो भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में विशाल स्टॉक जमा हो जाता है।

   (5) निर्धनता रेखा से ऊपर वाले परिवार खाद्यान्न की कीमत में बहुत कम छूट के कारण इन चीजों की खरीदारी नहीं करते।

4. (1) रोज़गार गारंटी योजना।

   (2) दोपहर का भोजन।

   (3) संपूर्ण ग्रामीण रोज़गार योजना।

   (4) एकीकृत बाल विकास योजना।

   (5) गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम।

   (विद्यार्थी प्रत्येक के विषय में स्वयं लिखें)

   (6) अंत्योदय अन्न योजना (ए.ए.वाई)

   (7) अन्नपूर्णा योजना (ए.पी.एस.)

5. (1) सहकारी समितियाँ निर्धन लोगों को खाद्यान्न की बिक्री हेतु कम कीमत वाली दुकानें खोलती हैं।

(2) समाज के अलग–अलग वर्गों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

(3) अनाज बैंको की स्थापना हेतु गैर–सरकारी संगठनों के नेटवर्क में ममद करती है।

(4) ए.डी.एस. गैर– सरकारी संगठनों हेतु खाद्यान्न सुरक्षा के विषय में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करती है। (ए.डी.एस.–एकेडमी ऑफ डेवलपमेंट सांपइस)

(5) उदाहरण :–

- तमिलनाडू में राशन की दुकानें।
- दिल्ली में मदर डेयरी दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित दरों या दूध सब्जियाँ उपलब्ध कराती है।
- गुजरात में अमूल दूध ने श्वेत क्रांति ला दी है।
- महाराष्ट्र में खोले गए अनाज बैंक।

6. भारत सरकार ने कृषि की स्थिति सुधारने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकीय और संस्थापन सुधार किए।

(1) प्रथम पंच वर्षीय योजना में कृषि को महत्व दिया गया।

(2) कम उपजाऊ भूमि को भी खेती योग्य बनाने के लिए कदम उठाए गए।

(3) नए और अधिक उपज देने वाले नए बीज तैयार किए गए।

(4) सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध कराया गई

(5) मशीनों द्वारा खेती की गई ।

## PRACTICE PAPER -1 (SOLVED)

( BASED ON THE LATEST QUESTION PAPER DESIGN PROVIDED BY CBSE. ACTUAL QUESTION PAPER MAY VARY.)

(1) निम्नलिखित में से कौन सा तर्क लोकतंत्र के समर्थन में है ?

(क) नेताओं का बदलते रहना।

(ख) नैतिकता का स्थान नहीं।

(ग) कानून का राज एवं अधिकारों का आदर।

(घ) चुने हुए नेताओं को लोगों के हितों की जानकारी नहीं।

(2) लोकतंत्र में अकाल एवं भूखमरी की संभावना कम होती है। यह तर्क देने का इनमें से कौन – सा कारण सही नहीं है ?

(क) विपक्षी दल भूखमरी एवं भूखमरी की ओर सरकार का ध्यान दिला सकते हैं।

(ख) स्वतंत्र अखबार देश के विभिन्न हिस्सों में अकाल की स्थिति के बारे में खबरें दे सकते हैं।

(ग) सरकार को अगले चुनाव में अपनी पराजय का डर होता है।

(घ) लोगों को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण करने की स्वतंत्रता है।

(3) संविधान सभा का कार्य होता है–

(क) संविधान में संशोधन का प्रस्ताव संसद में लाना।

(ख) संसद में संविधान को पारित कराना।

(ग) नए संविधान का निर्माण करना।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(4) आदर्श आचार संहिता में शामिल है–

(क) चुनाव प्रचार के लिए किसी धर्मस्थल के उपयोग पर पाबंदी।

(ख) सरकारी वाहन, विमान या अधिकारियों का चुनाव में उपयोग पर पाबंदी।

(ग) सरकार द्वारा नीतिगत फैसले पर रोक।

(घ) उपर्युक्त सभी।

(5) स्थायी कार्यपालिका में शामिल हैं–

(क) प्रधान मंत्री

(ख) प्रशासनिक सेवाओं काम करने वाले लोग।

(ग) मंत्रिपरिषद

(घ) राष्ट्रपति

(6) संवैधानिक उपचारों के अधिकार को डॉ. अंबेडकर ने कहा है–

(क) मस्तिषक (ख) शरीर

(ग) धमनियाँ एवं नसें (घ) हृदय और आत्मा

(7) निम्नलिखित में से कौन खाद्य–असुरक्षित नहीं है ?

(क) भूमिहीन

(ख) वेतनयोगी कर्मचारी

(ग) पारंपरिक दस्तकार

(घ) भिखारी

(8) आर्थिक संवृद्धि के संबंध में निम्नलिखित में कौन–सा सही है ?

(क) आर्थिक संवृद्धि से गरीबी घटती है।

(ख) आर्थिक संवृद्धि से गरीबी बढ़ती है।

(ग) आर्थिक संवृद्धि से बेरोजगारी बढ़ती है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(9) आर्थिक क्रियाकलापों के प्राथमिक क्षेत्रक में शामिल है–

(क) व्यापार

(ख) परिवहन

(ग) विनिर्माण

(घ) कृषि

(10) निम्नलिखित में से कौन–सा हरित क्रांति का सकारात्मक प्रभाव है ?

(क) मिट्टी की उर्वरता में कमी।

(ख) भैम जल–स्तर का कम होना।

(ग) अधिक उपज वाले बीजों की कमी।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न संख्या 11–17 में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(11) प्रति एक हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या को .................................... कहते हैं।

(12) .................................... प्रकार की वनस्पति के पौधों की जड़ें पानी में डूबी रहती है।

(13) ठंडी पेरू जल धारा के स्थान पर अस्थायी तौर पर गर्म जलधारा के निकास को ................... ............. कहा जाता है।

(14) गंगा एवं ब्रह्मपुत्र द्वारा बनाए गए डेल्टा को ........................................ डेल्टा के नाम से जाना जाता है।

(15) भारतीय मरूस्थल की सबसे बड़ी नदी ................................ है।

(16) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व का ................................... बड़ा देश है।

(17) रबड़ का संबंध ........................................... प्रकार की वनस्पति से है।

(18) दो दार्शनिकों के नाम लिखिए जिनके विचारों ने फ्रांसीसी क्रांति को प्रभावित किया।

(19) रूस के संदर्भ में कोलखोज का क्या अर्थ था ?

(20) किस कानून के द्वारा हिटलर ने संसद को हाशिए पर धकेलने और केवल अध्यादेशो के जरिए शासन चलाने का निरंकुश अधिकार प्राप्त किया ?

अथवा

प्रथम विश्वयुद्व के जर्मनी में कौन–सा गणराज्य अस्तित्व में आया ?

(21) हरित क्रांति का निम्नलिखित पर पड़े प्रभाव को लिखिए।

(क) किसानों की आय पर।

(ख) भारत में खाद्य सुरक्षा पर।

(ग) मृदा की गुणवत्ता पर।

(22) निम्नलिखित परिस्थितियों को पढ़िए और बेरोजगारी का प्रकार बताइए।

(क) दिनेश के परिवार के 6 लोग कृषि कार्य में लगे हैं। यदि दो लोगों को कृषि कार्य से हटा भी लिया जाए तो भी उत्पादन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(ख) रमेश गाँव में रहता है और वर्ष में तीन से चार महीने बेरोजगार रहता है।

(ग) उमेश ने M.B.B.S. की पढ़ाई की परंतु अभी तक बेरोजगार है।

(23) भारत में एक स्वतंत्र न्यायपालिका है। टिप्पणी कीजिए।

अथवा

संसदीय व्यवस्था में प्रधानमंत्री की स्थिति सर्वोपरि है। टिप्पणी कीजिए।

(24) पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारत के उत्तरी मैदान पर एक संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(25) नदी प्रदूषण की रोकथाम के कोई तीन उपाय सुझाइए।

(26) फ्राँस में 1793 से 1794 तक के काल को 'आतंक के युग' के रूप में क्यों जाना जाता है ? कारण बताइए।

(27) समाजवादी विचारों के इतिहास में कार्ल मार्क्स के योगदान का उल्लेख कीजिए।

(28) यदि आप नात्सी शासन काल के दौरान एक यहूदी विद्यार्थी होते तो आप अपने विद्यालय में किस प्रकार के भेदभाव को देखते ?

## खंड – ग

(29) बस्तर के वन विद्रोह पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

अथवा

घुमंतू समुदाय अपने स्थान क्यों बदलते थे ? कारण बताइए।

(30) मानसून के आगमन एवं मानसून की वापसी की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

(31) क्या आप मानते हैं कि भारतीय चुनाव आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष है ? कारण बताइए।

अथवा

भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की मुख्य चुनौतियों को लिखिए।

(32) निम्नलिखित स्थितियों को पढ़िए एवं बताइए कि इनमें किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है ?

(का) रमेश को उसके कार्यलय में कर्मचारी संघ बनाने से रोका गया।

(ख) राकेश से जबरदस्ती बेगार करवाया गया।

(ग) दिनेश के गाँव में छुआछूत का प्रचलन है।

(घ) राजू, उम्र 12 वर्ष, होटल में काम करता है।

(ड़) पिंकेश को लालच देकर उसका धर्म–परिवर्तन करवाया गया।

(33) भारत में निर्धनता के प्रमुख कारणों को लिखिए।

अथवा

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना – 2005 की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

(34) भारत में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहकारी समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालें।

(35)क. विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर क, ख, और ग तीन चिन्ह अंकित किए गए हैं। इन चिन्हों को निम्नलिखित दी गई जानकारी से पहचानिए और उनके सही नाम लिखिए।

(क) वह देश जो प्रथम विश्वयुद्व में मित्र शक्तियों के साथ था।

(ख) वह देश जो द्वितीय विश्वयुद्व में धुरी शक्तियों के साथ था।

(ग) वह देश जिस पर नाजी जर्मनी ने अधिकार कर लिया था।

ख. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए और नाम लिखिए।

(1) सिक्किम

(2) काजीरंगा नेशनल पार्क

(3) सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाल्य राज्य


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
SCALE
Kms. 0 2000 4000 6000 Kms.
© Government of India Copyright, 2011.
1. Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 250 500 Kms.
S.B.
1. Based upon Survey of India Map with the permission of the Surveyor General of India.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttarakhand, Bihar & Jharkhand , Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Governments concerned.
4. The boundary of Meghalaya shown on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas ( Reorganisation ) Act, 1971, but has yet to be verified.
5. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master copy certified by the Survey of India, Dehra Dun.
6. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh.
(Letter No.T.B. 991/62-A-3/213 Dated 5/5/2003 )
© Government of India Copyright, 2017.
Publishers :-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road, Delhi-110006.
E-mail: info@ibdmaphouse.com
Price :- ₹ 1 - 00

## MARKING SCHEME (PRACTICE PAPER-1)

(1) (ग) कानून का राज एवं अधिकारों का आदर।

(2) (घ) लोगों को कोई भी तर्क मानने और उसपर आचरण करने की स्वतंत्रता है।

(3) (ग) नए संविधान की निर्माण करना

(4) (घ) उपर्युक्त सभी

(5) (ख) प्रशासनिक सेवाओं में काम करने वाले लोग।

(6) (घ) आत्मा एवं हृदय

(7) (ख) वेतनयोगी कर्मचारी

(8) (क) आर्थिक संवृद्धि में गरीबी घटती है।

(9) (घ) कृषि

(10) (घ) इनमें से कोई नहीं।

(11) लिंग अनुपात

(12) मैंग्रोव

(13) एलनिनो

(14) सुंदरवन

(15) लूनी

(16) सातवाँ

(17) उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन

(18) रूसो, लॉक (कोई अन्य)

(19) सामूहिक कृषि

(20) इनेबलिंग एक्ट (विशेषाधिकार अधिनियम)

अथवा

वाइमर गणराज्य

(21) (क) किसानों की आय बढ़ी है।

(ख) भारत खाद्य सुरक्षा को हासिल कर चुका है।

(ग) नकारात्मक प्रभाव। मृदा की गुणवता में कमी आई है।

(22) (क) प्रच्छन्न बेरोजगारी

(ख) मौसमी बेरोजगारी

(ग) शिक्षित बेरोजगारी

(23) (क) भारत में न्यायाधीश सरकार के निर्देश के अनुसार कार्य नहीं करते।

(ख) न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार दखल नहीं दे सकती।

(ग) न्यायाधीश की नियुक्ति के बाद उसे पद से हटाना अवयाधिक कठिन।

(कोईअन्य बिन्दु)

अथवा

(क) प्रधानमंत्री – सरकार का प्रमुख

(ख) मंत्रियों की नियुक्ति, कार्य वितरण एवं बर्खास्त करने का अधिकार।

(ग) कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता।

(कोई अन्य बिंदु)

(24)

| पश्चिमी घाट | पूर्वी घाट |
|---|---|
| (1) पश्चिमी तट के सामानांतर | (1) पूर्वी घाट के सामानांतर |
| (2) उँचाई–900 से 1600 मीटर | (2) औसत उँचाई – 600 मीटर |
| (3) सर्वोच्च शिखर – अनाईमुडी | (3) महेंद्रगिरी |

(कोई अन्य बिंदु)

अथवा

(1) भारत का उत्तरी मैदान मुख्यतः हिमालय की नदियों द्वारा लाई गई जलोद मिट्टी से निर्मित है।

(2) अव्यधिक उपजाऊ

(3) सधन यू–भाग

(कोई अन्य बिंदु)

(25) (1) औद्योगिक कचरे का निपटान

(2) घरेलू कचरे, रासायनिक पदार्थों का सोधन

(3) उर्वरकों, कीटनाशकों का नियंत्रित प्रयोग।

(कोई अन्य बिंदु)

(26) (1) सम्राट के अधिकारों को चुनौती

(2) लॉक द्वारा राजा के दैवीय शक्ति को नकारना।

(3) रूसो ने सामाजिक अनुबंध पर आधारित सरकार का विचार रखा।

(4) दार्शनिकों के विचारों का जनसाधारण तक प्रसार

(कोई अन्य बिंदु)

अथवा

(27) (1) औद्योगिक समाज 'पूँजीवादी' सयाज है।

(2) पूँजीवादी व्यवस्था शोषन पर आधारित है।

(3) मजदूरों को यह शोषण आधारित व्यवस्था को उखाड़ फेंकना होगा।

(4) इसके बाद समाजवादी व्यवस्था स्थापित होगी।

(कोई अन्य बिंदु)

(28) (1) 'अविश्वसनीय' दिखने वाले शिक्षकों को नौकरी से निकालना।

(2) बच्चों को अलग–अलग बैठाया जाना।

(3) 'अवांछित बच्चों को स्कूलों से बाहर निकालना।

(कोई अन्य बिंदु)

(29) (1) औपनिवेशिक सरकार की नीतियों के विरोध में।

(2) इकट्ठा होकर लोगों के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा।

(3) गुंडा धुर सबसे अहम शख्सियत।

(4) 1910 में आम की टहनियाँ, मिट्टी के ढेले, मिर्च और तीर गाँव–गाँव चक्कर काटने लगे। यह बगावत का संदेश था।

(5) बाजार लूटे गए, अफसरों और व्यापारियों के घर, स्कूल और पुलिस थानों को लूटा व जलाया गया।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु)

अथवा

(1) अच्छे चरागाह की खोज

(2) मौसम के बदलने के कारण

(3) पानी की खोज

(4) कंदपूल, फल, सबिज्याँ इत्यादि की खोज

(5) उत्पादों को बेचने के लिए।

(कोई अन्य बिंदु)

(30) **<u>मानसून का आगमन</u>**

(1) जून के आरंभ से लेकर मध्य सितंबर तक।

(2) सामान्य वर्षा में अचानक वृद्वि (मानसून प्रस्फोट)

(3) मानसून का – अरब सागर शाखा एवं बंगाल की खादी शाखा – में बँटना

(4) 29 जून तक दिल्ली तक पहूँचना।

**मानसून की वापसी**

(1) सितंबर से प्रारंभ

(2) अपेक्षाकृत क्रमिक प्रक्रिया

(3) दिसंबर के प्रारंभ तक देश के लगभग सभी भागों से वापसी।

(कोई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु)

(31) हाँ क्योंकि,

(1) चुनाव प्रक्रिया के संचालन के हर पहलू पर निर्णय

(2) आदर्श आचार संहिता को लागू करना।

(3) सरकार को दिशा –निर्देश देने का अधिकार।

(4) आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में उम्मीदवारों एवं पार्टियों को सजा।

(5) चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकार चुनाव आयोग के अधीन काम करते हैं।

(कोई अन्य बिंदु)

अथवा

(1) धन बल के दुरूपयोग की समस्या

(2) उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि।

(3) कुछ परिवारों का वर्चस्व

(4) आम आदमी के पास ढंग का विकल्प नहीं।

(5) छोटे दलों एवं निर्दलीय उम्मीदवारों को अनेक कठिनाई।

(32) (क) स्वतंत्रता का अधिकार

(ख) शोषण के विरूद्व अधिकार

(ग) समानता का अधिकार

(घ) शोषण के विरूद्व अधिकार

(ड़) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(33) (1) ब्रिटिश वाल के दौरान निम्न आर्थिक विकास।

(2) बेरोजगारी

(3) अशिक्षा

(4) संसाधनों का असमान वितरण

(5) सामाजिक – सांस्कृतिक कारण

(कोई अन्य बिंदु)

अथवा

(1) उद्येश्य – ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सुनिश्चित करना

(2) साल में कम से कम 100 दिन के रोजगाार की गरंटी

(3) एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए।

(4) रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता।

(5) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतगति मजदूरी का प्रावधान।

(कोई अन्य बिंदु)

(34) (1) निर्धन लोगों को खाद्यान्न की बिक्री हेतु कम कीमत वाली दुकानें खोलना।

(2) समाज के अलग–अलग वर्गों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित

(3) खाद्य सुरक्षा के विषय में प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम।

(4) अनाज बैंकों की स्थापना हेतु गैर–सरकारी संगठनों का नेटवर्क बनाना

(5) उदाहरण – दिल्ली में मदर डेयरी, गुजरात में अमूल इत्यादि।

(कोई अन्य बिंदु)

(35) (क) क. रूस ख. जापान ग. बेल्जियम

(ख) मानचित्र संलग्न है।


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
Tropic of Cancer
SCALE
Kms. 0 2000 4000 6000 Kms.
A
B
C
© Government of India Copyright, 2011
20082011


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 250 500 Kms.
© Government of India Copyright, 2017.

## PRACTICE PAPER-II (हलरहित)

(1) बफर स्टॉफ है –

(क) केंद्रीय जाँच ब्यूरो के द्वारा प्राप्त मुकदमें।

(ख) भारतीय खाद्य निगम का गेंहूँ एवं चावल का भंडार।

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) निम्नलिखित में कौन–सा आधुनिक कृषि के तरीकों में शामिल है ?

(क) अधिक उपज वाले बीज का प्रयोग

(ख) उर्वरक का उपयोग

(ग) कीटनाशको का प्रयोग

(घ) उपर्युक्त सभी

(3) निम्नलिखित में से कौन–सा आर्थिक क्रियाकलाप तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत आता है?

(क) कृषि (ख) पशुपालन (ग) शिक्षा (घ) विनिर्माण

(4) भारत में निर्धनता रेखा के निर्धारण में प्रयोग किया जाता है–

(क) आय के आधार पर।

(ख) कैलोरी आवश्यकता के आधार पर।

(ग) उपर्युक्त दोनों।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(5) पंथ–निरपेक्षता से आप क्या समझते हैं ?

(6) आरक्षित निवचिन क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ?

(7) निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(क) भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष होता है।

(ख) प्रद्यानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है।

(ग) संसद में राष्ट्रपति और दो सदन होते हैं।

(घ) उपरोक्त सभी।

(8) निम्नलिखित में से कौन–सा स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आता है ?

(क) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(ख) संगठन और संघ बनाने की स्वतंत्रता

(ग) उपरोक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(9) जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन की मुख्य प्रक्रियाएँ हैं–

(क) जन्म दर

(ख) मृत्यु दर

(ग) प्रवास

(घ) उपर्युक्त सभी।

(10) निम्नलिखित में से मैंग्रोव वन की विशेषता कौन–सी है ?

(क) ये अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

(ख) ये तटवर्तीय क्षेत्रों में ज्वार–भाटा वाले क्षेत्रों में पए जाते हैं।

(ग) नागफनी यहाँ की मुख्य पादप प्रजाति है।

(घ) ग्रीषम ऋतु में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं।

(11) पर्वतों की ढलानों में जहाँ मृदा की परत गहरी है, किस प्रकार की वनस्पति पाई जाती है ?

(क) पर्णपाती वन

(ख) शंकुधारी वन

(ग) वर्षा वन

(घ) कंटीले वन

(12) निम्नलिखित में से कौन–सा कारण भारत के उत्तर–पश्चिम भारत में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी है –

(क) चक्रवातीय अवदाब (ख) पश्चिमी विक्षोभ

(ग) मानसून की वापसी (घ) दक्षिण–पश्चिम मानसून

(13) रॉयल बंगाल टाइगर पाए जाते हैं –

(क) गिर के वनों में

(ख) सुंदरवन डेल्टा

(ग) हिमालय क्षेत्रों में

(घ) पश्चिमी घाट में

(14) 'खादर' होता है –

(क) पुरानी जलोढ़ मृदा

(ख) नवीन जलोढ़ मृदा

(ग) काली मृदा

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(15) कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती है ?

(क) गुजरात

(ख) महाराष्ट्र

(ग) झारखण्ड

(घ) पश्चिम बंगाल

(16) 1791 के फ्रांस के संविधान के अनुसार सक्रिय नागरिक कौन थे ?

(क) 25 वर्ष से ऊपर के पुरूष एवं महिलाएँ

(ख) जिन्हें मत देने का अधिकार था।

(ग) जो राजतंत्र में सक्रिय थे।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(17) यूरोप के रैडिकल समूह के लोग समर्थक थे –

(क) बहुमत पर आधारित शासन

(ख) विशेषाधिकारों का विरोध

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(18) सर्वहाराकरण का अर्थ है –

(क) सभी व्यक्तियों को मताधिकार

(ख) सभी लोगों को समान राजनीतिक अधिकार प्रदान करना।

(ग) लोगों के मध्य आर्थिक समानता

(घ) गरीब होते – होते मजदूर वर्ग की आर्थिक स्थिति में पहुँच जाना

(19) 1878 के अधिनियम के अंतर्गत जंगलों की तीन श्रेणियों में नहीं था –

(क) आरक्षित (ख) सुरक्षित (ग) शहरी (घ) ग्रामीण

अथवा

वन अधिनियमों का चरवाहों की जिंदगी पर कौन – सा प्रभाव नहीं पड़ा ?

(क) उन्हें जंगलों में जाने से रोक दिया गया।

(ख) जंगलों में प्रवेश के लिए उन्हें परमिट लेना पड़ता था।

(ग) परमिट पर जंगल में रहने की समय –सीमा लिखी होती थी।

(घ) चरवाहे, जंगलों में सिर्फ अपने मवेशियों को ले जा सकते थे।

(20) 'वैज्ञानिक वानिकी' का क्या अर्थ था ?

अथवा

गुज्जर बकरवाल चरवाहा समुदाय भारत के किस राज्य से संबंधित है ?

(21) 'हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना दिया है।' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

(22) मानव पूँजी निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है ?

अथवा

मानव पूँजी निर्माण में स्वास्थ्य की क्या भूमिका है ?

(23) क्या आप मानते हैं कि लोकतंत्र एक बेहतर शासन प्रणाली है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दिजिए।

(24) संविधान संशोधन की आवश्यकता क्यों है ? स्पष्ट कीजिए।

(25) लुई XVI जब फ्रांस की राजगद्दी पर आसीन हुआ, उस समय फ्रांस की स्थिति कैसी थी ? संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(26) 18वीं–19वीं सदी के यूरोप के उदारवादियों के प्रमुख विचारों को लिखिए।(कोई तीन)

(27) अगर आप नात्सी जर्मनी में महिला होते तो आपको कौन सी भूमिकाएँ दी जाती ? कोई तीन लिखिए।

(28) औपनिवेशिक काल में वन विनाश के कारणों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

अथवा

अंग्रेज सरकार चरागाहों को खेती की जमीन में क्यों बदलना चाहती थी ? कारण बताइए।

(29) भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा एवं उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(30) उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन एवं उष्ण कटिबंधीय पर्गपाती वन के मध्य तुलना कीजिए।

(31) लोकसभा एवं राज्य सभा की शक्तियों की तुलनात्मक व्याख्या कीजिए।

अथवा

राष्ट्रपति के शक्तियों एवं कार्यों का स्पष्ट कीजिए

(32) भरतीय संविधान में वर्णित समानता के अधिकार को स्पष्ट कीजिए।

(33) हरित क्रांति के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावो को लिखिए।

(34) भारत में निर्धनता को समाप्त करने के कुछ उपाय लिखिए।

(35) क. विशव के राजनीतिक मानचित्र पर क ख और ग तीन चिन्ह अंकित किए गए हैं। इन चिन्हों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उसके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए–

(क) वह देश जो प्रथम विश्वयुद्व में केंद्रिय शक्ति का भाग था –

(ख) वह देश जो द्वितीय विश्वयुद्व में धुरी शक्तियों का भाग था –

(ग) वह देश जिस पर नाजी जर्मनी ने कब्जा कर लिया था –

ख. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए –

(क) मणिपुर

(ख) मालवा का पठार

(ग) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्य


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
SCALE
Kms. 0 2000 4000 6000 Kms.
1. Based upon Survey of india map with the permission of the Surveyor General of India.
© Government of India Copyright, 2011.
Publishers: -
20082011


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 250 500 Kms.
S.B.

## (PRACTICE PAPER - III) (हल रहित)

1 जानु–पीएफ किस देश का राजनीतिक दल है ?

(क) चीन (ख) जिंबाब्वे

(ग) दक्षिण कोरिया (घ) रूस

2 भारतीय संविधान लिखने वाली संविधान सभा में कुल कितने सदस्य थे ?

(क) 299 (ख) 300 (ग) 301 (घ) 290

3 गणराज्य का अर्थ है –

(क) शासन व्यवस्था लोगों के द्वारा संचालित

(ख) सभी प्रमुख फैसले लोगों के द्वारा

(ग) शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ

(घ) वंश– आधारित शासन

4 लोकसभा में अनुसूचित जातियों के लिए कुल आरक्षित सीटें कितनी हैं ?

(क) 80

(ख) 84

(ग) 90

(घ) 100

5 विद्यायिका का प्रमुख कार्य होता है –

(क) देश के लिए कानून बनाना।

(ख) कानूनों को लागू करना।

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं।

6. भारतीय संविधान इनमें से कौन–सा अधिकार नहीं देता है?

(क) समानता का अधिकार

(ख) स्वतंत्रता का अधिकार

(ग) धार्मिक उन्माद का अधिकार

(घ) अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार

7. 'रिट' जारी किया जाता है –

(क) उच्च न्यायालयों के द्वारा

(ख) सर्वोच्च न्यायालयों के द्वारा

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

8. 'राइद' था –

(क) चर्च द्वारा किसानों से वसूला जाने वाला कर

(ख) राजा के द्वारा किसानों से वसूला जाने वाला कर

(ग) पादरी वर्ग के द्वारा दिया जाने वाला कर।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

9. रॉबर्ट ओवेन का संबंध था –

(क) उदारवाद

(ख) रैडिकल

(ग) रूढ़िवाद

(घ) समजवाद

10. जर्मनी में वाइमर गणराज्य का जन्म हुआ था –

(क) प्रथम विश्वयुद्ध के बाद

(ख) द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद

(ग) आर्थिक महामंदी के बाद

(घ) इनमें से कोई नहीं।

**प्रश्न संख्या 11 – 16 में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

11. कच्चा माल तथा नकद पैसों को ................. पूँजी कहते हैं।

12. पशुपालन ............. क्षेत्रक के अंतर्गत आता है।

13. भारत में स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता नगरीय क्षेत्रों में .............. कैलोरी प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति है।

14. किसानों को उनकी फसल के लिए पहले से कोपित दी जाने वाली कीमतो को .................. कहा जाता है।

15. भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का .............. प्रतिशत है।

16. भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग .............. कि.मी. है।

17. 'काल वैशाखी' क्या है ?

18. गर्मी के मौसम में उत्तरी मैदानों में बहने वाली गर्म एंव शुष्क पवन को क्या कहा जाता है ?

19. भारत में पाई जाने वाली कौन–सी वनस्पति व्यापारिक दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

20. प्रवसन जनसंख्या वृद्धि को कैसे प्रभावित करता है ?

21. फ्रांसीसी समाज में महिलाओं का जीवन कैसा था ?

22. 'खूनी रविवार' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

23. 'वर्साय की संधि में ही द्वितीय विश्वयुद्ध के बीज थे। कथन की व्याख्या कीजिए।

24. पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट में अंतर स्पष्ट कीजिए।

25. जेट धाराएँ क्या हैं तथा वे किस प्रकार भारत की जलवायु के प्रभावित करती हैं?

26. निम्नलिखित स्थितियों को पढ़िए और बताइए कि इनमें किस मौलिक अधिकार का उल्लघंन हो रहा है।

(क) रमेश के गाँव में छुआछूत का प्रचलन।

(ख) छोटू, उम्र 10 वर्ष, होटल में काम करता है।

(ग) दिनेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया लेकिन उसे किसी वकील से सलाह लेने नहीं दिया गया।

27. हरित क्रांति के किन्हीं तीन सकारात्मक प्रभावों को लिखिए।

28. मौसमी भूखमरी एवं दीर्घकालिक भूखमरी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

29. बस्तर एवं जावा के औपनिवेशिक वन प्रबंधन में क्या समानताएँ थी ? व्याख्या कीजिए।

अथवा

अंग्रेज सरकार चरागाहों को कृषि की जमीन में क्यों बदलना चाहती थी? स्पष्ट कीजिए।

30. हिमालयी नदियों एवं प्रायद्वीपीय नदियों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

31. भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की प्रमुख चुनौतियों को लिखिए।

32. भारत के राष्ट्रपति के प्रमुख अधिकारों एवं कार्यों को लिखिए।

33. बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? बेरोजगारी के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए।

34. भारत में निर्धनता के प्रमुख कारणों का वर्ण कीजिए।

35. (1) विश्व के राजनीतिक मानचित्रा पर क, ख और ग तीन चिन्ह अंकित किए गए है। इन चिन्हों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उसके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखा पर लिखिए।

(क) वह देश जो प्रथम विश्वयुद्ध में मित्र शक्तियों का भाग था – इंग्लैंड

(ख) वह देश जो द्वितीय विश्वयुद्ध में धुरी शक्तियों का भाग था – इटली

(ग) वह देश जिस पर नाज़ी नर्मनी के कब्जा कर लिया था – ऑस्ट्रिया

(2) भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए –

(क) छोटानागपुर पठार

(ख) चिल्का क्षील

(ग) क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा राज्य


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
Tropic of Cancer
SCALE
Kms.0 2000 4000 6000 Kms.
1. Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.
© Government of India Copyright, 2011.
Publishers:-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
20082011


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 250 500 Kms.
© Government of India Copyright, 2017.

## PRACTICE PAPER-IV (हलरहित)

1. ''द सोशल कॉन्ट्रेक्ट'' (The Social Contract) नामक पुस्तक किसने लिखी थी ?

   (क) दाँते (ख) लॉक (ग) रूसो (घ) मार्क्स

2. फ्रांस में 'आंतक का काल' कहा जाता है –

   (क) 1789–90 (ख) 1791–92 (ग) 1793–94 (घ) 1795–96

3. निम्नलिखित में से कौन समाजवादी नहीं था ?

   (क) मॉन्तेस्क्यू (ख) रॉबर्ट ओवेन (ग) लुई ब्लांक (घ) इनमें से कोई नहीं

4. भारत की मानक याम्योत्तर गुजरती है –

   (क) उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से

   (ख) बिहार के मुजफ्फरपुर से

   (ग) मध्यप्रदेश के भोपाल से

   (घ) हरियाणा के रोहतक से

5. पाक जलसंधि स्थित है –

   (क) भारत और पाकिस्तान के बीच

   (ख) भारत और चीन के बीच

   (ग) भारत और श्रीलंका के बीच

   (घ) भारत और मालद्वीप के बीच

6. नर्मदा नदी का उद्गय कहाँ से है ?

   (क) सतपुड़ा (ख) अमरकंटक (ग) बह्मगिरी (घ) हिमालय

**प्रश्नसंख्या 7–12 में रिक्त स्थानों की पूति किजिए –**

7. ग्रीष्म ऋतु में उतरी मैदानों में बहने वाली पवन को ...................... कहते हैं।
8. धरातल पर एक विशिष्ट प्रकार की वनस्पति या प्राणी जीवन वाले विशाल पारिस्थितिक तंत्र को ................... कहते हैं।
9. प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले लोगों की संख्या को ......................... कहते हैं।
10. एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से ज्यादा फसल पैदा करने................. कहते हैं।
11. आधुनिक कृषि में बीजों का इस्तेमाल किया जाता है।
12. औजारों, मशीनों, भवनों इत्यादि को ............... पूँजी कहा जाता है।
13. निम्नलिखित में से कौन–सा देश लोकतांत्रिक नहीं है ?
14. निन्नलिखित में से कौन लोकतंत्र की विशेषता नहीं है ?

(क) प्रमुख फ़ैसले निर्वाचित नेताओं के हाथ में

(ख) चुनाव में धाँधली

(ग) एक व्यक्ति– एक वोट–एक मोल

(घ) कानून का राज

15. निम्नलिखित में से कौन सा कदम शिक्षा को प्रोत्साहित करने में सहायक है ?

(क) सर्व शिक्षा अभियान

(ख) दोपहर के भोजन की योजना

(ग) उपर्युक्त दोनो

(घ) इनमें से कोई नहीं।

16. 1928 में भारत का संविधान किसके नेतृत्व में लिखा गया था ?

(क) मोतीलाल नेहरू

(ख) जवाहर लाल नेहरू

(ग) महात्मा गाँधी

(घ) वल्लभ भाई पटेल

17. भारत का सर्वाधिक निर्धनता अनुपात वाला राज्य है –

(क) असम (ख) मध्य प्रदेश (ग) उत्तर प्रदेश (घ) बिहार

18. पालमपुर गाँव के अधिकांश छोटे किसान पूँजी की व्यवस्था के लिए किन पर निर्भर हैं ?

19. बफर स्टॉक से आप क्या समझते हैं ?

20. पालमपुर गाँव की किन्हीं दो गैर–कृषि क्रियाओं को लिखिए ।

## PART-B (खंड–ख)

21. 'भारतीय संविधान की प्रस्तावना को संविधान का दर्शन कहा जाता है।' स्पष्ट कीजिए।

22. आदर्श आचार संहिता क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

23. मानव पूँजी निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है ? व्याख्या कीजिए।

24. मानसून की वापसी की दशाओं का वर्णन कीजिए।

25. हिमालयी नदियों की किन्हीं तीन विशेषताएँ लिखिए।

26. फ्रांसीसी क्रांति दार्शनिकों के कारण हुई थी। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण बताइए।

27. नात्सी जर्मनी में महिलाओं के लिए अपेक्षित किन्हीं तीन भूमिकाओं को लिचिए।

28. बोलशेविकों ने अक्टूबर क्रांति के फौरन बाद कौन–कौन से प्रमुख परिवर्तन किए ? किन्हीं तीन बिन्दुओं को लिखिए।

29. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–2005 की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

30. खाद्य और संबंधित वस्तुओं को उपलब्ध कराने में सहकारी समितियों की भूमिका पर एक टिप्पणी लिखिए।

31. भारत के प्रधानमंत्री के प्रमुख अधिकारों एवं कार्यों को लिखिए।

32. भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की व्याख्या कीजिए।

33. भारत के उतरी मैदान का वर्णन कीजिए।

34. औपनिवेशिक काल में वन विनाश के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

औपनिवेशिक शासन के दौरान चरवाहों की ज़िदगी में कौन–कौन से बदलाव आए।

**वर्णन कीजिए।**

35. (1) विश्व के राजनीतिक मानचित्र में क, ख और ग तीन चिन्ह संकित किए गए है। इन चिन्हों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखा पर लिखिए ।

(क) वह देश जो प्रथम विश्वयुद्ध वे केंद्रिय शक्ति का भाग था –

(ख) वह देश जो द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्र का भाग था –

(ग) वह देश जिस पर नाज़ी जर्मनी ने कब्जा कर लिया था –

(2) भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शइए और नाम लिखिए।

(क) वह क्षेत्र जहाँ सालान 20सी.मी से कम वर्षा होती है।

(ग) कॉर्बेट नेशनल पार्क

(ख) भारत सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
SCALE
Kms 0 2000 4000 6000 Kms.
© Government of India Copyright, 2011.
B
C


INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 250 500 Kms.
1. Based upon Survey of India Map with the permission of the Surveyor General of India.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttarakhand, Bihar & Jharkhand, Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Governments concerned.
4. The boundary of Meghalaya shown on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas ( Reorganisation ) Act, 1971, but has yet to be verified.
5. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master copy certified by the Survey of India, Dehra Dun.
6. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh.
(Letter No.T.B. 991/62-A-3/213 Dated 5/5/2003 )
© Government of India Copyright, 2017.
Publishers :-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road, Delhi-110006.
E-mail: info@ibdmaphouse.com
Price :- ₹ 1 - 00

# Notes

# Notes